# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1963:** अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए।

**1978:** दुनिया की पहली आईवीएफ शिशु का ओल्डहैम शहर में जन्म।

**1994:** जॉर्डन और इजरायल के बीच 46 वर्ष से चल रहा युद्ध समाप्त।

**2007:** प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने भारत की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।


• बोकारो, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 69 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### हाथी ने युवक को कुचला, मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के बेलाडीह गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। एक युवक हाथी का वीडियो बना रहा था तभी हाथी ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद गुरुवार को मृतक के परिजनों ने कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग के तेतरोन चौक पर प्रदर्शन किया। वन विभाग ने आपदा राहत कोष से तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी। विभाग ने पोस्टमॉर्टम के बाद 3 लाख 75 हजार रुपए देने का आश्वासन भी दिया लेकिन परिजन इस राशि से संतुष्ट नहीं हैं।

### फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के गोरायनाला दास टोला में बीती रात एक युवक ने अपने घर में फांसी लगा सुसाइड कर लिया। इससे पहले युवक ने फ़ेसबुक पर पोस्ट किया और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतक के पिता ने भी बहू पर बेटे को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सुशांत दास के रूप में की गई। सुशांत प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था।

### बंद मकान से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में हदहदिया पुल के पास स्थित एक बंद मकान से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मकान के मालिक अधिवक्ता ललित झा को बुधवार की शाम मुहल्ले वालों ने सूचना दी कि उनके बंद मकान से तेज बदबू आ रही है। मकान मालिक ने पहले सोचा कि कोई जानवर होगा और अगली सुबह जांच करने का निर्णय लिया। अगले दिन जब वे मौके पर पहुंचे तो मकान का ताला तोड़कर अंदर जाने पर एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला।

### कांवरियों से भरी ऑटो पलटी, पांच जख्मी

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सरैयाहाट टोल प्लाजा के पास गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। बासुकीनाथ जा रही कांवरियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पांच कांवरिया जख्मी हो गए। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी कांवरियों में 29 वर्षीय रौशन कुमार, 30 वर्षीय राजा बाबू, 28 वर्षीय अंकुश कुमार, अभिषेक कुमार और 24 वर्षीय गोविंदा शामिल हैं। ये सभी बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चौड़ा दानों गांव के रहने वाले हैं।

### सफाईकर्मी की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर मुशहरी के पास करंट लगने से सफाईकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान मानोपुर मुशहरी टोला निवासी अशोक सदा(35) के तौर पर हुई है। वह मोख्तियारपुर पंचायत में सफाई कर्मी का काम करता था।

# सोलर एनर्जी से दमकेगा रांची रेलवे स्टेशन, हर रेलवे स्टेशन बनेगा आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अब रेलवे भी पर्यावरण की चिंता करने लगी है। इसका बड़ा उदाहरण रांची रेलवे स्टेशन है, जिसे भारतीय रेलवे इको-फ्रेंडली और ऊर्ज़ा कुशल स्टेशन के तौर पर विकसित करने में जुटा है। न सिर्फ स्टेशन की सुंदरता और सुविधा पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि अब इसकी ऊर्ज़ा जरूरतों को भी सौर ऊर्ज़ा से पूरा किया जाएगा। रांची मंडल के अंतर्गत 43 स्थानों पर सोलर पैनलों की स्थापना हो चुकी है और यह कवायद रांची स्टेशन समेत पूरे मंडल को ग्रीन जोन में तब्दील करने की दिशा में एक अहम पहल बन चुकी है। रांची स्टेशन की इमारतों की छतों पर शीघ्र ही सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे स्टेशन के भीतर बिजली की खपत-जैसे लाइटिंग, पंखे, कार्यालय के कंप्यूटर और अन्य उपकरण सौर ऊर्ज़ा से संचालित होंगे। न सिर्फ बिजली बिल में भारी बचत करेगा बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित करेगा। इस पहल को 'ग्रीन रेलवे मिशन' के तहत तेजी से अमल में लाया जा रहा है। रांची रेल मंडल के डीआरएम जस्मीत सिंह बिंद्रा ने इस पहल को भविष्य की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि हम रांची स्टेशन को सिर्फ आधुनिक नहीं बल्कि टिकाऊ भी बनाना चाहते हैं। स्वच्छ वातावरण और हरित ऊर्ज़ा के प्रयोग से यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके साथ ही स्टेशन को स्मार्ट बनाने की दिशा में वाटर रीसाइक्लिंग, वेस्ट मैनेजमेंट और एलईडी लाइटिंग जैसे अन्य उपाय भी किए जा रहे हैं। रांची मंडल में अब तक कुल 43 स्थानों पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। इनमें 27 रेलवे स्टेशन भवन, स्वास्थ्य




केंद्र, कार्यालय परिसर और अन्य प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। इन सौर संयंत्रों की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता लगभग 350 किलो वाट है, जो इन परिसरों की रोजमर्रा की बिजली की जरूरतों को काफी हद तक पूरा कर रहा है। इनमें से कई स्टेशन ऐसे हैं जो अब मुख्य रूप से सौर ऊर्ज़ा पर ही संचालित हो रहे हैं। सौर ऊर्ज़ा पैनल लगाने की प्रक्रिया जिन स्थानों पर पूरी हो चुकी है, उनमें प्रमुख हैं-हटिया, नामकुम, लोहरदगा, टाटीसिलवे, रामगढ़, गुंडा बिहार, सिल्ली, झालिदा, गोला रोड, बारलंगा, बालसिरिंग, नागजुआ, टांगरबसली, इटकी, पिस्का, बड़की चांपी, गंगाघाट, हरुबेरा, माएल, सुइसा, लातेमदा, किता और झिमरी। इन स्थानों पर पैनल से मिलने वाली ऊर्ज़ा से स्थानीय कार्यालयों, पंपों और रोशनी की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा चयनित 100 स्मार्ट स्टेशनों की सूची में रांची का नाम भी शामिल है। यह चयन इस आधार पर किया गया है कि रांची स्टेशन को किस हद तक हरित ऊर्ज़ा, स्वच्छता, डिजिटलीकरण और यात्री सुविधा से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत रांची स्टेशन के वेटिंग एरिया, गार्डन, शौचालय और पीने के पानी की सुविधाएं भी सुधारी जा रही हैं। साथ ही स्टेशन परिसर की दृश्य सुंदरता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे की मंशा सिर्फ बड़े स्टेशनों को नहीं बल्कि छोटे स्टेशनों और कार्यालयों को भी ऊर्ज़ा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इसका उदाहरण है लोहरदगा जैसे ग्रामीण क्षेत्र के स्टेशन, जहां पहले बिजली की खपत ज्यादा और सप्लाई अनियमित थी लेकिन अब सौर ऊर्ज़ा से वहां का संचालन सुचारू और सस्ता हो गया है। रांची रेलवे स्टेशन की हरित दिशा में बढ़ती यह पहल भविष्य की रेल सेवाओं के लिए आदर्श बन सकती है। सौर ऊर्ज़ा के इस व्यापक प्रयोग से न सिर्फ रेलवे की लागत घटेगी बल्कि जलवायु संकट के दौर में पर्यावरण को राहत भी मिलेगी। रांची मंडल का यह कदम आने वाले वर्षों में पूरे देश के लिए उदाहरण बन सकता है, जहां रेलवे सिर्फ एक परिवहन व्यवस्था नहीं बल्कि एक पर्यावरण योद्धा की भूमिका निभा रही होगी।

**सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 21 फैसलों पर लगायी मुहर**

# उग्रवादी घटना या सीमा पर शहीद होने वाले जवानों के आश्रितों को मिलेगी सरकारी नौकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 21 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें पहले प्रस्ताव में उग्रवादी घटनाओं अथवा देश की सीमा की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले जवानों के आश्रितों को विशेष अनुग्रह अनुदान और अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने की मंजूरी दी गयी। अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लिनिक करने का फैसला किया गया है। वहीं भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का मार्च, 2023 को समाप्त हुए अवधि के लिए प्रतिवेदन, झारखंड सरकार, वर्ष 2025 की प्रतिवेदन संख्या-3 (निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा-सिविल) को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में पेश करने की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट की बैठक में 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभों की गणना के लिए काल्पनिक वेतनवृद्धि मान्य करने के संबंध में निर्गत संकल्प संख्या- 781, दिनांक-16.03.2024 को निरस्त करते हुए वेतनवृद्धि मान्य करने की स्वीकृति दी गयी। वहीं 'झारखंड वित्त (अंकेक्षण एवं लेखा) सेवा नियमावली-2025' की



स्वीकृति दी गयी। बैठक में डॉ कुमारी रेखा, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी, जमशेदपुर एवं डॉ रीना कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल, बोकारो एवं डॉ वीणा कुमारी एम, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसमार, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेअ ने डालटनगंज न्यायमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत दर्ज वादों के त्वरित विचारण हेतु विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी। वहीं झारखंड राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (गृह रक्षा वाहिनी) उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 गठन के उपरांत पुलिस के पूर्व से प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने, भविष्य की नियुक्ति में पूर्व के आवेदकों को शुल्क भुगतान की छूट, सभी कोटि के आवेदकों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट एवं अन्य बिंदुओं पर निर्णय लिये जाने की स्वीकृति दी गयी। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू सहायक शिक्षकों के पूर्व से सृजित 3712 पदों का प्रत्यर्पण करते हुए प्रथम चरण में उर्दू के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3287 पद तथा मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद कुल 4,339 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा राज्य के सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को न्यायालय द्वारा आहूत (सम्मन) के क्रम में साक्ष्य देने के लिए की गयी यात्रा पर व्यय की प्रतिपूर्ति एवं राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने के निमित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2025 की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।

# घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया पंचायत के पंचायत सचिव संतोष कुमार को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने 3500 रुपये घूस लेते रंगे हाथों धर-दबोचा है। एसीबी की टीम ने आज गुरुवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय परिसर से पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया। टीम पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर दुमका स्थित कार्यालय ले गयी है। सुनील मालतो के शिकायत पर उक्त कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार की ओर से जनमन आवास योजना के तहत सुनील मालतो को आवास की स्वीकृति मिली थी। लाभुक को योजना के तहत प्रथम किस्त भी मिल चुका था। शेष भुगतान के लिए जियो टैग करने के नाम पर पंचायत सचिव ने 7500 रुपये घूस की मांग की थी, जिसके बाद सुनील मालतो ने मामले की शिकायत एसीबी दुमका से किया। शिकायत पर एक्शन लेते हुए एसीबी कि टीम ने आज गुरुवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय के समीप छापामारी करते हुए पंचायत सचिव संतोष कुमार को 3500 रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बरहेट बरमसिया पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव संतोष कुमार मूल रूप से साहिबगंज जिले के बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 रतनपुर के रहने वाले हैं। एसीबी की कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र के मयूरकोला पंचायत के बधईटांड़ गांव में वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। महिलाओं की पहचान बधईटांड़ गांव निवासी बीशु घोष की पत्नी मानती देवी (55) एवं फुलचुआ गांव निवासी गोला घोष की पत्नी उर्मिला देवी (35) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं बधईटांड़ गांव के समीप स्थित एक पोखर में नहाने गयी थी। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिलाओं को आनन-फानन में इलाज के सदर अस्पताल पाकुड़ ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच कर दोनों महिलाओं को मृत घोषित कर दिया।

# गुरुजी की सेहत में धीरे-धीरे हो रहा सुधार : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत अब कैसी है। उनके पुत्र और झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद इसका अपडेट दिया है। झारखंड कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों को उन्होंने बताया कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता शिबू सोरेन की तबीयत अभी कैसी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि सबकी कोशिश है कि गुरुजी ठीक हो जायें। सबकी दुआएं उनके साथ हैं। गुरुजी ने कई जंग जीती है। ये जंग भी वे जीतेंगे। हालांकि, अभी गुरुजी डॉक्टर की निगरानी में हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। लगता है अभी थोड़ा वक्त लगेगा। इसी महीने दिशोम गुरु शिबू सोरेन रूटीन चेकअप के लिए नयी दिल्ली गये थे। रूटीन चेकअप के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। इसके बाद उनकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गयी। हालांकि, बाद में उनकी तबीयत में सुधार हुआ। हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मीडिया को बताया था कि गुरुजी की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। कुछ दिनों में वह ठीक हो जायेंगे, ऐसी उम्मीद है। दूसरी तरफ, झारखंड के कोने-कोने में दिशोम गुरु के समर्थकों ने उनकी सलामती के लिए पूजा-पाठ की।

# पूर्व सीएम रघुवर दास को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को अब डॉ. रघुवर दास के नाम से जाना जाएगा। उन्हें यह मानद डॉक्टरेट उपाधि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने प्रदान की। यह सम्मान पलामू के विश्रामपुर में रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान दिया गया। इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दीक्षांत समारोह में रघुवर दास ने विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक विकास में विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना की। समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भरता और नैतिकता पर जोर दिया। मीडिया से बातचीत में रघुवर दास ने बिहार के विपक्षी नेता तेजस्वी यादव के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर दिए गए बयान पर टिप्पणी की। तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बहिष्कार की संभावना पर गठबंधन दलों से चर्चा की बात कही थी। इस पर दास ने कहा




कि कोई कितना भी गुमराह करने की कोशिश करे, जनता भटकने वाली नहीं है। जनता को अपने मताधिकार का उपयोग देश और राज्य के हित में करना चाहिए। ऐसी सरकार चुननी चाहिए जो जनता के लिए काम करे। रघुवर दास ने एआइएमआइएम के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के कांवड़ यात्रियों के खिलाफ दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की। शौकत अली ने कहा था कि कांवड़ियों को जेल में होना चाहिए। इस पर दास ने कहा कि ऐसे उन्मादी बयानों से जनता गुमराह नहीं होगी। यह सनातन धर्म और आस्था का सवाल है। जनता ऐसे बयानों को समझती है और इनका जवाब देती है। बाघमारा में हाल की हिंसा पर रघुवर दास ने झारखंड सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार की कमजोरी है। ऐसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को पहले से सचेत रहना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से इस तरह के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चयन के सवाल पर रघुवर दास ने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा कि भाजपा में पद मांगा नहीं जाता, पद मिलता है। उन्होंने इस मुद्दे पर ज्यादा टिप्पणी करने से परहेज किया। दीक्षांत समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। स्थानीय प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# डोमिसाइल आंदोलन के महानायकों का बलिदान आज भी अधूरा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे रांची के मेकॉन स्थित त्रिमूर्ति चौक और शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का आयोजन डोमिसाइल शहीद स्मारक समिति द्वारा किया गया था। मंत्री शिल्पी ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड के लिए 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति आंदोलन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई 2002 को इसी स्थान पर संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर ने अपनी शहादत दी थी। यह केवल एक आंदोलन नहीं था, बल्कि राज्य की



अस्मिता और अधिकारों के लिए दिया गया बलिदान था। इस आंदोलन से उनका भावनात्मक जुड़ाव भी रहा है। शिल्पी ने कहा कि डोमिसाइल आंदोलन के महानायकों का बलिदान आज भी अधूरा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा, लेकिन अब तक राजभवन की ओर से इस पर कोई गंभीर पहल नहीं हुई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन लोगों ने अपनी जान देकर झारखंडवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी, उनके परिजनों को आज भी न्याय नहीं मिला। सभा में मंत्री ने आश्वस्त किया कि डोमिसाइल आंदोलन में शहीद हुए युवाओं को शहीद का दर्ज़ा देने तथा उनके परिजनों को सरकारी सुविधाएं प्रदान करने की मांग को वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखेंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि संवेदनशील सरकार इस मांग को गंभीरता से लेगी और उचित निर्णय लेगी। इस मौके पर शहीद स्मारक समिति के सदस्य संजय तिग्गा, बेलस तिर्की, शिवा कच्छप, जगदीश लोहरा, दीपू सिन्हा और जलील अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आंदोलन के शहीदों को नमन किया और उनके सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


**FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT**

**DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY**

**GLOBAL VISION**

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

### तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार के सवाल पर चर्चा करने की बात कहकर नया शिगूफा छेड़ दिया है

# सीएम पद के सर्वे में सबसे आगे, फिर चुनाव मैदान छोड़ने की बात क्यों करने लगे तेजस्वी यादव?



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कई सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे चल रहे राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के घोषित और विपक्षी महागठबंधन के अघोषित सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार के सवाल पर चर्चा करने की बात कहकर नया शिगूफा छेड़ दिया है। कई सर्वे रिपोर्ट में सीएम पद की पसंद में तेजस्वी 35 परसेंट से ऊपर चल रहे हैं, जबकि नीतीश कुमार 20 प्रतिशत से नीचे चल रहे हैं। सर्वे में लोगों ने चिराग पासवान और सम्राट चौधरी को भी सीएम पद के लिए वोट किया है, जो सी-वोटर के मुताबिक अंततः एनडीए के साथ ही रहेंगे और उस हिसाब से नीतीश का कुल वजन तेजस्वी पर भारी है। चुनाव प्रबंधन के गुरु प्रशांत किशोर भी सर्वे में दिख रहे हैं और एक बार तो नीतीश से आगे निकल गए थे।

चुनावी सर्वेक्षण वोटर का मिजाज मापने के साथ-साथ माहौल बनाने का भी हथियार बन चुके हैं। सर्वे में आगे चल रहे तेजस्वी का एक समाचार एजेंसी के चुनाव बहिष्कार के सवाल पर चर्चा कर सकते हैं कहना, राजद के गेमप्लान का हिस्सा भी हो सकता है। पत्रकार का सवाल था- विपक्ष एक तरीके से इस पर भी आपस में बातचीत कर सकता है कि चुनाव का आपलोग बॉयकॉट कर दें कि भाई अपना खुद से लड़ो, और जो करना है करो। सवाल वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण से जुड़ा है। विपक्ष वोटर लिस्ट इन्टेन्सिव रिवीजन के विरोध में कह रहा है कि जो 11 कागज मांगे गए हैं, वो बहुत लोगों के पास नहीं हैं। विपक्ष इसे सरकार विरोधी मतदाताओं का नाम काटने की साजिश और चुनाव आयोग को भाजपा का एजेंट भी बता रहा है।

तेजस्वी यादव ने जवाब में कहा- हो सकता है। इस बात पर भी चर्चा हो सकती है। वो हम लोग देखेंगे कि जनता क्या चाहती है और सब लोगों का क्या राय है। अगर ऐसा करना पड़े। जब आप बेईमानी से सब कुछ तैयार कर रखे हैं कि इसको इतना सीट देना है, उसको इतना सीट देना है तो चुनाव ही मत कराओ। तो इसमें देखा जाएगा कि क्या करना है। तेजस्वी के पास विकल्प था कि वो जनता के बीच जाकर तमाम साजिशों से लड़ने जैसी बातें करते। लेकिन वोट बॉयकॉट के विकल्प पर चर्चा तक की संभावना को सिरे से खारिज नहीं करके तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के वोटर और समर्थक को निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार रहने का संदेश दिया है।

वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर चुनाव आयोग ने बुधवार की शाम कहा है कि उसने 98 फीसदी मतदाताओं को कवर कर लिया है। आयोग का कहना है कि लगभग 55 लाख वोटर के नाम कट सकते हैं, जिनमें 20 लाख लोग मर चुके हैं, 28 लाख लोग किसी और राज्य में बस गए हैं और 7 लाख लोग एक से ज्यादा जगह की वोटर लिस्ट में पाए गए थे। 15 लाख वोटर हैं, जिनका फॉर्म अभी तक वापस नहीं आया है। आयोग 1 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी करेगा, जिस पर 1 सितंबर तक आपत्ति और दावे लिए जाएंगे। वोटर इस दौरान भी नाम जोड़ने की प्रक्रिया से जुड़ सकता है।



## सारण में मतदाता सूची अपडेट का काम तेज :28.31 लाख लोगों का विवरण डिजिटल फॉर्म में दर्ज

**एकमा, सारण, एजेंसी।** सारण में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का काम चल रहा है। जिले में कुल 31.34 लाख मतदाताओं में से 28.31 लाख लोगों का विवरण डिजिटल फॉर्म में अपलोड हो चुका है। यह कुल मतदाताओं का 90.36 प्रतिशत है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अमन समीर इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देश पर 3039 बीएलओ, 9117 वॉलंटियर और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं। प्रत्येक बीएलओ को 6683 मतदाताओं तक पहुंचना है। अब तक 57,336 लोगों से संपर्क किया गया है। 383 बीएलओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया है। अभियान में अब तक 14,383 दोहरे मतदाता और 24,605 अनुपयुक्त मतदाता चिह्नित हुए हैं। 336 स्थानांतरित मतदाताओं और 605 अन्य मामलों में कार्रवाई चल रही है। 921 गणना फॉर्म अभी बाकी हैं।

### राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं

जिलाधिकारी ने कहा है कि मतदाता सूची का अद्यतन निष्पक्ष तरीके से होगा। राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो नागरिक अभी तक सूची में नहीं जुड़े हैं, वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। यह अभियान आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए चलाया जा रहा है। इससे कोई भी योग्य मतदाता वोट के अधिकार से वंचित न रहे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार के लिए नागरिक अपने बूथ स्तर अधिकारी से मिल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान कार्ड की प्रगति जानी : दरभंगा के हायाघाट में डीएम-सीएमओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से ली बैठक



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के हायाघाट प्रखंड मुख्यालय में आयुष्मान भारत कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी और जिला चिकित्सा पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक का नेतृत्व किया। हायाघाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी बैठक में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आयुष्मान भारत कार्ड के लक्ष्य और उपलब्धियों का जायजा लिया। स्वास्थ्य कर्मियों से कार्ड निर्माण की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने स्वास्थ्य कर्मियों को आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश दिए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इससे क्षेत्र के निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित होगा।

### करंडे थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान : 3 घंटे तक चली कार्रवाई में हेलमेट, लाइसेंस और कागजात की जांच



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार शाम विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चला। जिले के चेवाड़ा, करंडे सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। करंडे थाना क्षेत्र में चौक-चौराहों, शेखपुरा-सिकंदरा मुख्य मार्ग और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात कर वाहन को जांच किया। पुलिस ने वाहन चालकों के हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। साथ ही वाहनों के कागजात और नशे में वाहन चलाने की भी जांच की गई। करंडे थाना प्रभारी विनय कुमार ने संवेदनशील स्थलों पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। बिना वैध कागजात वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और जरूरी दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

### भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर समेत 2 लोगो को दौड़ा-दौड़ा कर मारी गोली

**भोजपुर , एजेंसी।** भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और उसके दोस्त को गोली मार दी। दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। इंजीनियर के कमर में गोली लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। बता दे कि कुल 10 राउंड फायरिंग हुई है। विरोध में बीच सड़क पर शव रखकर लोगों ने जाम कर दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान पवना पवार गांव निवासी अवधेश कुमार के पुत्र धर्मेंद्र कुमार (32) के तौर पर हुई है।



## दरभंगा में बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका: आज लगेगा जॉब कैंप

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में 25 जुलाई को जॉब कैंप लगेगा। बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की ओर से 25 जुलाई को लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कैंप विश्वविद्यालय नियोजन सूचना और मार्गदर्शन केंद्र, के जरिए आयोजित होगा। नियोजन पदाधिकारी निशांत रंजन ने जानकारी दी है। इन्होंने बताया कि कैंप संयुक्त श्रम भवन, लहेरियासराय (रामनगर आईटीआई के पास) में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

जॉब कैम्प में निजी कंपनी की ओर से कुल 30 पदों पर बहाली की जाएगी। इसके लिए 10वीं पास या उससे ऊपर की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। उम्र सीमा 18 से 35 साल तय की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 12,500 रुपए मासिक वेतन के साथ अन्य भत्ते भी दिए जाएंगे। बहाली के बाद अभ्यर्थियों को पूरे बिहार में कहीं भी रोजगार दिया जा सकता है।

### बायो डेटा लेकर आना जरुरी

जॉब कैम्प में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी भारत सरकार के एनसीएसपोर्टल पर स्वयं या नियोजनालय आकर निबंधन करा सकते हैं। कैम्प में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपना बायो डेटा, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रंगीन फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रति साथ लानी होगी। यह जॉब कैम्प पूरी तरह मुफ्त है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

# बिहार चुनाव के बहिष्कार की बात लोकतंत्र का अपमान

### हार छिपाने के लिए बोल रहे तेजस्वी यादव: भाजपा नेता नीरज कुमार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट सत्यापन पर विवाद जारी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण पर विपक्ष चुनाव बहिष्कार का निर्णय ले सकता है। अब इसपर बीजेपी की भी प्रतिक्रिया आई है। बीजेपी के नेता नीरज कुमार ने कहा है कि तेजस्वी यादव अपनी हार की आशंका को छिपाने के लिए इस तरह का बयान दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता नीरज कुमार ने एक्स पर लिखा, तेजस्वी यादव का चुनाव बहिष्कार का बयान न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह बिहार की जनता और लोकतंत्र के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है ,यह लोकतंत्र को अपमानित करने वाला बयान है। यह लोग हाथ में संविधान की कॉपी लेकर जरूर चलते हैं लेकिन संविधान और लोकतंत्र के प्रति उनके मन में थोड़ा भी सम्मान नहीं है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना है, जिसमें मृत, प्रवासी, या डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाकर वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की जा रही है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, और इसकी कार्यप्रणाली पर बेबुनियाद आरोप लगाना राजद की हताशा और हार के डर को दर्शाता है। तेजस्वी यादव का यह दावा कि मतदाता सूची में हेरफेर किया जा रहा है, पूरी तरह से निराधार है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि 56 लाख नामों को हटाने की प्रक्रिया में 20 लाख मृत मतदाता, 28 लाख स्थायी रूप से प्रवासित, 7 लाख डुप्लिकेट, और 1 लाख अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। यह प्रक्रिया जनवरी 2025 से चल रही है, और इसमें संशोधन के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। यदि राजद को कोई वास्तविक शिकायत है, तो उन्हें इसके सबूत पेश करने चाहिए, न कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले बयान देने चाहिए।

हम बिहार की जनता से अपील करते हैं कि वे राजद की इस नकारात्मक राजनीति को नजरअंदाज करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें। भाजपा-जदयू गठबंधन निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है, और हम सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहे। तेजस्वी यादव को अपनी हार की आशंका को छिपाने के लिए इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के बजाय, जनता के बीच जाकर अपनी नीतियों और उपलब्धियों पर चर्चा करनी चाहिए।

### एसआईआर पर क्या बोले तेजस्वी यादव

आपको बता दें कि मतदाता सत्यापन के मसले पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में विपक्ष चुनाव बहिष्कार का निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि हम इसपर विचार करेंगे। देखेंगे कि सभी लोगों की राय क्या बनती है। बुधवार शाम अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बेईमानी से यह तय कर ली गई है कि इसे इतनी सीट देनी है, उसे इतनी, तो चुनाव कराएं न कराएं। भाजपा को ही विस्तार दे देना चाहिए। बिहार में चुनाव होना है और अचानक से इतना बड़ा ड्राइव चला दिया गया। लोगों में भ्रम है। बीएलओ लोगों के घर नहीं जा रहे हैं। खुद ही फॉर्म भर दे रहे हैं। चुनाव आयोग सामने आकर कोई बयान नहीं दे रहा है। मजबूरी में हमें अदालत का सहारा लेना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। पहले वोटर सरकार चुनते थे। अब सरकार वोटर चुन रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सदन इस बात के लिए होता है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी बातें रखें और उसपर चर्चा हो।

# यह लोकतंत्र है, हम अंग्रेजों से लड़ाई नहीं लड़ रहे

### जनसुराज के प्रदर्शन पर पुष्पम प्रिया चौधरी ने पीके को घेरा, बोलीं- संयम बरतना जरूरी है



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में द प्लुरल्स पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी के पिता प्रो. विनोद कुमार चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता समेत हजारों लोग शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर अपनी राय रथी। साथ ही जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर जमकर हमला बोला। पटना में बुधवार को विधानसभा घेरने जा रहे जनसुराज कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस मुद्दे पर पुष्पम प्रिया चौधरी ने कहा, सभी को अपनी मर्यादा में रहकर काम करना चाहिए। यह लोकतंत्र है, हम अंग्रेजों से लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं।

उपद्रव की जरूरत नहीं है। जो खुद को पढ़ा-लिखा नेता बताते हैं, उन्हें ऐसी हरकतों से बचना चाहिए। सरकार की भी जिम्मेदारी है कि लाठीचार्ज जैसी घटनाओं से बचा जाए। यह लोकतंत्र है, अंग्रेजों का शासन नहीं कि लाठीचार्ज से समस्या का समाधान निकाला जाए।

बिहार की छवि पहले से ही खराब हो चुकी है। ऐसे में कोई भी ऐसा माहौल न बनाए जिससे और बदनामी हो। अगर पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो यह भी गलत है। पहले समझाने की कोशिश होनी चाहिए। लाठीचार्ज लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, दोनों तरफ से संयम बरतना जरूरी है।

# विपक्ष ने ही मतदाता सूची में विसंगति का मुद्दा उठाया था अब इसका विरोध कर रहे: चिराग पासवान



**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के रुख का समर्थन किया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव बाद विपक्ष ने ही मतदाता सूची में विसंगति का मुद्दा उठाया था। अब जब इस पर ध्यान दिया जा रहा है तो वही विपक्ष इसका विरोध कर रहे हैं। चित भी उनकी और पट भी उनकी, यह दोनों नहीं चलेगा। चिराग ने कहा कि बूथ कैप्चरिंग और फर्जी वोटिंग विपक्षी दलों की राजनीति का अभिन्न हिस्सा रही है। चुनावों में जनता का विश्वास, पारदर्शिता और निष्पक्षता उन्हें रास नहीं आती। अगर ईमानदारी से मुकाबला हुआ, तो जनता उन्हें पूरी तरह नकार देगी। उन्होंने कहा कि आज नहीं तो कल, यह प्रक्रिया अपनाई ही जानी थी। राजनीतिक दलों को अपने बीएलए के माध्यम से आयोग को सहयोगकरनाचाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल हर चुनाव के बाद मतदाता सूची में अनियमितताओं की शिकायत करते रहे हैं। विपक्षी दल वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर बिहार के मतदाताओं को भयभीत करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कोई नई बात नहीं है। चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि विपक्ष मतदाताओं को डराकर वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। चिराग ने कहा कि यदि विपक्ष को इतनी ही चिंता है, तो उन्हें संसद की कार्यवाही को चलने देना चाहिए और एसआईआर मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए।

# एसकेएमसीएच में मरीज की मौत के बाद बवाल, परिजनों ने डॉक्टर को पीटा

### महिला डॉक्टर से भी बदसलूकी, दूसरे मरीज की भी गई जान





**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एसकेएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर ऑन ड्यूटी डॉक्टर की पिटाई कर दी। मारपीट में डॉ. गणेश पासवान का ओंठ फट गया। नाक से खून निकलने लगा। उन्हें कमरे में बंद कर दिया। एक महिला इंटर्न डॉक्टर के साथ भी बदसलूकी की गई है। हंगामे के चलते समय पर इलाज नहीं मिलने से एक अन्य मरीज की मौत हो गई।

### मेडिकल स्टूडेंट्स ने आरोपियों को पीटा

मारपीट की सूचना मिलते ही आक्रोशित एमबीबीएस स्टूडेंट और डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए। अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गई। मेडिकल स्टूडेंट्स ने आरोपियों को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने लाठी चला दिया। जिसमें मृतक रघुनाथ सिंह (70) की बहू का सिर फट गया।

### डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग

बवाल की सूचना पर एसडीपीओ-2 बिनीता सिन्हा, अहियापुर थानेदार रोहन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर तक इमरजेंसी वार्ड का बाहरी परिसर रणक्षेत्र में तब्दील रहा। आक्रोशित डॉक्टर्स सुरक्षा की मांग करते हुए इमरजेंसी में इलाज ठप करा दिया। स्वास्थ्य प्रबंधक मो.सोहेल के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही ही है। साथ ही सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा है।

**इलाज में लापरवाही के कारण हुई मौत :** मारपीट में घायल मृतक रघुनाथ सिंह(70) की बहू ने बताया, बुधवार को मेरे ससुर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। शाम 7 बजे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। पहले डॉक्टरों ने एक्स-रे कराने को कहा। एक्स-रे कराने के बाद एडमिट करने से मना कर दिया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने कहा कि मरीज ठीक हैं, इन्हें घर लेकर जाइए। जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी के बाहर कुर्सी पर बैठा दिया। रात करीब आठ बजे के करीब उनकी मौत हो गई। पूछने पर डॉक्टर और स्टाफ ने हमलोगों की पिटाई कर दी। गार्ड ने डंडे से मेरे सिर पर मारा।

### कोई लापरवाही नहीं हुई है

वहीं, डॉ. गणेश पासवान ने कहा कि मैं ड्यूटी पर मौजूद था। अचानक एक महिला आकर गाली-गलौज करने लगी। मेरे ऊपर चप्पल फेंक दिया। साथ आए परिजन हंगामा और मारपीट करने लगे। जिसके बाद गार्ड ने सभी को बाहर निकाला। अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

### इलाज नहीं मिलने पर मरीज की मौत

बवाल के समय सड़क हादसे में घायल खरहर गोसाईपुर के कमल सहनी को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे। हंगामा के कारण उनका इलाज नहीं हुआ, जिस कारण उनकी भी मौत हो गई। परिजन ने कहा कि पैसा रहता तो निजी अस्पताल में ले जाते, लेकिन पैसे के अभाव में यहां लाए थे। हंगामे के चलते उनकी मौत हो गई। इस दौरान चार भर्ती मरीजों को परिजन एसकेएमसीएच से निजी अस्पताल लेकर चले गए।

## संक्षिप्त समाचार

### 22 सितंबर से नवरात्र, वैष्णोदेवी, विंध्याचल और मैहर की ट्रेनों में बुकिंग खुलते ही सीटें फुल

**धनबाद, एजेंसी।** दुर्गापूजा की छुट्टियों के दौरान तीर्थ स्थलों के साथ पर्वतीय स्थल और सागर तटों पर जानेवाली ट्रेनों में तेजी से टिकट बुक हो रहे हैं। 22 सितंबर से नवरात्र शुरू होनेवाली है। 60 दिन पहले अग्रिम आरक्षण शुरू होते ही वैष्णोदेवी, विंध्याचल व मैहर की ट्रेनें लगभग फुल हो गई हैं। यही हाल मुंबई, गोवा, चेन्नई और राजस्थान जानेवाली ट्रेनों का है। ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंगलिस्ट है या फिर गिनती की सीटें बची हैं। धनबाद से गुजरने वाली ट्रेनों के साथ धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस में भी बुकिंग की रफ्तार सुपरफास्ट है। इस ट्रेन में भी 95 प्रतिशत सीटें भर गई हैं। इस बार दशहरा, दिवाली व छठ जैसे तीनों बड़े पर्व-त्योहार अक्टूबर माह में ही हैं। माह की शुरुआत में ही दशहरा है तो वहीं दूसरे पखवाड़े में दिवाली व छठ हैं। अक्टूबर की बुकिंग अभी शुरू नहीं हुई है। अग्रिम आरक्षण शुरू होते ही बुकिंग के लिए मारामारी शुरू होगी। टिकट मिलना मुश्किल होगा। धनबाद से जम्मू, धनबाद से चंडीगढ़, धनबाद से लोकमान्य तिलक मुंबई, धनबाद से कोयंबटूर, धनबाद से उधना सूरत, धनबाद से यशवंतपुर बेंगलुरु की स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को त्योहारी सीजन में राहत देंगी। इनके साथ ही धनबाद से भोपाल व गोरखपुर के लिए भी नई ट्रेनों की संभावना तलाशी जा रही हैं। नई ट्रेनों के चलने के साथ ही धनबाद से जम्मू, धनबाद से चंडीगढ़ व धनबाद से लोकमान्य तिलक जैसी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ने की भी प्रतीक्षा है।

### भगवान शिव हैं ब्रह्मांड के मूल और सभी अस्तित्व का आधार : पंडित प्रमोद

**गिरीडीह, एजेंसी।** हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार चातुर्मास में संसार का पालन भगवान शिव के हाथों रहता है। वह स्वयं जटाजुट भभूत लगाये तपस्वी के वश में रहकर चराचर जगत के सभी जीव जंतुओं पर अपना आशीर्वाद बनाये रखते हैं। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार चातुर्मास में संसार का पालन भगवान शिव के हाथों रहता है। वह स्वयं जटाजुट भभूत लगाये तपस्वी के वश में रहकर चराचर जगत के सभी जीव जंतुओं पर अपना आशीर्वाद बनाये रखते हैं। उक्त बातें काली मंडा रोड स्थित सनातन मंदिर में आयोजित प्रवचन में पंडित प्रमोद कुमार ने कही। कहा कि जिस व्यक्ति ने शिव तत्व को समझ लिया, भगवान भोलेनाथ उनके सारे मनोरथ पूरा करते हैं। शिव तत्व को हिंदू धर्म के लिए महत्वपूर्ण बताया। कहा कि यह ब्रह्मांड के मूल और सभी अस्तित्व का आधार है। इसका अनुभव ध्यान, योग, गुरु के मार्गदर्शन, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलकर किया जा सकता है। एक योग्य गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त करना शिव तत्व को समझने और अनुभव करने में सहायक हो सकता है। बताया कि शिव को प्राप्त करने के लिए श्रावण मास उत्तम मास होता है। यही कारण है कि इस महीने में शिव के भक्त सात्विक आहार करते हैं, संयम से रहते हैं, उनमें भक्ति की बयार उमड़ पड़ती है। भगवान शिव को मृत्युंजय भी कहा जाता है। सावन मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना तथा अभिषेक करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। शिव तत्व ब्रह्मांड का सार है, जिससे सब कुछ उत्पन्न होता है तथा सभी उसी में समाहित हो जाता है। सनातन मंदिर के अध्यक्ष अमित जुनेजा ने बताया कि सावन मास में 30 दिनों तक शिवमंदिर में रुद्राभिषेक और शाम में प्रवचन होता है।

### पुलिस ने किया देह व्यापार का भंडाफोड़, मकान मालिक सहित 3 गिरफ्तार

**गुमला, एजेंसी।** गुमला से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां गुमला थाना की पुलिस ने शहर में देह व्यापार से जुड़ें मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार महेंद्र कुमार करमाली ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई हुई। जानकारी के अनुसार, थानेदार ने कहा कि बीती रात महिला थानेदार अंकिता कुमारी साहू द्वारा सदर थाना क्षेत्र के लालडीपा स्थित अनिल किंडो के घर पर अवैध देह व्यापार कराये जाने की सूचना मिली। इसके बाद छापेमारी एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में महिला पुलिस के साथ पहुंचने पर सोसो जोड़ाडाड़ लालडीपा स्थित अनिल किंडो के घर पर बाहर एक महिला को कमरे के बाहर पाया गया। इसके बाद पुलिस ने घर पर छापामारी की। घर की तलाशी लेने पर एक 34 वर्षीय पुरुष और 28 साल व 40 साल की दो अन्य महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में कम कपड़े के साथ पाये गये। हालांकि, इस दौरान एक अन्य पुरुष मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक चीजें, हंटर बियर के खाली बोतल और आरएस शराब की बोतल के अलावा 12 हजार 950 रुपये कैश जब्त किया है। इधर, पुलिस की पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि करीब एक माह से इस घर में देह व्यापार का काम चल रहा था। एक महिला ने जानकारी दी कि अनिल किंडो द्वारा उन्हें देह व्यापार करने के बदले कैश दिया जाता था। तय रेट के अनुसार ग्राहक को सेवा देते थे। वहीं, गिरफ्तार अनिल किंडो से पूछताछ करने पर पता चला कि एक अन्य महिला के साथ मिलकर दोनों लड़की मंगवाते थे।

# अवैध उत्खनन स्थल पर पहुंचे जेडीयू विधायक सरयू राय, कहा- सीबीआई, ईडी करे जांच

**धनबाद, एजेंसी।** जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के जमुनिया में अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से कई मजदूर दब गए। घटना की जानकारी मिलने पर जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू राय और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने अवैध उत्खनन वाली जगह का मुआयना किया।

जेडीयू विधायक सरयू राय ने पूरे मामले को लेकर भारत सरकार से सीबीआई और ईडी द्वारा जांच की मांग की है। इसके साथ ही राज्य सरकार से घटना की एसीबी जांच की मांग की है। निरीक्षण के दौरान मौके पर एक कुआंनुमा जगह पाई गई। जिसमें बांस और बल्ली लगे हुए थे। उसे प्लास्टिक से ढका गया था। इसके ठीक बगल में भी अवैध उत्खनन स्थल देखा गया। जिसे तत्काल भरा गया है। घटनास्थल पर चप्पल, टोकरी, बर्तन, पानी की बोतल भी मिली है।

**रात में ही मिल गई थी मामले की जानकारी : सरयू राय :** विधायक सरयू राय ने कहा कि मुझे रात में ही सूचना मिली थी कि अवैध खनन के दौरान चाल धंसी है। जिसमें करीब 15 मजदूर दबे हैं। इस बात की तत्काल जानकारी, धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार को दी। जिस पर एसएसपी ने मामले को देखने की बात कहीं। विधायक ने कहा कि इस हादसे के लिए भारत सरकार की बीसीसीएल और सीआईएसएफ के अलावा स्थानीय जिला प्रशासन जिम्मेदार है। सरयू राय ने इस मामले में ट्वीट किया है।



**सशस्त्र दस्ते के दम पर हो रहा है अवैध खनन :** सरयू राय ने बताया कि अवैध खनन करने वाले, अपना एक सशस्त्र दस्ता बन चुके हैं। यह सशस्त्र दस्ता बाहर से अवैध उत्खनन क्षेत्र की पहरेदारी करता है। मीडिया अगर ऐसे मामलों पर कवरेज करने जाती है तो उन्हें भी हथियार के दम पर रोक दिया जाता है। क्योंकि मीडिया आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाती है।

**शासन और प्रशासन की मिलीभगत :** विधायक सरयू राय ने कहा कि अवैध कोयले के उत्खनन के लिए, बाहर से मजदूरों को लाया जाता है। उनके परिवारों को यह पता नहीं होता कि उनका आदमी काम करने के लिए कहां गया है? शासन और प्रशासन की मिलीभगत से इसी तरह से अवैध उत्खनन चलते रहे तो हमारे जैसे लोग मामला उठाते रहेंगे। क्योंकि इस पर अंकुश लगाना जरुरी है। उन्होंने बताया कि जांच के लिए एनडीआरएफ की टीम आ रही थी लेकिन उसे रोक दिया गया। एनडीआरएफ की टीम को रोका जाना शासन की मिलीभगत की बात सामने लाती है।

**धनबाद में सीबीआई का ऑफिस तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? :** विधायक सरयू राय ने सीबीआई पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से रांची में सीबीआई का मुख्यालय है। धनबाद में भी सीबीआई का मुख्यालय स्थित है लेकिन सीबीआई मामले में संज्ञान नहीं ले ही है। सीबीआई किसके आदेश की प्रतीक्षा कर रही है यह तो वही बता सकते हैं। गृह मंत्रालय को जांच के लिए सीबीआई को आदेश देना चाहिए। धनबाद में सीबीआई का ऑफिस होते हुए भी उसके तरफ से कार्रवाई नहीं की जा रही है। विधायक ने कहा कि सबसे पहले बीसीसीएल के जीएम पर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले को वे विधानसभा सत्र में उठाएंगे।

## मंत्री शिल्पी नेहा ने लापुंग प्रखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 175 छात्रों को किया सम्मानित

**रांची , एजेंसी।** लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल परिसर में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में लापुंग प्रखंड के टॉपर सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 175 छात्र सम्मानित हुए।

शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की ऊंची उड़ान भरने वाले छात्रों को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सफलता की आदत डालना छात्रों के भविष्य के लिए कारगर साबित होगा। इस सच्चाई को छात्रों को समझने और अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल से मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का उत्साहवर्धन करना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाना है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए ये सम्मान इसलिए खास है क्योंकि गांव के बच्चे अभाव में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं , जबकि शहर के बच्चों के पास कई तरह के संसाधन उपलब्ध हैं।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ऐसे में विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष कर सफलता पाने वाले छात्रों को सम्मानित करना हम सब का कर्तव्य है। बच्चों की सफलता में उनके अभिभावकों और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। ये देश किसी धर्म ग्रन्थ से नहीं चलता, बल्कि ये देश संविधान से संचालित होता है। इसलिए आज की युवा पीढ़ी को अपने मौलिक अधिकारों को जानने, संविधान में निहित अपने हक-अधिकार को जानने के लिए संविधान पढ़ना जरूरी है। छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक गजट का इस्तेमाल अपने ज्ञान को बढ़ाने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए करना चाहिए। प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए सबका मन मोह लिया।

## बिहार में बना मकान दिखाकर झारखंड से ले लिया योजना का लाभ, अब तक नहीं हुई वसूली

**देवरी (गिरिडीह), एजेंसी।** गिरिडीह के देवरी प्रखंड की कोसोगोंदो दिघी पंचायत अंतर्गत नवादा गांव में सरकारी योजनाओं के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत झारखंड सरकार की ओर से वर्ष 2020-21 में स्वीकृत की गई योजनागत राशि को चार लाभुकों ने फर्जीवाड़ा कर गटक लिया।

इन लाभुकों ने झारखंड के बजाय सीमावर्ती बिहार राज्य में पहले से ही बने अपने घर को योजना के तहत निर्मित दर्शा कर भुगतान हासिल कर लिया। बीडीओ की जांच में इस मामले का खुलासा हुआ। हालांकि, अभी तक न तो सरकारी राशि की वसूली हुई है ना ही आरोपितों पर कोई ठोस कार्रवाई हो सकी है। बिहार के चकाई ब्लॉक के कपसा गांव निवासी बांग्टू राम ने मंगलवार को देवरी बीडीओ को दिए गए आवेदन में बताया कि नवादा गांव के निवासी लीलावती देवी, श्यामसुंदर साव, गीता देवी और हारो साव के नाम से एक-एक यूनिट प्रधानमंत्री आवास योजना



स्वीकृत हुई थी। इन सभी लाभुकों ने झारखंड के नवादा गांव में घर न बनाकर बिहार के चकाई प्रखंड के घुठिया गांव में पहले से बने अपने घरों को दर्शा कर सरकारी राशि की निकासी कर ली। तत्कालीन बीडीओ की जांच रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई थी कि नवादा गांव में किसी प्रकार का निर्माण नहीं हुआ। जांच के बाद बीडीओ ने चारो लाभुकों को 1,30,000 की राशि प्रखंड नजारत में जमा करने का निर्देश दिया था और उनके खिलाफ नोटिस जारी किया गया, लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी राशि वापस नहीं की गई है। बांग्टू राम ने अपने आवेदन में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# रांची में 6500 करोड़ से बनेगा आउटर रिंग रोड, फ्लैश चार्जिंग बस भी चलेगी

**रांची, एजेंसी।** रांची में 6500 करोड़ रुपए की लागत से आउटर रिंग रोड बनेगा। रांची से जमशेदपुर तक फ्लैश चार्जिंग बस भी चलाई जाएगी। रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे सोहराय पेंटिंग भी बनाई जाएगी। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इन तीनों योजनाओं को मंजूरी दे दी है।

इन मुद्दों को लेकर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नितिन गडकरी से भेंट की थी। उन्हें स्मरण पत्र सौंपा था। इसमें इन योजनाओं को मंजूरी देने का आग्रह किया था। इस पर नितिन गडकरी ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

संजय सेठ ने कहा कि गडकरी ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों को 6500 करोड़ रुपए की लागत से आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया।

साथ ही फ्लैश चार्जिंग बसों की डीपीआर तैयार करने को भी कहा। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर चल रहा है। रांची के विकास को भी



गति मिल रही है। इन तीनों परियोजनाओं से रांची को एक नई पहचान मिलेगी।

फ्लैश चार्जिंग बस रांची शहर और रांची से जमशेदपुर के बीच चलेगी। 18 मीटर लंबी इस बस में एक साथ 135 यात्री सफर कर सकेंगे। दिव्यांगजनों के लिए सीट आरक्षित होगी। चाय-कॉफी के लिए अलग से काउंटर होगा। यह बस महज 15 सेकेंड चार्ज होने पर 40 किमी तक चल सकेगी। नागपुर के बाद रांची देश का दूसरा शहर होगा, जहां ये बसें चलेंगी।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने दिल्ली में मेदांता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान से भी मुलाकात की। उनसे झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर बातचीत की। डॉ. त्रेहान ने बताया कि जल्दी ही रांची को एक और मेदांता अस्पताल मिलने वाला है। ताकि रांची के लोगों को बेहतर और समुचित इलाज मिल सके। संजय सेठ ने उनसे कई और सुझाव भी लिए।

# हजारीबाग में अक्षय पात्र योजना की हालत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने जताई चिंता

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले में अक्षय पात्र योजना जिस उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी, वह अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अक्षय पात्र योजना के तहत, स्कूल के बच्चों को मध्यान भोजन पहुंचना था लेकिन यह योजना महज 27 स्कूल तक सिमट कर रह गई है। आलम यह है कि हजारीबाग से पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस योजना को धरातल पर उतारा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस योजना को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि से हाथ जोड़कर प्रार्थना की है कि इसे पूरा किया जाए। पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने हाथ जोड़कर अपील की है कि अक्षय पात्र योजना, जिस उद्देश्य के साथ धरातल पर उतारी गई थी उसे पूरा करने में सहायता करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नौबत पड़ेगी तो वे पैर पकड़ने के लिए भी तैयार हैं। दरअसल पूर्व केंद्रीय राज्य उड्डयन मंत्री जयंत सिन्हा ने बड़े ही उत्साह के साथ, इस योजना को धरातल पर उतारा था। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था।

सरकारी स्कूल के बच्चों को मध्याह्न भोजन के रूप में बेहतर पौष्टिक खाना मिले, इसे लेकर अक्षय पात्र योजना धरातल पर उतारी गई थी। जिसके तहत एक लाख बच्चों को भोजन देना था। लेकिन यह




योजना कुछ विद्यालय तक सीमित होकर रह गई है।

पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने आगे कहा कि बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि अक्षय पात्र एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों से जुड़ा है। स्कूलों में एक बॉयलर के कारण खाना तैयार नहीं हो रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वे खुद एक साधारण व्यक्ति हैं। इसी कारण वह प्रार्थना ही कर सकते हैं।

स्कूली बच्चों के लिए एक साथ 10 हजार किलो चावल, 5000 किलो दाल और 5500 किलो सब्जी बनाने की योजना है। यहां से सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पहुंचाया जाएगा। अक्षय पात्र में खाना बनाने के लिए स्थानीय बाजारों से सब्जी खरीदी जाएगी, जिससे किसानों को लाभ पहुंचेगा।

## थम नहीं रहा फार्मेसी काउंसिल सदस्यों की चयन प्रक्रिया पर विवाद, वार्ता में पीछे हटे रजिस्ट्रार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रार समेत मनोनीत सदस्यों के चयन का विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने काउंसिल गेट के समक्ष जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।



काउंसिल गेट पर पांच घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बरियातू पुलिस को बुलाया गया। लेकिन आंदोलनकारी डटे रहे। अंतत प्रशासन की पहल से काउंसिल के रजिस्ट्रार प्रशांत कुमार पांडे प्रदर्शनकारियों के बीच वार्ता के लिए पहुंचे।

फिर काउंसिल रजिस्ट्रार प्रशांत पांडे वार्ता के बीच से ही उठ कर निकल गए। आंदोलन के नेतृत्वकर्ता देवेंद्र नाथ महतो ने काउंसिल प्रबंधक को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया और कहा राज्य के मूलवासियों के अधिकार के लिए उनका संगठन एकजुट है।

काउंसिल गैर सरकारी व गैर झारखंडियों के कब्जे में मनमानी तरीके से संचालित हो रही है। तमाम विसंगतियों को दूर करने के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा। 13 अप्रैल 2025 को ही वर्तमान रजिस्ट्रार सह सचिव का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

साथ ही काउंसिल के वर्तमान इलेक्टेड मेंबर को फर्जी पत्राचार के माध्यम से चयनित करने का आरोप लगाया गया। महतो ने चयन प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच एवं निबंधक प्रशांत पांडे के सर्विस रिकार्ड को जांच करने का मांग की।

# कोडरमा डीसी ने किया औचक निरीक्षण, एक कर्मी निलंबित, 24 के वेतन पर रोक

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा के डीसी ऋतुराज ने बुधवार को जयनगर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्यालय में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। डीसी ने एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया। साथ ही 24 से अधिक कर्मियों के वेतन पर रोक लगा दी। डीसी ने कार्यालय के आगत-निर्गत रजिस्टर और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। पत्राचार और रिकॉर्ड संधारण में भारी लापरवाही मिली। आपदा प्रबंधन से जुड़े पत्रों का उचित रखरखाव नहीं किया गया था। कई महत्वपूर्ण मामलों का निपटारा लंबित था।

**डीसी ने ऑनलाइन प्रणाली से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की :** राजस्व कर्मचारियों के पास दैनिक कार्य लॉग बुक नहीं मिली। दाखिल-खारिज के कई मामले 30 से 90 दिनों से लंबित पाए गए। डीसी ने ऑनलाइन प्रणाली से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की। कर्मचारियों की धीमी कार्य प्रणाली पर उन्होंने नाराजगी जताई। डीसी ने



जयनगर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों और उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपयाडीह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध सुधार के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता से जुड़े विषयों में पारदर्शिता और तत्परता जरूरी है।

**पंजी संधारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित सेविका को शो-कॉज नोटिस :** डीसी ऋतुराज ने जयनगर प्रखंड के जयनगर पंचायत अंतर्गत स्थित मॉडल आंगनबाड़ी प्री-नर्सरी स्कूल किलकारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की शैक्षणिक, पोषण एवं आधारभूत संरचना, रजिस्टर संधारण का गहन निरीक्षण कर सभी पहलुओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने पंजी संधारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित सेविका के विरुद्ध शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश भी दिया। डीसी ने बच्चों के पाठ्यक्रम की जानकारी ली और उनके वजन एवं लंबाई के मापन की प्रक्रिया को समझा। बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कलर कोडिंग की जानकारी ली और बच्चों की सक्रिय भागीदारी पर संतोष प्रकट किया।

**प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और एएनएम से मांगा स्पष्टीकरण :** औचक निरीक्षण के क्रम में डीसी रूपायडीह स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, दवाओं का भंडारण एवं वितरण, प्रसव कक्ष की व्यवस्था तथा रजिस्टर संधारण की गहन जांच की गई। निरीक्षण में सभी कार्यों में लापरवाही एवं अनियमितता पाई गई। प्रसव कक्ष अव्यवस्थित पाया गया और आवश्यक रजिस्टर भी समुचित रूप से संधारित नहीं थे। डीसी ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और एएनएम से शो कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया तथा संबंधित सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया।

**पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को शो-कॉज, वेतन रोका गया :** इसी क्रम में डीसी ऋतुराज ने जयनगर प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रूपायडीह का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन, योजना पंजी, स्टॉक रजिस्टर, कैश बुक, ज्ञान केंद्र तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। डीसी द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने के लिए संबंधित अभिलेखों और मनरेगा की योजना की स्थलीय सत्यापन किया गया। योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए स्वयं बाइक से योजना स्थल का दौरा किया। मौके पर पाया गया कि समतलीकरण योजना कागजों पर ही सीमित है और धरातल पर कार्य नहीं किया गया है।

## गुमला में देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, 3 महिला समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

**गुमला, एजेंसी।** पुलिस ने देह व्यापार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सदर थाना क्षेत्र के लाल डिपा में चल रहे देह व्यापार में शामिल तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस कार्रवाई को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में अंजाम दिया गया है। जिसमें महिला थानेदार अंकिता कुमारी साहू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान एक महिला को कमरे के बाहर पाया गया। जब पुलिस ने घर की तलाशी ली तो उसमें एक पुरुष और दो महिलाएं आपत्तिजनक हालत में मिले। इस दौरान एक पुरुष मौके से फरार हो गया।

इस दौरान पुलिस ने मौके से शक्तिवर्धक कैप्सूल, बियर की खाली बोतलें और शराब की बोतलें बरामद की है। इसके साथ ही 12,950 रुपये भी जब्त किए गए हैं। पूछताछ में पता चला है कि करीब एक महीने से, देह व्यापार चल रहा था। महिलाओं को पैसे देकर देह व्यापार करवाया जाता था। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक अन्य महिला के साथ मिलकर वह लड़कियां मंगवाता था और युवकों से पैसे लेकर देह व्यापार करवाता था। पुलिस ने धारा 272/292 के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, राष्ट्र निर्माण में अग्रणी बनें छात्र

## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार ने दी उपाधियां, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को मिला डॉक्टरेट सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर में गुरुवार को आयोजित भव्य द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति ईश्वर सागर चंद्रवंशी (मुन्ना चंद्रवंशी), डीआईजी नौशाद आलम सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान करते हुए कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे पलामू क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। यह मेहनत, समर्पण और संकल्प की परिणति है। उन्होंने




कहा कि विद्यार्थी केवल नौकरी की तलाश करने वाले न बनें, बल्कि रोजगार सृजक, अन्वेषक और सेवा प्रेरित नागरिक बनें। जीवन की सफलता डिग्री से नहीं, बल्कि व्यवहार, दृष्टिकोण और सेवा भावना से तय होती है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को प्राथमिकता दें और विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, सामाजिक चेतना, सेवा भाव और राष्ट्रप्रेम का विकास करें। उन्होंने रामचंद्र चंद्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए हृदय से बधाई दी और विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय निकट भविष्य में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शुमार होगा।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान की स्थापना समाज निर्माण की दिशा में पुण्य का कार्य है। उन्होंने अपने कार्यकाल में झारखंड के विकास, नक्सलवाद नियंत्रण, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। साथ ही युवाओं से नशा और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से दूर रहने और अपने माता-पिता का सम्मान करने की अपील की।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन मां की प्रेरणा से वे शिक्षा की राह पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कल तक जो क्षेत्र नक्सल प्रभावित था, आज वहां के बच्चे देश-विदेश में परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय स्थापना में रघुवर दास के सहयोग को सराहा।

दीक्षांत समारोह को सफल बनाने में कॉलेज प्रशासन व जिला प्रशासन की महती भूमिका रही। डीसी समीरा एस, डीआईजी नौशाद आलम, एसपी रिष्मा रमेशन, एसडीओ सुलोचना मीणा, विश्रामपुर एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत सुरक्षा बल कार्यक्रम स्थल पर मुस्तैद रहे।

## बघमनवा डैम में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बांसडीह खुर्द पंचायत अंतर्गत गिधोनिया गांव के पास स्थित बघमनवा डैम में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गिधोनिया निवासी शंकर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अवधेश सिंह के रूप में की गई है।

परिजनों ने बताया कि बुधवार को अवधेश डैम में नहाने गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों को उसके डूबने की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने स्थानीय प्रशासन व पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। गुरुवार को शव की तलाश के लिए गढ़वा से विशेषज्ञ गोताखोरों की टीम बुलाई गई। लगभग 25 घंटे की मशक्कत के बाद डैम से अवधेश का शव बरामद किया जा सका। शव मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि राज्यपाल के आगमन को लेकर ड्यूटी में व्यस्त रहने के कारण वे मौके पर समय से नहीं पहुंच सके। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

### योजनाओं की प्रगति, डोर स्टेप डिलीवरी, राशन कार्ड सत्यापन और गोदाम मरम्मती जैसे अहम बिंदुओं पर हुआ विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ई-केवाईसी, लाभुकों की पहचान, आरसीएमएस, सेल्फ सरेंडर प्रक्रिया, गोदामों की मरम्मती, धान अधिप्राप्ति, डोर स्टेप डिलीवरी और जनवितरण प्रणाली से जुड़ी गतिविधियों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित क्षेत्र भ्रमण कर डीलरों के कार्यों की निगरानी करें और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों का ई-केवाईसी लंबित है, उनके मामलों की रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मृत लाभुकों के राशन कार्डों को विलोपित करने एवं योग्य लोगों को जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा गया कि केवल फिजिकल वेरिफिकेशन के उपरांत ही लाभुकों के नाम हटाए जाएं। बैठक में छह माह से राशन नहीं लेने वाले लाभुकों की पहचान, डुप्लीकेट कार्डधारियों का सत्यापन, और लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों के आवेदन शीघ्र स्वीकृत किए जाएं तथा अपात्र और मृत लाभुकों के मामले में नियमानुसार कार्रवाई हो। गोदामों की मरम्मती कार्य मानसून समाप्त होते ही प्रारंभ कराने और भारत सरकार द्वारा चिह्नित अयोग्य राशन कार्डधारियों को सिस्टम से हटाने के निर्देश भी दिए गए। घ्क्ष्ब्ट्ट से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और खाद्यान्न उठाव से संबंधित डेटा को रियल टाइम पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, मॉनिटरिंग अधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़कागांव। एनजीटी के निर्देशों और सरकारी पाबंदियों के बावजूद बड़कागांव क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में सिकरी ओपी के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि ये सभी ट्रैक्टर बिना वैध दस्तावेजों के बालू ढोते हुए पकड़े गए। पकड़े गए वाहनों को सिकरी ओपी परिसर में लाया गया है।

## सांसद विष्णु दयाल राम ने की केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव से मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के तहत पलामू और गढ़वा जिले में चल रही विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फ़ेज-3 एवं पीएम जनमन योजनाओं के अंतर्गत लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। इसके साथ ही पीएमजीएसवाई फ़ेज-4 के तहत चयनित सड़कों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ल्लआवास प्लस 2018 में झारखंड राज्य से प्रतीक्षारत 2,22,069 पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द आवास स्वीकृत कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया।



उन्होंने बताया कि सचिव शैलेश कुमार सिंह ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के. श्रीनिवासन से फोन पर वार्ता कर सभी बिंदुओं पर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश भी दिया।

सांसद ने केंद्र और राज्य स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत समन्वय बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## तय लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें : उपायुक्त




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, डीसीएलआर अरविंद कुमार समेत सभी अंचलाधिकारी और संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खनन, उत्पाद, नगर पंचायत, मत्स्य, श्रम, विद्युत, निबंधन, राजस्व समेत अन्य विभागों द्वारा किए गए मासिक राजस्व संग्रहण की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को उनके वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस रणनीति के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग अंतर्गत भू-लगान एवं सेस संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दाखिल-खारिज, जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्र संबंधी मामलों की विशेष समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी मामला निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित न रहे। इसके अतिरिक्त सक्सेशन म्यूटेशन, परिशोधन ग्रीवांस, सर्टिफिकेट केस, अवैध जमाबंदी आदि विषयों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन विशेष शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक के अंत में उपायुक्त रॉनिटा ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए राजस्व कार्यों को गति देने एवं पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की।

## विष्णुगढ़ में चार स्कूलों को प्लस टू में अपग्रेड करने की मांग, जिप सदस्य शेख तैयब ने डीसी को सौंपा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड में इंटर स्तरीय विद्यालयों की भारी कमी को लेकर चिंता जताई गई है। इसी सिलसिले में कृषि उद्योग के सभापति सह मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह को पत्र सौंपकर प्रखंड के चार अतिरिक्त उच्च विद्यालयों को प्लस टू स्तर (इंटरमीडिएट) में उन्नयन की मांग की है। पत्र में जिप सदस्य ने बताया है कि वर्तमान में विष्णुगढ़, सारुकुदर और चानो में संचालित तीन प्लस टू विद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है, जिनमें भवन और शिक्षकों की उपलब्धता के अनुसार मात्र 700 विद्यार्थियों की पढ़ाई संभव है। जबकि वर्ष 2025 में लगभग



4000 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। ऐसे में अधिकांश छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए अन्यत्र जाना पड़ सकता है, जिससे विशेषकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह सकते हैं।

उन्होंने सुझाव दिया है कि प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय बनासो, कन्या उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, उच्च विद्यालय गोविंदपुर और उच्च विद्यालय सिरय को प्लस टू स्तर पर अपग्रेड किया जाए। साथ ही दो मध्य विद्यालय–नरकी और उर्दू मध्य विद्यालय अंसारी नगर–को उच्च विद्यालय का दर्ज़ा देने की भी मांग की गई है। शेख तैयब ने कहा कि यदि इन विद्यालयों को उन्नत किया जाता है तो प्रखंड के हजारों विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुलभ हो सकेगी। उन्होंने उपायुक्त से इस जनहित के मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## पशु तस्करी का भंडाफोड़: दो पिकअप जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में चौपारण पुलिस ने गुरुवार को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों को जब्त किया और पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-2 (जीटी रोड) पर की गई, जहां विशेष निगरानी अभियान के तहत पुलिस ने दोनों पिकअप को रोका।

वाहनों की तलाशी में पाया गया कि बिना वैध दस्तावेज के कुल नौ गोवंश को बिहार से बंगाल ले जाया जा रहा था। एक पिकअप से पांच और दूसरे से चार पशु लदे पाए गए। सभी पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पिकअप चालक खुशहाल कुमार




और मोहन कुमार (ग्राम गुजाडीह, जिला गिरिडीह), व्यापारी शेर मोहम्मद (ग्राम शिलाडीह, थाना गोरहर, जिला हजारीबाग), चालक मनीष कुमार (ग्राम गुझावन, आरा भोजपुर, बिहार) और व्यापारी प्रमोद सिंह (थाना बिहिया, आरा भोजपुर, बिहार) के रूप में हुई है। सभी आरोपितों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि चौपारण क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## कारगिल विजय दिवस समारोह शनिवार को नगर भवन में होगा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आगामी शनिवार, 27 जुलाई को पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन (टाउन हॉल) में पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित होगा। इसकी जानकारी परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र और महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। समारोह की शुरुआत प्रातः 9:30 बजे शहीद चौक (पूर्ववर्ती कचहरी चौक) पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके पश्चात नगर भवन में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत होगी। समारोह के दौरान 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उनकी वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा और उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया जाएगा। इसके साथ ही, युद्ध में घायल हुए और वीरता पदक प्राप्त सैनिकों को भी समारोह में आदरपूर्वक सम्मानित किया जाएगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/686, दिनांकः 23.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3469, कार्य का नाम :** "हावड़ा में नए मंडल रेल प्रबंधक के भवन की एयरकंडीशनिंग व्यवस्था" के कार्य के संबंध में एयर–कंडीशनिंग सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 91,63,567/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,83,300/–, **समापन अवधि:** 120 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 13.08.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-207/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-49-25, दिनांक 23.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्यः (1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/सोनामुखी एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ईस्ट/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में पी.वे कार्य का निष्पादन; रु. 2,02,52,197.11; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-43-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/सोनामुखी एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ईस्ट/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में कंक्रीट ड्रेन के निर्माण के साथ विविध कार्य; रु. 7,16,90,132.61; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-44-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/गड़बेता एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/बाँकुड़ा/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में पी.वे कार्य का निष्पादन; रु. 3,95,90,772.33; **(4) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-45-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/गड़बेता व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/बाँकुड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार कार्य के संबंध में कंक्रीट ड्रेन के निर्माण के साथ विविध कार्य; रु. 2,77,12,686.28; **(5) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-46-25, दिनांक 23.07.2025,** (1) पुरुलिया-कोटशिला-राजाबेड़ा, अनारा-रुकनी, महुदा-चंद्रपुरा के बीच तथा टीटी लाइन सेक्शन में 16 अदद लेवल क्रॉसिंग गेटों पर गेट बैरियर के स्थानांतरण द्वारा लेवल क्रॉसिंग का मानकीकरण, दृश्यता, सड़क सतह का सुधार तथा गेट लॉज का मानकीकरण (2) आद्रा मंडल में मंडल अभियंता (उत्तर)/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन अतिसंवेदनशील स्थान पर किसी भी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए रनिंग रेलवे ट्रैक की सुरक्षा हेतु आवश्यक बैरिकेडिंग/फेंसिंग; रु. 3,83,80,019.16; **(6) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-47-25, दिनांक 23.07.2025,** आद्रा मंडल में भारतीय रेल के 40 मौजूदा फ्रेट यार्डों के प्रौद्योगिकी संचालित यार्डों (स्मार्ट यार्ड) में रूपांतरण के संबंध में नॉलेज रूम (10 मीx5 मी) के निर्माण के साथ सड़क, चहारदीवारी इत्यादि जैसे आनुषांगिक कार्य; रु. 40,50,968.46; **(7) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-48-25, दिनांक 23.07.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चौरासी एवं रामकनाली के बीच चौरासी साइडिंग का ब्लॉक स्टेशन के रूप में रूपांतरण के साथ ब्लॉक कार्यकारी प्रणाली; रु. 3,75,95,455.77; **(8) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-49-25, दिनांक 23.07.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में दामोदर-मोहिशीला तथा रामकनाली-चौरासी अनुभाग में कट एवं कवर पद्धति द्वारा विभिन्न आकारों के आरसीसी बॉक्स के जरिए गैर मानक पाइप एवं स्टन स्लैब ब्रिज का प्रतिस्थापन; रु. 16,80,32,381.06; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 20.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-438)**



सत्यमेव जयते
सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India.
Khadi India

पत्रांक: रा.का./रांची/ग्रा.वि.यो./2025-26/ | दिनांक: 14.07.2025

**ग्रामोद्योग विकास योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रण सूचना :-**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राँची, झारखण्ड द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अन्तर्गत हनी मिशन, कुम्भकारी उद्योग, कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, इलेक्ट्रीशियन, लेदर जूता चप्पल निर्माण, लेदर जूता चप्पल मरम्मत, पेपर/पत्ता प्लेट एवं दोना निर्माण उद्योग, सबाई घास बान निर्माण, काष्ठ कला, सेवा उद्योग, ऑटोमेटिक अगरबत्ती के अंतर्गत झारखण्ड राज्य के पात्र आवेदकों से निम्नलिखित लक्ष्य अनुसार अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण सह मशीन एवं टूल किट वितरण के माध्यम से स्वरोजगार संवर्धन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं | जिसका विवरण इस प्रकार है :-

| क्रम. | ग्रामोद्योग का नाम | अभ्यर्थियों की संख्या | प्रशिक्षण सह टूल किट वितरण के माध्यम से स्वरोजगार संवर्धन हेतु प्रति व्यक्ति वितरण किये जाने वाले सामग्री का नाम एवं संख्या/मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | हनी मिशन कार्यक्रम अंतर्गत मधुमक्खी पालन उद्योग | 80 | 10 मधुमक्खी बॉक्स, मधुमक्खी परिवार, एक सेट टूल किट |
| 2 | कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग – ईमली प्रशोधन | 100 | 10 लाभार्थियो पर 01 नग ईमली प्रशोधन मशीन व टूल किट |
| 3 | कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग – ग्रामीण तेल | 40 | 10 लाभार्थियो पर 01 नग ग्रामीण तेल मशीन व टूल किट |
| 4 | कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग – फल और सब्जी प्रशोधन | 60 | 10 लाभार्थियो पर 01 नग फल और सब्जी प्रशोधन मशीन व टूल किट |
| 5 | कुम्भकारी उद्योग | 640 | प्रति लाभार्थी 01 नग विद्युत् चालित चाक |
| 6 | पेपर/पत्ता प्लेट एवं दोना निर्माण उद्योग | 40 | हाइड्रोलिक पत्ता प्लेट एवं दोना- निर्माण मशीन (प्रति 5 लाभार्थियो पर 1 मशीन) |
| 7 | सबाई घास बान निर्माण उद्योग | 40 | 10 लाभार्थियो पर 01 नग बान निर्माण मशीन व टूल किट |
| 8 | इलेक्ट्रीशियन | 20 | प्रति अभ्यार्थी 01 नग इलेक्ट्रीशियन टूल किट |
| 9 | लेदर जूता चप्पल निर्माण | 20 | प्रति अभ्यार्थी 01 नग लेदर जूता चप्पल निर्माण टूल किट |
| 10 | लेदर जूता चप्पल मरम्मत | 100 | प्रति अभ्यार्थी 01 नग लेदर जूता चप्पल दुरुस्तीकरण टूल किट |
| 11 | अपशिष्ट काष्ठ कला उद्योग | 40 | प्रति लाभार्थी 01 नग अपशिष्ठ काष्ठ कला टूल किट |
| 12 | बारी काष्ठ कला उद्योग | 40 | प्रति लाभार्थी 01 नग बारी काष्ठ कला मशीन व टूल किट |
| 13 | ऑटोमेटिक अगरबत्ती निर्माण उद्योग | 10 | प्रति अभ्यार्थी 01 नग ऑटोमेटिक अगरबत्ती टूल किट |

लाभ्यार्थियों का चयन राज्य कार्यालय, के.वी.आई.सी., राँची (झारखंड) की राज्य स्तरीय समिति द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं पात्रता पूर्ण करने उपरांत किया जावेगा | प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को निम्न शर्तो के अनुसार उपरोक्त सहायता प्रदान करने का प्रावधान है :-

| क्र० | विवरण | एस.सी./ एस.टी. | सामान्य /अन्य | बी.पी.एल. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वयं का अंशदान | 10 % | 20 % | 0 % |
| 2 | प्रशिक्षण शुल्क (आई.आर.जी.) | नि: शुल्क | रु. 500/- प्रति व्यक्ति | नि: शुल्क |

**नोट:**
1. स्वयं का अंशदान उपरोक्त सभी उद्योगों के अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार / पात्रता अनुसार लागू है |
2. प्रशिक्षण शुल्क (आई.आर.जी.) की राशि सिर्फ हनी मिशन अभ्यर्थियों के लिए लागू है |

**पात्रता:**

परियोजना उपयुक्तता की दृष्टि से हनी मिशन कार्यक्रम अंतर्गत प्रबंधन की दृष्टि से एक ग्राम/प्रखंड से 25 अभ्यर्थियों का आवेदन अपेक्षित है | आवेदन के समय आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष से कम तथा 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एक परिवार से एक सदस्य ही योजना का लाभ ले सकते हैं | उपरोक्त वर्णित किसी भी ग्रामोद्योग अंतर्गत आवेदन हेतु पूर्व में किसी भी सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता प्राप्त व्यक्ति आवेदन के पात्र नहीं होंगें । आवेदन के समय आवेदक द्वारा पूर्ण जानकारी के साथ-साथ पूर्ण पता, आधार नंबर, मोबाईल नंबर, श्रेणी, BPL आदि से सम्बंधित जानकारी एवं कागजातों की स्वप्रमाणित प्रति देना अनिवार्य है | अधिक जानकारी एवं आवेदन के प्रारूप हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग की बेबसाईट www.kvic.org.in का भ्रमण करें अथवा राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राँची से सम्पर्क कर सकते हैं । उपरोक्त के अतिरिक्त ग्रामोद्योग विकास योजना अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति उपरांत विज्ञापन का प्रकाशन सिर्फ आयोग की वेबसाइट में किया जायेगा | इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत आवेदक अथवा SHG जीविका, नाबार्ड, आत्मा, तथा एन.आर.एल.एम के साथ – साथ राज्य के कोई भी मान्यता प्राप्त स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन निम्नलिखित पते पर भेज सकतें है: राज्य निदेशक, राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, अशोक नगर, विद्यालय मार्ग, 191-सी, राँची – (झारखंड) 834002 |

राज्य निदेशक

# स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी वासियों को मेट्रो की सौगात देने की तैयारी

## मेट्रो से युवाओं के लिए उपलब्ध होंगे रोजगार के नए अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता के 78वें वर्षगांठ पर राजधानी वासियों को मेट्रो की सौगात देने की तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही है। यह मेट्रो परियोजना न केवल राजधानी की आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि यह शहर की ट्रैफिक समस्या को बहुत हद तक नियंत्रित करने में भी कामयाब होगी। इतना ही नहीं, मेट्रो की यह सौगात स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। यह परियोजना भविष्य में पटना के तीव्र गति से विकास की नई आधारशिला रखने वाली है। मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए निर्माण एजेंसियां दिन-रात दो शिफ्ट में काम कर रही हैं। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर के लिए ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है। मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक कुल 6.2 किलोमीटर लंबे रूट पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में कुल पांच स्टेशन हैं। इनमें मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरोमाइल और न्यू आईएसबीटी शामिल हैं। शुरुआती दौर में खेमनीचक को छोड़कर बाकी चार स्टेशनों पर मेट्रो का परिचालन किया जाएगा। इन चार स्टेशनों पर स्वचालित किराया संग्रह मशीन, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर, स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण व गेट प्रणाली आदि लगाने का काम अपने अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। डिपो में मेट्रो के वाशिंग और मेंटेनेंस पिट के साथ कंट्रोल रूम, विद्युत सब-स्टेशन, वर्कशॉप शेड, इंस्पेक्शन शेड और ट्रैक यूनिट का काम भी लगभग पूरा कर लिया गया है। प्राथमिक कॉरिडोर में 6.2 किलोमीटर लंबे रूट पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है और अब स्टेशनों को अंतिम रूप देने और अन्य काम पूरे किए जा रहे हैं। आगामी 15 अगस्त को इस कॉरिडोर पर मेट्रो के परिचालन का लक्ष्य है। इसके लिए तीन बोगियों की एक रैक पिछले दिनों ही पूणे से पटना पहुंच चुकी है और इसके ट्रायल रन की तैयारी को लेकर निर्माण एजेंसियां दिन-रात काम में जुटी हैं।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से संवर रही उद्यमियों की जिंदगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** *बिहार सरकार के उद्योग विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से न सिर्फ युवा बल्कि किसी भी उम्र के उद्यमी अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना', 'बिहार लघु उद्यमी योजना' जैसी योजनाओं को अपना कर न सिर्फ सपनों को पंख लग रहे हैं बल्कि अपने घर की जिम्मेदारी भी उठा रहे हैं। इन योजनाओं ने इनकी तकदीर के साथ-साथ इन उद्यमियों के घर की तस्वीर भी बदल कर रख दी है। कुछ ऐसी ही कहानी है मुंगेर जिले के अभिमन्यु कुमार की जिन्होंने घर की परिस्थिति को देखते हुए अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद अभिमन्यु आर्मी में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन पिता के देहांत ने इनके रास्ते हमेशा के लिए बदल दिया। इन्हें किसी माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद इन्होंने इसमें आवेदन दिया और इनका चयन भी हो गया। उन्होंने आटा, सत्तू और बेसन निर्माण का छोटा सा प्लांट शुरू किया। 10 लाख रुपये की सहायता से आज वह अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला रहे हैं और अपने साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। अभिमन्यु जैसे कई युवा इस योजना का लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। प्रिंस कुमार ने आइसक्रीम उत्पादन इकाई शुरू की है और गर्मी में शीतलता और स्वाद का कारोबार जमाया है। गौतम कुमार ने रेडीमेड वस्त्र निर्माण शुरू कर अपने इलाके में फैशन की नई परिभाषा दी है। सुनील कुमार ने बेकरी निर्माण इकाई की शुरुआत की जिससे उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता मिली। आशीष कुमार सिंह ने नोटबुक निर्माण शुरू कर शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान दिया। बब्बन कुमार ने भी रेडीमेड गारमेंट निर्माण इकाई शुरू कर स्थानीय बाजार में अपनी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत राज्य सरकार 10 लाख रुपये तक का अनुदान एवं ऋण सहायता देती है। इसमें 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण होता है जिससे युवा बिना किसी परेशानी के अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।*

# लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना या न लेना तेजस्वी यादव की मर्जी : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 'चुनाव बहिष्कार' वाले बयान को लेकर सूबे की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए गुरूवार को मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ही तेजस्वी यादव ने हार स्वीकार कर ली है, बायकॉट तो बस बहाना है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से पता चलता है कि उन्हें जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। अपनी हताशा और निराशा में वे अपनी हार दिख रही है और वो पहले से ही उसका दोष चुनाव आयोग पर मढ़ रहे हैं। लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना या न लेना उनकी मर्जी है, लेकिन जनता तो चुनाव में जरूर हिस्सा लेगी। नितिन नवीन ने दावा किया कि जो बिहार के वोटर हैं, उन्हें वोट देने का अधिकार है और जो अवैध रूप से बिहार में वोटर बने हुए हैं, उन्हें रोकने का काम चल रहा है। हम लोग किसी भी कीमत पर बिहार के लोगों का अधिकार रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को नहीं लेने देंगे। मुस्लिम समाज के लोगों को यहां कोई दिक्कत नहीं है। अगर तेजस्वी यादव को बांग्लादेश और अन्य देशों से आए अवैध लोगों से हमदर्दी है और इसीलिए वह चुनाव में भाग नहीं लेंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के इस तरह के बयान से चीजें नहीं बदलती हैं। कानून अपने हिसाब से ही काम करता है। तेजस्वी यादव चुनाव से दूरी बनाएंगे तो ठीक है। कई अन्य दल चुनाव में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी तो हार मान रहे हैं क्योंकि जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। इसीलिए हार का ठीकरा फोड़ने के लिए चुनाव से दूरी बनाने का बयान देकर खुद को तसल्ली दे रहे हैं। नितिन नवीन ने कहा कि तेजस्वी यादव को कई बातों का ध्यान नहीं रहता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी बातों का ध्यान है। नीतीश कुमार विचार-विमर्श कर निर्णय देते हैं। तेजस्वी सहित राजद को मालूम है कि जमीनी स्तर पर हार सुनिश्चित है।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में रोजगार, नौकरियों और अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पटना में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने के लिए मार्च निकाल रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो एनएसयूआई कार्यकर्ता पुलिस से ही भिड़ गए। एनएसयूआई कार्यकर्ता ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। दरअसल, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का मार्च इनकम टैक्स गोलंबर से शुरू हुआ और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। इसमें कांग्रेस विधायक शकील खान भी इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल थे। स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस के जवानों ने रास्ते में सभी को रोकने का प्रयास किया तो कांग्रेस छात्र इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी जिससे पुलिस के साथ जमकर झड़प हो गई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल करने के साथ पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस की लाठीचार्ज में कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति हो गई।

# किसानों की समृद्धि और कृषि विकास ही हमारी प्राथमिकता : विशाल सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिस्कोमान कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह ने इफको के मार्केटिंग डायरेक्टर योगेन्द्र कुमार से मुलाकात कर बिहार एवं झारखण्ड के किसानों और उपभोक्ताओं को समय पर और भरपूर मात्रा में उर्वरक (खाद) उपलब्ध कराने हेतु एक मजबूत कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक में किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए आपूर्ति व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने और पारदर्शिता बनाये रखने पर जोर दिया गया। बिस्कोमान का संकल्प है हर खेत तक, हर किसान तक, समय पर खाद पहुंचाना। किसानों की समृद्धि और कृषि विकास ही हमारी प्राथमिकता है। साथ ही बिहार राज्य स्थित इफको कार्यालय में बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह का हार्दिक स्वागत किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम मार्केटिंग निदेशक योगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में इफको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विशाल सिंह ने कहा इफको और बिस्कोमान के बीच संबंध अत्यंत प्राचीन और विश्वासपूर्ण है। हम मिलकर किसानों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसानों को समय पर एवं भरपूर मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है जिससे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाहका 'सहकार से समृद्धि' का उद्देश्य साकार हो सके।

# एसआइआर के नाम पर मतदाताओं की सूची से जनता की आवाज हटाई जा रही : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर गरमायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर अनियमितताएं नहीं रुकीं तो महागठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकता है। तेजस्वी यादव ने विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए वोट बहिष्कार की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि जब चुनाव महज एक दिखावा हो जब इवीएम का खेला तय हो तो फिर वोट क्यों डाले जाएं? तेजस्वी यादव ने कहा कि जब सरकार ही वोटर चुनने लगे तो लोकतंत्र को दफन करने में और क्या बचा है? उन्होंने सीधे चुनाव आयोग को खेल का रेफरी नहीं, बल्कि खिलाड़ी बताते हुए आरोप जड़ दिया कि एसआईआर के नाम पर मतदाताओं की सूची से जनता की आवाज हटाई जा रही है। तेजस्वी यादव ने इस साजिश को चंडीगढ़ मॉडल बताते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर मतदाता संख्या का 'सियासी कत्ल' कर रहे हैं। 'पहले जनता सरकार चुनती थी, अब सरकार तय करती है कि कौन वोट देगा!' उन्होंने कहा कि विधानसभा में एसआईआर पर बहस की इजाजत मिली थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने मुद्दा उठाया, मुख्यमंत्री और उनके 'उटपटांग मंत्रीगण' बीच में बोल-बोलकर बहस को रोकते रहे। उन्होंने कहा कि ये लोग नहीं चाहते कि सच्चाई सदन में गूंजे। तेजस्वी ने कहा कि अगर यही बेईमानी चलनी है तो चुनाव आयोग और सरकार को सीधा 'एक्सटेंशन लेटर' पकड़ाओ, चुनाव का ड्रामा बंद करो।

# रसायन मुक्त खेती से होगी किसानों की आय में बढ़ोतरी : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केन्द्र प्रायोजित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3635.15 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बिना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती को बढ़ावा देना है। इससे किसानों की इनपुट लागत घटेगी, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा, पोषण युक्त और रसायन मुक्त भोजन मिलेगा तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के सभी 38 जिलों में लागू की जायेगी। क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता उन क्षेत्रों/खेतों को दी जायेगी जहां पहले से प्राकृतिक खेती हो रही है या जहां प्राकृतिक खेती के अभ्यासरत किसान मौजूद हैं। इससे अनुभव और जागरूकता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु इसे अन्य योजनाओं जैसे- राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन, रेनफेड एरिया डेवलपमेंट, कृषि वानिकी, राष्ट्रीय बॉस मिशन और उद्यान योजना के साथ समन्वय कर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित क्षेत्रों में बहुफसलीय उत्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी। ताकि किसान अधिक से अधिक लाभ कमा सकें और प्राकृतिक खेती को एक स्थायी कृषि पद्धति के रूप में अपनाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य में हरित कृषि क्रांति की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी और इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन स्थापित होगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और टिकाऊ खेती प्रणाली को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाएगी।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया नबीनगर और अंकोरहा रनिंग रूम का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा नबीनगर और अंकोरहा स्थित रनिंग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीडीयू मंडल के लोको पायलट एवं गार्ड आदि रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। दोनों रनिंग रूम के निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शयन कक्ष, विश्राम कक्ष, स्नानगृह, मेस तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रों की साफ-सफाई, रख-रखाव, विद्युत एवं जलापूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना द्वारा दोनों रनिंग रूम में ठहरे रनिंग स्टाफ के साथ परस्पर संवाद किया गया।

# राजगीर से कोटा, बड़ोदरा एवं अहमदाबाद के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और अहमदाबाद के मध्य सप्ताह में दो दिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 12948/12947 पटना-अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहारशरीफ से कोटा, बड़ोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परिचालन विस्तार राजगीर 25.07.2025 से तथा अहमदाबाद से 28.07.2025 से प्रभावी होगा। गाड़ी सं. 12948 राजगीर-पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस 25.07.2025 से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक शुक्रवार एवं बुधवार को राजगीर से 21.00 बजे खुलकर 21.12 बजे नालन्दा, 21.30 बजे बिहारशरीफ, 22.21 बजे बख्तियारपुर, 23.00 बजे पटना साहिब रूकते हुए 23.35 बजे पटना पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे खुलकर अपने निर्धारित ठहराव एवं समयानुसार रूकते हुए तीसरे दिन 03.50 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 12947 अहमदाबाद-पटना-राजगीर अजीमाबाद एक्सप्रेस 28.07.2025 से अहमदाबाद से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 21.50 बजे खुलकर अपने निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार रूकते हुए तीसरे दिन अर्थात बुधवार एवं शुक्रवार को 04.20 बजे पटना पहुंचेगी तथा पटना से यह 04.30 बजे खुलकर 04.43 बजे पटना साहिब, 05.10 बजे बख्तियारपुर, 05.41 बजे बिहारशरीफ एवं 06.02 बजे नालन्दा रूकते हुए 07.25 बजे राजगीर पहुंचेगी।

# मानव सेवा ही सच्ची प्रभु सेवा : अरविंद कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गर्मी एवं बारिश को देखते हुए नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में सामाजिक पहल के तहत गरीब सब्जी बिक्रेताओं और जरूरतमंद लोगों के बीच सैकड़ों छाते वितरित किए गए। मौके पर अरविंद कुमार ने कहा कि जरूरतमंद मानव की सेवा हीं सच्ची प्रभु सेवा है। आज का यह वितरण सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला के सहयोग से चितकोहरा बाजार सब्जी मंडी में किया गया। अरविंद कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य धूप एवं बारिश में मेहनत करने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेले वालों और अन्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि 'हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों में स्वस्थ हो, हर घर में सुख, शांति समृध्दि हो व हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करें।' मौके पर अमित राज ने कहा कि यह छोटा सा कदम उन गरीब सब्जी विक्रेताओं लोगों की मदद करेगा जो धूप एवं बारिश में अपनी आजीविका कमाने के लिए संघर्ष करते हैं। एम पी जैन ने बताया कि वितरण में धीरज एवं राज शेखर सहित संस्थान के पिंकी सिंह, शशि शेखर, संजय प्रसाद, संजीव कुमार एवं अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंदों को छाते वितरित किए।

# बिहार आइडिया फेस्टिवल के जिलास्तरीय अभियान का भव्य आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग एवं स्टार्टअप सेल द्वारा राज्य में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 के तहत आज से पूरे राज्य में जिला स्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत पश्चिम चंपारण, किशनगंज, बेगूसराय, सुपौल, नालंदा, रोहतास, वैशाली, भागलपुर और पटना में भव्य आयोजन हुए। इन आयोजनों में छात्रों, किसानों, जीविका दीदियों, महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने बिहार आइडिया फेस्टिवल पोर्टल पर अपने नवाचार आधारित विचार प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रम स्थल पर आयोजित 'आइडिया हैकथॉन' में भाग लेकर अपने विचारों को विशेषज्ञों के समक्ष साझा किया। कार्यक्रमों में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, डीडीसी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की तथा प्रतिभागियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। आज के आयोजन में राज्यभर के कुल 4875 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य के युवा, महिलाएं एवं ग्रामीण नवप्रवर्तनकर्ता स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने के लिए तत्पर हैं। बिहार आइडिया फेस्टिवल के जिला स्तरीय अभियान की यह शुरुआत पूरे राज्य में नवाचारों की पहचान और उन्हें स्टार्टअप में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। बिहार आइडिया फेस्टिवल उद्योग विभाग और योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ-साथ जीविका के सहयोग से शुरू की गई एक अनूठी पहल है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, किसानों आदि से 10,000+ उद्यमशील विचारों को जमीनी स्तर से खोजना है। कार्यक्रम के माध्यम से विभाग का लक्ष्य राज्य के उभरते उद्यमियों की पहचान करना, बाजार संपर्क स्थापित करना और उनके लिए वित्तपोषण केअवसर सृजित करना है। इस आयोजन के विजेताओं को स्टार्टअप बिहार नीति के तहत 10 लाख रुपये की सीड फंडिंग के लिए पिचिंग राउंड में वाइल्ड कार्ड अवसर प्राप्त होगा। उन्हें ट्रॉफी और स्टार्टअप बिहार नीति के तहत अन्य प्रोत्साहनों से भी सम्मानित किया जाएगा।

# काम में बाधक नहीं, सहयोगी बनकर काम जल्द निपटाएं : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में गुरुवार को कर्मियों के साथ नव नियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह की पहली बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने कर्मियों से कहा कि काम में बाधक नहीं, सहयोगी की भूमिका निभाकर कार्य को जल्द निपटाएं। खासकर पेंशन भोगी शिक्षकों और कर्मियों का सहयोग करें। इनकी फाइलों को अटकाएं नहीं। इनका समाधान पहले करें। यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए सम्मानित हैं। वहीं विश्वविद्यालय में आने वाले शिक्षकों, अतिथियों और छात्रों के साथ बेहतर तरीके से व्यावहार करें। छात्रों के पेंडिंग कार्यों को जल्द समाप्त करें। सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सहित किसी भी तरह के छात्रों के कार्यों का एक समय-सीमा अंदर निपटा दें। छात्रों को एक ही कार्य के लिए बार-बार विश्वविद्यालय का चक्कर नहीं लगाए। कर्मियों को अगर किसी तरह की समस्याएं हैं तो जरुर शेयर करें। विश्वविद्यालय के कार्यों कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। आप जरूर राय दें। कुलपति ने कहा कि कर्मियों की प्रोन्नति भी की जाएगी। इसपर भी ध्यान है। फाइलों को तीन से चार दिनों में निपटा दें। एक जगह पर फाइलों को अटका के नहीं रखें। अगर उसमें कोई दिक्कत है तो संबंधित पदाधिकारी से बातचीत करें। इस मौके पर कुलसचिव प्रो एनके झा, डीन प्रो

# पटना में संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से आज सदाकत आश्रम, पटना में संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ राजेन्द्र पाल गौतम ने भारत की मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक परिस्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत एक ऐसे दौर में पहुंच गया है जहां फिर से एक नई आजादी की लड़ाई छेड़ने की जरूरत है। राजेन्द्र पाल गौतम ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि मनुस्मृति में जिन वर्गों पर बंदिशें थीं, उन्हें बाबा साहेब ने वोट की ताकत देकर बराबरी का हक दिलाया। हिंदू कोड बिल विधवाओं और महिलाओं के लिए क्रांतिकारी कानून था जिसे अंबेडकर ने 1949 में कानून मंत्री रहते हुए पेश किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयोजक रबिंद्र कुमार पासवान ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों पर चलने को प्रतिबद्ध हैं।

# विद्यालयों में किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण व बच्चों की आंखों की होगी जांच : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों एवं किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना एवं राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले के सदर प्रखंड स्तर पर संचालित सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जाकर 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के विशेष टीकाकरण सत्र एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच सहित आंखों की जांच की जाएगी। इन कार्यों में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम आरबीएसके के चलंत चिकित्सा दलों द्वारा सहयोग लिया जाएगा। आरबीएसके के चलंत चिकित्सा दल विद्यालयों का माइक्रोप्लान इस प्रकार निर्मित करेंगे कि तीनों गतिविधियां बच्चों का स्वास्थ्य जांच, बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण एवं आंखों की जांच एक ही विद्यालय में हो सके। श्री पांडेय ने कहा कि विशेष टीकाकरण सत्रों के लिए विद्यालय स्तर पर व्यवस्था होगी जिसमें वेटिंग एवं रजिस्ट्रेशन की के साथ टीकाकरण की अलग-अलग सुविधा होगी। इसके साथ ही टीकाकरण के बाद लाभार्थियों के 30 मिनट ऑब्जरवेशन की भी व्यवस्था की जाएगी। सत्र स्थल पर वैक्सीन तथा लॉजिस्टिक्स की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इन गतिविधियों को संचालित करने में नोडल पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। टीकाकरण सत्रों के निकटतम आवासीय क्षेत्रों में उत्प्रेरकों के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण से संबंधित सूचना से लाभार्थी को अवगत कराया जाएगा।

## संपादकीय

# संसद में देश से जुड़े जरूरी सवाल पर नहीं हो रही बहस

संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन दोनों सदनों में सत्ता और विपक्ष के बीच खींचतान के बाद जैसा हंगामा देखा गया, वह एक तरह से अपेक्षित था। जिस तरह लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करने की नौबत आई, उससे एक बार फिर यही लगता है कि जनहित से जुड़े मसलों पर बातचीत के बजाय संसद अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की जगह बनती जा रही है। विपक्ष को लगता है कि सरकार अपनी सुविधा के मुताबिक सदन में बहस के लिए मुद्दों का चुनाव करती है और ऐसे में जनहित तथा राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों की उपेक्षा की जाती है, वहीं सरकार यह मानती है कि विपक्ष नाहक ही सदन को बाधित कर जरूरी कामकाज में अड़चन डालता है। इसमें दोराय नहीं कि जब तक किसी मुद्दे पर लोकसभा या राज्यसभा में बहस नहीं होगी, तब तक जनहित के सवाल उपेक्षित रहेंगे, लेकिन इस क्रम में ऐसी स्थिति पैदा होने को कैसे सही ठहराया जा सकता है कि सदन में विचार-विमर्श के बजाय एकतरफा बातचीत होने लगती है और उसी के आधार पर नियम-कायदे भी तय हो जाते हैं। गौरतलब है कि करीब एक महीने तक चलने वाले मानसून सत्र में विपक्ष की ओर से मुख्य रूप से पहलगाम हमले, आपरेशन सिंदूर, संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, मणिपुर के हालात और चीन के रुख आदि मसलों पर चर्चा कराने पर जोर दिया गया। हालांकि सरकार ने दावा किया कि वह इन सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। अगर ऐसा है तो यह समझना मुश्किल है कि फिर खींचतान और हंगामे के हालात यहां तक कैसे पहुंचे कि सदन को स्थगित करने की नौबत आई। सरकार और विपक्ष के बीच संसद में आमने-सामने की बहस और सवाल-जवाब एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। अगर सरकार को लगता है कि वह विपक्ष की मांग के मुताबिक सभी विषयों पर बहस के लिए तैयार है, तब आखिर संसद में हंगामे की नौबत क्यों आती है? क्या ऐसा बीच का रास्ता नहीं निकल सकता जिसमें सदन बाधित न हो और संसद का कामकाज सुचारु रूप से चले? विपक्ष अगर चर्चा की मांग करता है, तो सदन को सामान्य रूप से संचालित होने देना और जरूरी मुद्दों पर बहस को लोकतांत्रिक निष्कर्ष तक ले जाना आखिर किसकी जिम्मेदारी है?

देश और नागरिकों के हित से जुड़े व्यापक महत्त्व के सवालों पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा नहीं होगी तो और कहां होगी? मगर सरकार और विपक्ष जिन मुद्दों पर टकराव की मुद्रा में आ जाते हैं, उसमें यह कैसे तय होगा कि किस सवाल को बहस की प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए? सही है कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला और उसके बाद की परिस्थितियां राष्ट्रीय महत्त्व का मसला है। इसी तरह बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर जिस तरह के सवाल उठे हैं, उस पर भी तत्काल बात होनी चाहिए।

**एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।**

# एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी।

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है।

गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर



का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है।

ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं। बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है। तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है।

बीते दिनों मालदा जिले के गाजोल के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक व्यक्ति नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं। इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है। बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है। ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है।

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है। वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं। एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है। वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है। साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है। विपक्ष के इस दोहरे मापदण्ड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए। विपक्ष के ऐसे रवैये से एक बात तो साफ है कि विपक्ष चुनाव में मिली हार और अपनी नाकामी छिपाने के लिए चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम के सिर पर ठीकरा फोड़ता है? तय मानिए, आने वाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देशभर में सुनाई देगी। और यह भी लिखकर रख लीजिए इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की होगी। तृणमूल कांग्रेस के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा है कि दाल में कुछ नहीं बहुत कुछ काला है। (लेखकस्वतंत्र पत्रकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# फिर नाकाफी सुबूत और न्याय की हार

(कमलेश जैन)

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को जो फैसला सुनाया, उससे एक गंभीर सबक लेने की जरूरत है। 11 जुलाई, 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिनमें 180 से अधिक लोगों की जान गई थी और 850 से अधिक घायल हुए थे। साल 2015 में विशेष अदालत ने इस मामले में पांच अभियुक्तों को फांसी और सात को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मगर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुबूतों के पैमाने पर विशेष अदालत के फैसले को खरा नहीं पाया और सभी दोषियों को रिहा करने का आदेश दे दिया।

वैसे, यह कोई पहला मामला नहीं है। 24 सितंबर, 2002 को गांधीनगर (गुजरात) के अक्षरधाम मंदिर पर आतंकियों का हमला होता है, जिसमें 33 लोग मारे जाते हैं और 80 से अधिक घायल होते हैं। मगर 2021 में सुप्रीम कोर्ट निचली अदालतों द्वारा दोषी पाए गए छह लोगों को रिहा करने का आदेश देता है। इसी तरह, 2008 में जयपुर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के चार आरोपी (जिनको विशेष अदालत ने दोषी माना था) हाईकोर्ट से बरी कर दिए जाते हैं। हालांकि, इसी धमाके से जुड़े एक अन्य मामले में उनको उम्रकैद की सजा भी सुनाई गई थी। यहां इन तमाम मामलों के जिक्र का मकसद 'निचली बनाम ऊपरी अदालत' की बहस खड़ी करना नहीं है, बल्कि उस प्रवृत्ति की ओर इशारा करना है, जो हमारी न्याय-व्यवस्था में लंबे समय से बनी हुई है। चाहे पीड़ितों को न्याय न मिले या फिर कोई निर्दोष जेल में विचाराधीन कैदी बनकर अपना जीवन गुजारे, दोनों ही स्थिति न्याय-व्यवस्था के लिए ठीक नहीं। इसे 'न्याय की हार' के रूप में ही परिभाषित किया जाएगा। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आपराधिक मामलों में समय के साथ सुबूतों की कड़ी जोड़ना काफी अहम माना जाता है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के मुताबिक, जिसे बोलचाल में 'एविडेंस ऐक्ट' कहा जाता है, किसी वारदात में तीन चीजों पर विशेष ध्यान देना चाहिए- घटना का वक्त, उसका तरीका और हथियार। इसमें पीड़ित का न्यायसंगत समय पर बयान दर्ज करना भी काफी अहमियत रखता है। अगर ऐसा नहीं होता है, तो माना जाता है कि सुबूत गढ़ने या झूठ बोलने के लिए वक्त लिया गया है। इससे सुबूतों का महत्व कम हो जाता है। मुंबई रेल विस्फोट मामले में भी ऐसा ही कुछ हुआ। एक ही गवाह दो जगहों पर देखा गया था। एकाधिक गवाहों के बयान भी काफी दिनों बाद दर्ज हुए। अपने देश में दिक्कत यह भी है कि निचली अदालतें आमतौर पर आवेश में या भावना में बहकर फैसला सुना देती हैं। वे कभी-कभी आपराधिक कानून के तकनीकी पक्षों को भूल जाती हैं। उच्च न्यायालय इन्हीं सबको साक्ष्यों की कसौटी पर जांचता है। मुंबई मामले में सुबूत इस तरह से नहीं जुटाए जा सके कि आरोपी कुसूरवार साबित किए जा सकें। लिहाजा, इसे पुलिस की नाकामी भी मानना चाहिए।

ऐसी गलतियां बड़े मामलों में ही नहीं होतीं, छोटी-छोटी आपराधिक घटनाओं में भी हम इसी तरह की प्रवृत्ति देखते हैं। बिहार के बोका ठाकुर का केस तो अंतरराष्ट्रीय मीडिया में छा गया था, क्योंकि इसमें आरोपी (बोका ठाकुर) की 37 साल तक ट्रायल ही नहीं हुई थी, यानी इतने समय तक अदालत ने एक भी दिन इस मामले को नहीं सुना था। इसी तरह, रूदल शाह 16-17 साल तक ट्रायल चलने और रिहा होने के बावजूद करीब 35 साल तक जेल में रहे। उनका मामला तो सुप्रीम कोर्ट में भी आया, जहां अदालत ने न्यायिक प्रक्रिया में चूक मानी और भारतीय इतिहास में पहली बार मुआवजे का एलान किया। उस वक्त रूदल शाह को 35 हजार रुपये मिले थे। इन दोनों मामलों में मैं बचाव पक्ष के रूप में अदालतों में खड़ी हुई थी।

भारतीय न्याय-व्यवस्था में यह तो सुनिश्चित किया जाता है कि किसी निर्दोष को सजा न मिले, लेकिन किसी शख्स के गिरफ्तार होने से लेकर उसे आखिरी सजा सुनाने तक की प्रक्रिया इतनी लंबी हो जाती है कि अगर कोई निर्दोष गिरफ्त में आ गया, तो उसे अपनी पूरी जिंदगी सलाखों के पीछे गुजारनी पड़ सकती है। चूंकि निचली अदालतों में ही पूरा मामला बनता और बिगड़ता है, इसलिए वहीं पर सुबूतों को गंभीरता से तौलना चाहिए। आपराधिक कानूनों के पैमाने पर मामले को जांचा-परखा जाना चाहिए। मगर ऐसा नहीं हो पाता। फिर, भ्रष्टाचार भी एक बड़ा कारक बन जाता है। उच्च न्यायालय इन्हीं सबको दुरुस्त करता है। न्याय, सुबूत, आपराधिक कानून, सभी के पैमाने पर वह पूरे मामले को देखता है। वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन करता है। पूरे तकनीकी पक्ष का ख्याल रखता है। तो, एक लिहाज से हम यह कह सकते हैं कि निचली अदालतों के फैसले को उच्च न्यायालय दुरुस्त करता है। इसी कारण कई मामले उच्च न्यायालय में नहीं टिक पाते। इन सबसे बचने का एक तरीका यह है कि निचली अदालतों के जजों को इस बाबत प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। बेशक, वे एक कठिन लिखित परीक्षा पास करने के बाद जज बनते हैं, लेकिन कई व्यावहारिक पहलुओं से वे अनजान रहते हैं। प्रशिक्षण देने से उनको व्यावहारिक ज्ञान होगा और जो गलतियां निचली अदालतों में अभी हो रही हैं, उनके दूर होने की संभावना बढ़ जाएगी। इसी तरह, पुलिस डायरी भी सावधानीपूर्वक लिखी जानी चाहिए। इसमें सबसे पहले एफआईआर लिखी होती है। उसके बाद घटनास्थल पर जो-जो चीजें दिखती हैं, उनको विस्तार से दर्ज किया जाता है, फोटोग्राफ दिए जाते हैं, जिसको 'टोपोग्राफी' कहते हैं। फिर, मौके पर उपस्थित गवाहों के बयान दर्ज किए जाते हैं। पोस्टमार्टम यदि किया गया हो, तो उसे भी यहीं दर्ज किया जाता है। इन सबको देखने के बाद ही अदालत किसी आरोपी पर मुकदमा चलाने की अनुमति देती है। बड़े आतंकी हमलों में भी यही तरीका अपनाया जाता है।

# सावन 2025 विशेष: भारत में शिव पूजा के पुरातात्विक साक्ष्य

**भारत का सौभाग्य यह है कि विश्व की सभी प्राचीनतम सभ्यताएं विभिन्न कारणों से अपने मूल भाव से विमुख हो गई परन्तु भारतीय समाज आज भी अपनी 5000 वर्ष प्राचीन परम्पराओं को जीवंत बनाए हुए है ।इन प्राचीन परम्पराओं के वाहक आज हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख आदि मतों का अनुसरण करते हैं । सनातन परम्परा में ईश्वर की साधना के विभिन्न माध्यम थे जिनमे एक माध्यम लिंग पूजा का था, यहां इस बात का उल्लेख आवश्यक है की लिंग सृष्टि की रचना का आधार है । लिंग व योनि के मेल से ही मानव उत्पति सम्भव है, यही कारण है की सनातन दर्शन में इसे पवित्र माना गया है । सनातन परम्परा का प्राचीनतम ग्रंथ है ऋग्वेद, इस ग्रन्थ में विभिन्न देवी-देवताओं का वर्णन है जिनमे इंद्र, अग्नि, रूद्र, विष्णु आदि प्रमुख हैं ।**

(शुभम केवलिया)

मिस्र, मेसोपोटामिया व भारत, इन तीनों ही राष्ट्रों की सभ्यता विश्व में सर्वाधिक प्राचीन है । यूं तो इन सभी सभ्यताओं के मूल में प्रकृति पूजा है फिर भी तीनों में कुछ-कुछ विभेद हैं । भारत का सौभाग्य यह है कि विश्व की सभी प्राचीनतम सभ्यताएं विभिन्न कारणों से अपने मूल भाव से विमुख हो गई परन्तु भारतीय समाज आज भी अपनी 5000 वर्ष प्राचीन परम्पराओं को जीवंत बनाए हुए है ।इन प्राचीन परम्पराओं के वाहक आज हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख आदि मतों का अनुसरण करते हैं । सनातन परम्परा में ईश्वर की साधना के विभिन्न माध्यम थे जिनमे एक माध्यम लिंग पूजा का था, यहां इस बात का उल्लेख आवश्यक है की लिंग सृष्टि की रचना का आधार है । लिंग व योनि के मेल से ही मानव उत्पति सम्भव है, यही कारण है की सनातन दर्शन में इसे पवित्र माना गया है ।

सनातन परम्परा का प्राचीनतम ग्रंथ है ऋग्वेद, इस ग्रन्थ में विभिन्न देवी-देवताओं का वर्णन है जिनमे इंद्र, अग्नि, रूद्र, विष्णु आदि प्रमुख हैं । रूद्र जिन्हें ऋग्वेद में सृजनकर्ता व संहारक की संज्ञा दी गई है वे और कोई नहीं शिव ही हैं । इन रूद्र या शिव की आराधना के पुरातात्विक साक्ष्य हमें बहुतायत में मिलते हैं, इनमे कुछ पुरातात्विक साक्ष्य 5000 प्राचीन हैं । शिव की आराधना लिंग स्वरुप व मानव स्वरुप दोनों में ही की जाती है ।

भारत की प्राचीनतम सभ्यता जिसे हम सरस्वती-सिंधु सभ्यता के नाम से जानते हैं उसमे भी हमें शिव पूजा के पर्याप्त साक्ष्य देखने को मिलते हैं । इस सभ्यता के एक पुरास्थल कालीबंगा से हमें पकी मिट्टी का बना एक शिवलिंग प्राप्त हुआ है । इसी सभ्यता का एक और पुरस्थल है हड़प्पा जो वर्तमान में पाकिस्तान में अवस्थित है । इस पुरास्थल से भी उत्खनन के दौरान शिवलिंग प्राप्त हुआ है । इन शिवलिंगों के विवरण भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग की विवरणिकाओं में उपलब्ध हैं ।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में भी इस सभ्यता के विभिन पुरास्थलों से मिले शिवलिंग प्रदर्शित हैं । मानव स्वरुप में शिव का अंकन भी हमें इसी सभ्यता में देखने को मिलता है, वर्तमान पाकिस्तान में स्थित मोहनजोदड़ो से मिली एक मुहर पर एक योगी का अंकन है जिसके इर्द-गिर्द पशु खड़े हैं । विश्व के प्रसिद्द पुरातत्ववेत्ताओं का यह मत है की यह शिव ही हैं, इन्हें पशुपति की संज्ञा दी गई है । सरस्वती सिंधु सभ्यता से मिले पुरावशेष यह सिद्ध कर देते हैं की तत्कालीन समाज में शिव पूजा का भी प्रचलन था, ऋग्वेद में भी शिवपूजा का उल्लेख पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होता है ।



कालीबंगा से प्राप्त शिवलिंग (सरस्वती-सिंधु सभ्यता)

आज से लगभग 2400 वर्ष पूर्व बनने वाले आहत सिक्कों पर शिव के आयुध या हथियार त्रिशूल का अंकन हमें दिखाई देता है, यह तत्कालीन भारतीय समाज में शिव के प्रति आस्था का प्रतिबिम्ब है । भारत का मूल समाज तो शिव की आराधना करता ही है, इस राष्ट्र में आक्रमणकारी के रूप में आए शक व हूण शासकों द्वारा चलाए गए सिक्के इस बात को प्रमाणित करते हैं की विदेशी आक्रांताओं की भी आस्था के केंद्र शिव थे ।

हूण शासक वासुदेव के द्वारा चलाए गए सिक्कों पर हमें शिव व उनके वाहन नंदी का अंकन दिखाई देता है । चौथी-पांचवीं शताब्दी में शासन करने वाले गुप्त शासकों के काल में भी शिव पूजा का प्रभुत्त्व हमें दिखाई देता है । एक मुखी शिवलिंग, उमा-महेश्वर,शिव-पार्वती आदि की प्रतिमाएं इस काल में पर्याप्त मात्रा में बनाई गईं । विदिशा स्थित उदयगिरि में पर्वत को काट बनाई गई गुफाएं जो गुप्तकालीन हैं शिव को ही समर्पित हैं ।

भौगोलिक दृष्टिकोण से भी सम्पूर्ण भारत में हमें शिव पूजा के पर्याप्त प्रमाण मिलते हैं । प्रारम्भिक मध्य कालीन भारत के हिन्दू शासकों ने अपने आराध्य शिव के लिए विशाल मंदिरों के निर्माण करवाए जो आज विश्व धरोहर हैं । तमिलनाडु के थंजावुर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर शिव को समर्पित है । महराष्ट्र में एलोरा स्थित कैलाशनाथ मंदिर एक ही चट्टान को काट कर बनाया गया है, आठवीं शताब्दी में बना यह मंदिर भी शिव को समर्पित है ।

ग्यारहवीं शताब्दी में खजुराहों में बनाया गया कंदरिया महादेव मंदिर भी शिव को ही समर्पित है । कश्मीर घाटी में भी पहली शताब्दी व उसके बाद के कई शिवलिंग प्राप्त हुए हैं जो वहां होने वाली शिव आराधना के साक्ष्य है । उत्तर पूर्व के राज्य असम में छठी शताब्दी के तेजपुर में स्थति शिव मंदिर मंदिर के प्रमाण मिलना वहां शिव पूजन की प्राचीनता के परिचायक हैं । यह साक्ष्य इस बात को सिद्ध करते हैं की शिव पूजा का व्याप्त सम्पूर्ण भारत में रहा है । इन सब के अतिरिक्त भी सम्पूर्ण दक्षिण एशिया में हमें शिव पूजा के प्रमाण मिलते हैं ।

उपरोक्त प्रमाणों से यह सिद्ध हो जाता है की भारत में मानव सभ्यता के उदय से ही शिव की आराधना की जा रही है । सावन के पवित्र मास में सनातन परम्परा का निर्वहन करने वाला समाज शिव आराधना में रत है । यह उन देवता की आराधना है जिनका पूजन इस समाज के पूर्वज 5000 वर्षों से नित्य प्रतिदिन करते आ रहे हैं ।

**यह लेखक के निजी विचार हैं।**

# 1300 पर जाएगा टीसीपीएल का शेयर

## ● खरीदने की मची है लूट, कंपनी को 331 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा टी के मालिक टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के शेयरों में गुरुवार, 24 जुलाई को अच्छी तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर आज 3 प्रतिशत तक चढ़कर 1104.80 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे जून तिमाही के शानदार नतीजे हैं। दरअसल, एफएमसीजी कंपनी ने जून में समाप्त तिमाही के लिए अच्छे परिणाम की सूचना दी और चाय की कीमतों में नरमी के कारण आगामी तिमाही में मार्जिन में सुधार की उम्मीद जताई।

### जून तिमाही के नतीजे

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 331.75 करोड़ रुपये रहा है। टाटा समूह की इकाई टीसीपीएल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी को एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 289.25 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की



परिचालन आय 9.8 प्रतिशत बढ़कर 4,778.91 करोड़ रुपये हो गयी। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 4,352.07 करोड़ रुपये थी। टीसीपीएल का कुल व्यय आलोच्य तिमाही में 10.9 प्रतिशत बढ़कर 4,354.66 करोड़ रुपये रहा।

### कंपनी ने क्या कहा

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सुनील डिसूजा ने कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में दहाई अंक में शुद्ध लाभ वृद्धि के साथ राजस्व में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की।'' उन्होंने कहा, ''तिमाही के दौरान, हमने चाय और नमक, दोनों क्षेत्रों में भारतीय कारोबार में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की, जो मात्रा वृद्धि के कारण संभव हुई। टाटा संपन्न ने अपनी मजबूत प्रगति जारी रखी है...।' टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को उम्मीद है कि दिसंबर तिमाही तक उसके ब्रांडेड चाय के मार्जिन में सुधार आएगा, जिसमें नीलामी कीमतों में गिरावट और लागत मुद्रास्फीति में सुधार से मदद मिलेगी। चाय की कीमतें टाटा कंज्यूमर के राजस्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और प्रतिकूल मौसम और आपूर्ति की कमी के बीच 2024 से ही इनमें बढ़ोतरी हो रही है। टाटा टी के मालिक को उम्मीद है कि दूसरी तिमाही के बदलाव के साथ कीमतों में गिरावट आएगी।

### शेयर पर एनालिस्ट की राय

जापान स्थित ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने टाटा कंज्यूमर को 1,300 रुपये प्रति शेयर के लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग दी है। पहली तिमाही की बिक्री उम्मीद के मुताबिक रही, हालांकि ई बी आई टी डी एउम्मीद से थोड़ा कम रहा। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि कंपनी को दूसरी छमाही में दोहरे अंकों में बिक्री वृद्धि और मजबूत मार्जिन रिकवरी हासिल करने का भरोसा है। मॉर्गन स्टेनली ने 1,255 रुपये प्रति शेयर के लक्ष्य मूल्य के साथ अपना ओवरवेट टैग बरकरार रखा। राजस्व और ई बी आई टी डीमार्जिन दोनों ब्रोकरेज फर्म के अनुमानों से बेहतर रहे। ब्रोकरेज फर्म को उम्मीद है कि मार्जिन क्रमिक रूप से सुधरेंगे और सामान्य स्तर पर लौट आएंगे। मोतीलाल ओसवाल ने बताया कि कंपनी ने तीसरी तिमाही तक समेकित ई बी आई टी डी मार्जिन के धीरे-धीरे लगभग 16 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। ब्रोकरेज ने अपनी खरीद कॉल को बरकरार रखा, तथा प्रति शेयर 1,270 रुपये का लक्ष्य मूल्य बढ़ाया।

# कंपनी को सऊदी अरब से मिला 2332 करोड़ का बड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीए टेक वाबैग के यह उछाल कंपनी वीए टेक वाबैग को सऊदी अरब से मिले एक बड़े ऑर्डर की खबर के बाद आज उसके शेयरों में करीब 5 प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। कंपनी ने बताया कि उसे सऊदी अरब में यानबु शहर में एक विशाल समुद्री जल शोधन संयंत्र (300 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता) बनाने का 2,332 करोड़ का ठेका मिला है। यह प्रोजेक्ट सऊदी वाटर अथॉरिटी ने दिया है। कंपनी पूरी तरह से हरा-भरा (ग्रीनफील्ड) इलाका चुने जाने वाले इस प्लांट का डिजाइन, इंजीनियरिंग, सप्लाई, निर्माण और कमीशनिंग करेगी। अनुबंध की औपचारिकताएं शुरू होने वाली हैं।

**पिछले साल रद्द हुआ था प्रोजेक्ट-** दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल दिसंबर में सऊदी अथॉरिटी ने वीए टेक वाबैग का लगभग इसी तरह का एक 2,700 करोड़ का प्रोजेक्ट रद्द कर दिया था। उस समय कहा गया था कि कैंसिलेशन आंतरिक प्रशासनिक कारणों से हुआ है।


### शेयर ट्रेंड

गुरुवार को कंपनी के शेयर 4.9 प्रतिशत चढ़कर 1,672.10 के दिन के उच्चस्तर पर पहुंचे। सुबह 9:35 बजे तक शेयर 3.09 प्रतिशत ऊपर था। हालांकि, शेयर मर्केट डगमगाया तो इसके भी शेयर डे हाई से फिसल गए। साढ़े दस बजे के करीब 1 पर्सेंट ऊपर 1609 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पांच दिन में यह स्टॉक 7 फीसद से अधिक चढ़ा है। जबकि, पिछले एक महीने में 8 और छह महीने में 20 पर्सेंट से अधिक उछला है।

## पावर कंपनी के शेयर में हाहाकार, सीधे 26 प्रतिशत टूट गया भाव

### 139 पर आ गया दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज के शेयर में आज गुरुवार को भूचाल आ गया। कंपनी के शेयर आज 26 प्रतिशत तक टूट गए और 139.05 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गए थे। इस भयंकर गिरावट के पीछे कंपनी के लिए एक निगेटिव खबर है। दरअसल, देश के पावर रेगुलेटरी, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा अगले साल से बाजार युग्मन लागू करने की घोषणा के बाद यह गिरावट आई। इसके अलावा, आज पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा से पहले आईईएक्स का शेयर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।



**क्या है डिटेल-** केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा भारत में बिजली बाजार युग्मन को लागू करने के अपने फैसले की औपचारिक घोषणा की गई है। सीईआरसी द्वारा जनवरी 2026 तक डे-अहेड मार्केट से शुरू होने वाले पावर मार्केट कपलिंग को लागू करने के निर्णय के बाद इंडियन एनर्जी एक्सचेंज के शेयरों में 26 प्रतिशत की गिरावट आई। बता दें कि इस कदम का उद्देश्य पावर एक्सचेंजों में प्राइस तय को इंटीग्रेट करना है, जिससे ढ्ढश्वङ्ग के बाजार संचालन और व्यापार की मात्रा पर संभावित रूप से प्रभाव पड़ सकता है। इसके बाद से ही निवेशकों में हलचल है और वे फटाफट शेयर बेचने लग गए।

## महंगी कारों की बुकिंग धड़ाधड़ कैंसिल कर रहे हैं भारत के रईस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच ट्रेड डील होने वाली है। इस समझौते की वजह से लग्जरी कार कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ब्रिटेन में लैंड रोवर, जगुआर, रोल्स रॉयस, बेंटले, एस्टन मार्टिन, लोटस और मैकलारेन जैसी महंगी कारें बनती हैं। जगुआर और लैंड रोवर को टाटा मोटर्स ने खरीदा है। भारत और ब्रिटेन के बीच ट्रेड डील की घोषणा मई में हुई थी। इस समझौते के अनुसार कारों पर लगने वाला टैक्स कम हो जाएगा। अभी कारों पर 75-125 प्रतिशत तक टैक्स लगता है। समझौते के बाद यह टैक्स घटकर 10 प्रतिशत



हो जाएगा। इस समझौते की घोषणा के बाद बहुत से अमीरों ने कार खरीदने की योजना रोक दी है। कुछ लोगों ने तो बुकिंग भी रद्द कर दी है। वे अब कम टैक्स लगने का इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि टैक्स कम होने पर ही कार खरीदें। एक बड़े डीलर ने बताया, यह हमारे लिए बहुत निराशाजनक है। बहुत से ग्राहक बुकिंग रोक रहे हैं जबकि हमने कंपनियों को ऑर्डर भी दे दिए हैं। इससे भारतीय बाजार की छवि खराब होती है। लग्जरी कार कंपनियां कम गाड़ियां बनाती हैं, ताकि उनकी कारों की वैल्यू बनी रहे। अब वे गाड़ियां दूसरे देशों को भेज रही हैं।

### डीलरों का तर्क

डीलर ने आगे कहा, हमें यह नहीं पता कि टैक्स कब कम होगा। यह भी नहीं पता कि टैक्स धीरे-धीरे कम होगा या एक साथ। बुकिंग रुकने से डीलरों को नुकसान हो रहा है।

# प्री का जमाना गया: बैंक अब हर छोटी सेवा पर भी कर रहे चार्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों के कई तरह के चार्ज ग्राहकों की जेब पर भारी पड़ते जा रहे हैं। पिछले पांच-छह सालों में बैंकों ने हर छोटी-बड़ी सेवा पर शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अब तो तुरंत पैसा भेजने-पाने वाली आईएमपीएस सेवा पर भी शुल्क लादा जा रहा है। साथ ही कई तरह के पुराने शुल्क भी बढ़ा दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर, ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाएं भी कम होती जा रही हैं।

**नकद लेनदेन भी हुआ महंगा-** बैंकों ने नकद लेनदेन के नियमों में भी बड़ा बदलाव किया है। अब कई बैंकों में ग्राहक महीने में सिर्फ तीन बार ही बिना शुल्क के शाखा या कैश मशीन (सीआरएम) से नकद जमा या निकासी कर सकते हैं। पहले यह सीमा पांच बार हुआ करती थी। अगर कोई ग्राहक इस सीमा से ज्यादा बार अपने खाते से नकद निकालेगा तो उसे हर

### अब कुछ भी मुफ्त नहीं

आज हालत ये है कि बैंक में पासबुक अपडेट कराना हो, अपने हस्ताक्षर सत्यापित करवाने हों, या कोई अन्य छोटी सी भी सेवा लेनी हो, हर चीज के लिए ग्राहकों को शुल्क चुकाना पड़ता है। इसी कड़ी में पिछले मई में बैंकों ने एटीएम से महीने में पांच बार से ज्यादा पैसे निकालने पर भी शुल्क बढ़ा दिया था। अब हर अतिरिक्त निकासी पर 23 रुपये का चार्ज लगता है। इसके अलावा, पहली जुलाई से कुछ खास क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर भी नए शुल्क लागू कर




बार 150 रुपये का भारी शुल्क देना होगा। साथ ही, अगर कोई एक महीने में एक लाख रुपये से ज्यादा नकद जमा करता है तो उस पर भी 150 रुपये का शुल्क लगेगा।

● **सुविधाएं हो रहीं कम-** ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाओं में भी कटौती की जा रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने क्रेडिट कार्ड्स पर मिलने वाले फायदे घटा दिए हैं। 15 जुलाई से एसबीआई के प्राइम और पल्स क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाला 50 लाख रुपये का मुफ्त हवाई दुर्घटना बीमा भी बंद कर दिया गया है।

### आ रहा है आईएमपीएस पर भी शुल्क का तूफान

एसबीआई ने 15 अगस्त से तुरंत पैसा ट्रांसफर करने वाली आईएमपीएस सेवा पर भी शुल्क लगाने का फैसला किया है। उम्मीद की जा रही है कि दूसरे बैंक भी जल्द ही आईएमपीएस पर शुल्क लगाने की घोषणा कर देंगे। हालांकि कई निजी बैंक पहले से ही ऑनलाइन आईएमपीएस पर शुल्क वसूल रहे हैं, लेकिन एसबीआई के इस कदम के बाद वे भी अपने शुल्क बढ़ा सकते हैं।

### 30 जुलाई से खुल रहा श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी का आईपीओ

# शाहरुख, अमिताभ समेत कई बड़े सितारों का है दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेश के लिए इन दिनों एक के बाद एक बड़े आईपीओ लॉन्च हो रहे हैं। इस बीच अब एक और दिग्गज कंपनी का इश्यू आ रहा है। इसमें अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान तक का पैसा लगा हुआ है। यह आईपीओ श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी लिमिटेड का है। कंपनी का यह इश्यू निवेश के लिए 30 जुलाई को खुलेगा और 1 अगस्त को बंद होगा। इसका लक्ष्य 5.28 करोड़ नए इक्विटी शेयरों के जरिए 792 करोड़ रुपये जुटाना है। इसका प्राइस बैंड 140 रुपये से 150 रुपये के बीच है। इस आईपीओ में बिक्री का प्रस्ताव शामिल नहीं है और इसका लॉट साइज 100 शेयरों का है।



**क्या है डिटेल-** कंपनी के आईपीओ का अलॉटमेंट 4 अगस्त को तय किया गया है। इसमें शेयरों का क्रेडिट और रिफंड 5 अगस्त को होगा। स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टिंग 6 अगस्त को होने की उम्मीद है, जिसमें मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्रमुख प्रबंधक होंगे। आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग मुख्य रूप से सहायक कंपनियों रिचफील रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, ध्यान प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और त्रिक्षा रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के फाइनेंस के लिए किया जाएगा, जिसमें 550 करोड़ रुपये अमाल्फी, द आर्केडियन और वरुण जैसी चल रही परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिए निर्धारित किए गए हैं।

**दिग्गजों का है दांव-** कंपनी को आशीष कचोलिया जैसे अनुभवी निवेशकों का समर्थन प्राप्त है, जबकि शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन, एकता कपूर, जितेंद्र, टाइगर, जैकी श्रॉफ, शैलेश लोढ़ा, मनोज वाजपेयी और अन्य हस्तियां भी कंपनी की शेयरधारक सूची का हिस्सा हैं।

## उत्तराधिकार से बदलता भारत का कॉर्पोरेट चेहरा, मुख्य भूमिका में अगली पीढ़ी; रिलायंस की नीति चर्चा में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बड़े औद्योगिक घरानों में उत्तराधिकार की प्रक्रिया से भारत का कॉरपोरेट चेहरा बदल रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से अनंत अंबानी को न्यू एनर्जी और पेट्रोकेमिकल कारोबार की कमान सौंपे जाने के बाद भारत के कॉरपोरेट परिदृश्य में उत्तराधिकार रणनीति फिर चर्चा में है। फाइनेंशियल टाइम्स, इकनॉमिक टाइम्स और ब्लूमबर्ग जैसे मीडिया स्रोतों ने इसे भारत के बड़े औद्योगिक घरानों रिलायंस, टाटा, अदाणी और महिंद्रा में नेतृत्व परिवर्तन की व्यापक प्रक्रिया का हिस्सा बताया है। रिपोर्ट इस बदलाव की गहराई को समझने, विभिन्न मॉडल की तुलना करने और यह जानने का प्रयास है कि भारत का अगला कॉरपोरेट नेतृत्व कैसा होगा। उसकी वैश्विक साख कैसी बन रही है।



उत्तराधिकार अब पारिवारिक परंपरा से आगे बढ़कर रणनीतिक और राष्ट्रीय नीति का अंग कैसे बन रहा है। रिलायंस ने आकाश और अनंत अंबानी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपकर साफ संकेत दे दिया है कि अगली पीढ़ी अब कंपनी संचालन की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह कदम कॉरपोरेट रणनीति, ब्रांड निर्माण और वैश्विक निवेशकों की धारणा के लिहाज से भी निर्णायक माना जा रहा है।

## पीएलआई से मोबाइल विनिर्माण को मिली रफ्तार

### आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्यातक बना भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मोबाइल फोन उत्पादन (विनिर्माण) के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक पावरहाउस बन गया है। देश पिछले 10 साल में आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्यातक बन गया है। कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से कुल 20.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात किया गया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस) के अध्ययन के मुताबिक, भारत को मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत 2017 में हुई थी। यह परिवर्तन निरंतर सरकारी समर्थन, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में रणनीतिक एकीकरण और 2020 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के शुभारंभ का नतीजा है। भारत की असाधारण यात्रा के बारे में अध्ययन में बताया गया है कि देश 2014-15 में मोबाइल फोन का शुद्ध आयातक था। सरकार के समर्थन के दम पर अगले 10 साल में यानी 2024-25 में 24.1 अरब डॉलर के साथ मोबाइल फोन निर्यात का पावरहाउस बन गया, जबकि 2017-18 में यह सिर्फ 0.2 अरब डॉलर था।

# बीएसएनएल को नहीं हुआ कोई राजस्व नुकसान

## सीएजी रिपोर्ट पर सरकार ने सदन में दिया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीएसएनएल और सरकार को कोई राजस्व हानि नहीं हुई है। संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की हालिया रिपोर्ट में बताई गई वित्तीय हानि कुछ प्रावधानों की गलत व्याख्या पर अधारित थी। सीएजी की रिपोर्ट संख्या 01/2025, जो मार्च 2023 को समाप्त वर्ष से संबंधित है, उसमें बीएसएनएल की अनुबंधीय अनुपालना, योजना और बिलिंग में कुछ खामियों की ओर इशारा किया गया था। रिपोर्ट में कुल मिलाकर बीएसएनएल को 1,944.92 करोड़ रुपये की संचयी वित्तीय नुकसान का आकलन किया गया था।

**मास्टर सेवा समझौते पर पूछे गए सवाल-**कांग्रेस सांसद प्रणीति सुशील कुमार शिंदे ने सरकार से पूछा था कि क्या बीएसएनएल ने आरजेआइएल के साथ मास्टर सेवा समझौता को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया। इससे 1,757.76 करोड़ रुपये के कथित नुकसान की बात सामने आई। इस पर मंत्री ने कहा कि बीएसएनएल ने आरजेआइएल के साथ अपने टावर बुनियादी ढांचे को किराए पर देने के लिए मास्टर सेवा समझौता किया है।

**गलत व्याख्या को न्यायसंगत तरीके से ठीक किया जाएगा-** मंत्री ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि बीएसएनएल और सरकार को कोई राजस्व हानि नहीं हुई है। सीएजी का अनुमान एड-ऑन प्रौद्योगिकी के खंड की गलत व्याख्या पर आधारित था। इसे अब पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से ठीक कर लिया गया है।

**पीआईजेएफ अंडरग्राउंड केबल पर पूछा गया सवाल-** बीएसएनएल द्वारा खरीदी गई अधिक आकार की पीआईजेएफ



अंडरग्राउंड केबल के उपयोग न हो पाने के संबंध में संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने लोकसभा में जानकारी दी कि यह खरीद तत्कालीन मानदंडों के अनुसार की गई थी। मंत्री ने कहा कि बदलते प्रतिस्पर्धी परिदृश्य के कारण यह केबल पूरी तरह से उपयोग नहीं हो सकी। हालांकि, बीएसएनएल ने इस अतिरिक्त केबल का 70.32 करोड़ रुपये मूल्य तक मोनेटाइजेशन कर लिया है, जबकि शेष केबल की अनुमानित बिक्री कीमत लगभग 23 करोड़ रुपये है। बीएसएनएल और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों (क्कस्ह्य) की कार्यप्रणाली में नुकसान की भरपाई और ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

# अमेठी में कई सामाजिक विकास परियोजनाओं पर कर रहा काम अदाणी फाउंडेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी फाउंडेशन अमेठी में विभिन्न सामाजिक विकास परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामुदायिक विकास शामिल हैं। यहां फाउंडेशन पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज बनाने में भी सहयोग कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेठी को ऊर्जा स्वतंत्र बनाना है। अदाणी फाउंडेशन की इस पहल में अमेठी में जल संरक्षण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार शामिल है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा अमेठी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज बनाने में सहयोग कर रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त सस्ती बिजली उपलब्ध हो सके। फाउंडेशन स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी काम कर रहा है, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना शामिल है। अभी हाल ही में ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर अदाणी फाउंडेशन द्वारा अमेठी में 100 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई और उन्हें सलाह दी गई कि वे इसका उपयोग स्वयं करें तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। अदाणी फाउंडेशन युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें रोजगार मेले और कौशल विकास कार्यक्रम शामिल हैं। फाउंडेशन सामुदायिक विकास के लिए भी काम करता है, जिसमें जल संरक्षण और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास जैसी पहल शामिल हैं। अदाणी फाउंडेशन ने विकलांग व्यक्तियों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्हें विभिन्न उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। अदाणी फाउंडेशन का लक्ष्य अमेठी जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामुदायिक विकास के माध्यम से समग्र विकास करना है।

महिला सशक्तिकरण के तहत अदाणी फाउंडेशन टिकरिया अमेठी द्वारा सीमेंट प्लांट के आसपास के 11 आंगनबाड़ी केंद्रों को टेबल और कुर्सियां वितरित की गई हैं। अदाणी फाउंडेशन का उद्देश्य केंद्रों में बच्चों को बैठने की बेहतर सुविधा और शुद्ध जल उपलब्ध कराना है। भविष्य में इन केंद्रों को सरकार और फाउंडेशन के सहयोग से मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। अदाणी फाउंडेशन ने 10 सरकारी स्कूलों में बाला वॉल पेंटिंग बनाई है।यह बच्चों को शिक्षित करने का एक अनोखा तरीका है। टिकरिया पंचायत स्थित अदाणी एसीसी सीमेंट प्लांट के तत्वावधान में आसपास के कई स्कूलों में बच्चों को पेंटिंग के माध्यम से शिक्षित करने का यह अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है।

### जान्हवी ने पोस्ट में किया खुलासा

# फैंस के साथ जल्द 52 सेल्फी शेयर करेंगी

**अभिनेत्री** जान्हवी कपूर ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। यह तस्वीरें उन्होंने यात्रा के दौरान फ्लाइट से शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने खुलासा किया कि उनके पास 52 सेल्फी और हैं पोस्ट करने के लिए। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 25 जुलाई को रिलीज होनी थी, मगर अब यह पोस्टपोन हो गई है। इस बीच जान्हवी कपूर ने अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने अपनी दिलकश फोटोज शेयर करते हुए कुछ ऐसा लिखा है, जिसने यूजर्स की उत्सुकता बढ़ा दी है।



### कैप्शन से बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

जान्हवी कपूर ने आज बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फ्लाइट से अपनी फोटोज शेयर की हैं, जिनमें खुली जुल्फों में वे बेहद प्यारी लग रही हैं। इसके साथ जान्हवी ने कैप्शन लिखा है, पोस्ट करने के लिए 52 और सेल्फी थीं, लेकिन उनमें बहुत सारी स्नीक पीक थे, इसलिए मैं कंट्रोल कर रही हूं और आप लोगों को असली चीज देखने के लिए इंतजार करना होगा।




# डीडीएलजे में शाहरुख और अनुपम खेर ने मिलकर गढ़ा था एक डायलॉग

**फिल्म** निर्माता- अभिनेता अनुपम खेर ने साल 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। अनुपम ने बताया कि मशहूर डायलॉग ओ पोची, ओ कोका, ओ बॉबी, ओ लोला को अभिनेता शाहरुख खान ने चुटकियों में रच डाला था। अभिनेता अनुपम खेर ने बातचीत में कूल डैड किरदार को लेकर राय जाहिर की। उन्होंने कहा, कूल डैड का किरदार निभाना मेरे पिताजी जी को सम्मान देने जैसा है। मेरे निभाए हर एक कूल डैड किरदार का कनेक्शन मेरे पिताजी को समर्पित है और वह उन सब में फिट बैठते हैं। अभिनेता ने अपने पिता को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया। अनुपम खेर से जब पूछा गया कि उनका मशहूर डायलॉग ओ पोची, ओ कोका, ओ बॉबी, ओ लोला कैसे बना था, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, तुरंत! फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने शाहरुख से कहा, चलो कुछ ऐसा करते हैं जिसे लोग याद रखें। खास बात है कि शाहरुख इम्प्रोवाइजेशन (बिना किसी योजना के तुरंत कुछ बेहतर बनाना) में माहिर हैं।

वह हमेशा नए-नए आइडियाज आजमाने के लिए तैयार रहते हैं। अनुपम ने बताया कि उनकी यह लाइन हिट बन गई थी। उन्होंने कहा, यह लाइन एक तरह से कल्ट बन गई थी, यह मेरे लिए बहुत खास है।





# ऑनलाइन बेटिंग मामले में राणा दग्गुबाती की बढ़ी मुश्किलें

## ईडी के सामने नहीं हुए पेश



तेलंगाना में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब सितारों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। सुपरस्टार राणा दग्गुबाती इस मामले में बुधवार को पूछताछ के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा जारी समन के बाद पेश होने वाले थे, लेकिन वो नहीं आए। अब ईडी ने उन्हें 11 अगस्त को दोबारा बुलाया है।

### क्या है मामला?


इस मामले में सिर्फ राणा दग्गुबाती ही नहीं, बल्कि टॉलीवुड और बॉलीवुड के कई चर्चित नामों को जांच के दायरे में लाया गया है। ईडी ने इस हफ्ते चार सितारों को समन जारी किया है जिसमें अभिनेता प्रकाश राज को 30 जुलाई, विजय देवरकोंडा को 6 अगस्त और लक्ष्मी मंचु को 13 अगस्त को तलब किया गया है। ईडी की जांच का फोकस इन कलाकारों द्वारा कथित तौर पर कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार करने पर है। इन ऐप्स पर गैरकानूनी सट्टेबाजी के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है। प्रमोशन के बहाने हुआ लाखों का लेन-देन! सूत्रों के मुताबिक, कुछ नामचीन अभिनेताओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को इन ऐप्स को प्रमोट करने के लिए मोटी रकम दी गई थी। हालांकि इन सितारों का दावा है कि उन्हें इन प्लेटफॉर्म्स की वास्तविक गतिविधियों की जानकारी नहीं थी और वो सिर्फ ब्रांड प्रमोशन समझकर इससे जुड़े थे। ईडी ने ये मामला तेलंगाना पुलिस की ओर से दर्ज की गई पांच प्राथमिकियों के आधार पर शुरू किया है। एजेंसी अब इन कलाकारों के बयान दर्ज करेगी, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत कानूनी दस्तावेज माना जाएगा



# सोशल मीडिया ट्रेंड पर शामिल हुई, आरती सिंह बनाया मजेदार वीडियो

**टेलीविजन** अभिनेत्री आरती सिंह भले ही स्क्रीन पर अब देखने को नहीं मिलती लेकिन वह अपने फैंस के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। उन्होंने बुधवार को एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया, जिसमें वह डांस करती नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तड़पाओगे तड़पा लो गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में आरती पीले रंग की साड़ी पहनी हुई है। गाने के बोल के साथ शानदार एक्सप्रेशन देते हुए वह डांस करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा,तड़पाओगे? तड़पालो! फैंस को उनका ये खास अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस कमेंट सेक्शन पर उन्हें हार्ट, फायर, और स्माइली इमोजी शेयर कर रहे हैं। बता दें, यह गाना कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसको फॉलो करते हुए अभिनेत्री रुपाली गांगुली, सपना चौधरी और भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने भी वीडियो बनाई थी और लाखों व्यूज पाए थे। यह गाना साल 1957 में आई बरखा का है। जिसे लता मंगेशकर ने गाया है, इसके बोल राजिंदर कृष्ण ने दिए हैं। वहीं, यह फिल्म थाई पिरांधल वाझी पिराक्कुम का रीमेक थी। गाने का संगीत काफी मधुर है, जिसे चित्रगुप्त ने तैयार किया था। गाने की तरह फिल्म को भी लोगों ने काफी पसंद किया था।



### मेंटली परेशान करने की साजिश

# तनुश्री का अभिनेताओं पर बड़ा आरोप

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए अपने वीडियो के बाद चर्चाओं में आई तनुश्री दत्ता ने अब पूरे मामले में कई खुलासे किए हैं और कुछ अभिनेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। रोज सुबह और रात को कोई मेरे घर की घंटी बजाता है, लेकिन दरवाजे खोलने पर सामने कोई नहीं होता। दिन-रात घर के बाहर अजीबोगरीब आवाजें आती हैं।

दरवाजा पीटा जाता है और घंटियों की आवाजें आती हैं। लेकिन कोई नजर नहीं आता। यह कहना है बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता का। जिन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह रोते हुए मदद मांगती दिखीं। उनका कहना है कि पिछले कुछ साल से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस तक बुलानी पड़ी। डिजिटल से बातचीत में तनुश्री ने इस बारे में विस्तार से बात की और इसे एक साजिश बताया। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के दो बड़े अभिनेताओं पर कई तरह के आरोप भी लगाए।

### क्या आप खुलकर बता सकती हैं कि आपके साथ क्या हो रहा है?


मैं मुंबई में अकेली रहती हूं और यही मेरी सबसे बड़ी असुरक्षा बन चुकी है। पिछले कुछ साल से मेरे साथ जो हो रहा है, वह महज इत्तेफाक नहीं है। यह एक सोची-समझी मानसिक तकलीफ देने की कोशिश है। मेरे घर में दिन-रात अजीबोगरीब आवाजें आती हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि मेरी बिल्डिंग दो इमारतों से जुड़ी हुई है। इसमें कई सर्विस वेंट्स हैं जो बाथरूम और किचन के बाहर हैं। मुझे शक है कि इन्हीं वेंट्स के जरिए घर के अंदर एंट्री ली जा रही थी। मैंने उन सभी वेंट्स को सील करवा दिया। इसके बाद चोरी रुक गई, लेकिन मानसिक उत्पीड़न नहीं थमा। नो बेल, नो कॉल। के निर्देश के बाद भी कोई रोज जबरदस्ती घर की घंटी बजाता है। यह टारगेटेड हरेसमेंट है। ऐसे लोग भेजे जाते हैं जो बाहर से सामान्य दिखते हैं लेकिन अंदर से किसी नेटवर्क या साजिश का हिस्सा होते हैं। एक्ट्रेस ने बीती रात की बात बताते हुए कहा कि कल मैंने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी और आज सुबह से ही शोर-शराबा शुरू हो गया। सुबह 8 बजे के बाद हमारी सोसायटी में कंस्ट्रक्शन की अनुमति नहीं है, फिर भी कोई जानबूझकर धड़ाम-धड़ाम करता रहा।

# 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' को पेश करेंगे अनुराग, वेनिस फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर

**बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के साथ बतौर प्रस्तुतकर्ता जुड़ गए हैं। अनुराग 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को अपना समर्थन दे रहे हैं।**

निर्देशक अनुपर्णा रॉय इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर ही हैं। उनकी पहली ही निर्देशित फिल्म 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है। यह महोत्सव इस साल 27 अगस्त से 6 सितंबर तक इटली के वेनिस लीडो में आयोजित होगा। मुंबई में दो प्रवासी महिलाओं के बीच बनते रिश्तों पर आधारित 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' को ओरिजोंटी सेक्शन में प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसमें नए ट्रेंड और मुद्दों को उजागर करने वाली फिल्मों के लिए डेब्युडेंट्स, नई प्रतिभाओं और स्वतंत्र फीचर फिल्मों व कम चर्चित सिनेमा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। नाज शेख और सुमी बघेल स्टारर इस फिल्म का निर्माण बिभांशु राय, रोमिल मोदी और रंजन सिंह ने किया है। इस फिल्म को प्रजेंट करने पर अनुराग कश्यप का कहना है कि मैंने हमेशा नई प्रतिभाओं का समर्थन करने में विश्वास किया है, खासकर उन लोगों का जो कुछ अलग कहना चाहते हैं। अपने विचारों और विश्वासों से पहले से तक मानकों को चुनौती देना चाहते हैं। रंजन और मैं पिछले कई साल से ऐसी कई फिल्मों से जुड़े रहे हैं और ऐसी नई प्रतिभाओं को लगातार सामने आते देखना काफी अच्छा है।

# मेरे लिए सबसे पहले राइटर और डायरेक्टर होते हैं...



**आमिर** खान अपनी हालिया फिल्म सितारे जमीन पर से एक बार फिर साबित कर चुके हैं कि उन्हें पब्लिक की नब्ज पहचानना बखूबी आता है। एक खास बातचीत में आमिर ने अपनी भविष्य की प्राथमिकताओं पर खुलकर बात की...

### सितारे जमीन पर आपसे पहले दूसरे एक्टर्स को भी ऑफर की गई थी क्या?

यह फिल्म कई एक्टर्स को ऑफर की गई थी और सबको स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। आखिरकार फरहान अख्तर को फाइनल किया गया, और तमिल वर्जन के लिए शिवकार्तिकेयन को चुना गया क्योंकि डायरेक्टर प्रसत्रा तमिल बैकग्राउंड से हैं। हमने सोचा कि एक ही स्क्रिप्ट पर हिंदी और तमिल दोनों वर्जन बनाएं। सब फाइनल हो गया था। मैं बतौर प्रोड्यूसर स्क्रिप्ट के फाइनल ड्राफ्ट पर काम कर रहा था। पहले ही दिन, जब लेखक दिव्य निधि शर्मा स्क्रिप्ट पढ़ रहे थे और हम उस पर चर्चा कर रहे थे, तभी मेरे मन में ख्याल आया- यार, तू ही क्यों नहीं कर रहा ये फिल्म ?

### लोकेश कनगराज के साथ वाली फिल्म में क्या ब्लडी एक्शन करेंगे?

फिल्म की जो जरूरत है, मैं वह करूंगा। लोकेश एक रोमांचक डायरेक्टर हैं, जिनके साथ काम करना अच्छा है। मगर जो मेरा पर्सनल टेस्ट है, मुझे खून खराबे वाला वायलेंस देखना पसंद नहीं है और शायद बड़े दर्शक वर्ग को भी एक्शन पसंद है लेकिन ज्याद खून खराबा पसंद नहीं। मैंने एनिमल नहीं देखी, मगर वह लोगों को अच्छी लगी तो ही चली होगी। मुझे ब्लडी एक्शन पसंद नहीं, मगर मेरे लिए स्क्रिप्ट क्या है, वह मायने रखता है।

**साभार एजेंसी**

# हेलन, रेखा और माधुरी से मिली शिल्पा शेट्टी को खास प्रेरणा

**सोनी** एंटरटेनमेंट टेलीविजन का लोकप्रिय डांस रियलिटी शो सुपर डांसर करीब 4 साल बाद फिर से वापस आ गया है। इस बार शो में और भी ज्यादा जोश और उत्साह देखने को मिलेगा। इस सीजन में देशभर से चुने गए 12 टैलेंटेड बच्चे हिस्सा ले रहे हैं, जो स्टेज पर धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये कंटेस्टेंट न सिर्फ शो के जजों को बल्कि लाइव ऑडियंस को भी अपने डांस से इंप्रेस करेंगे। इस शो के दौरान जज और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की और कुछ इमोशनल बातें भी शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी और करियर में तीन खास महिलाओं ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है। शिल्पा शेट्टी ने कहा, मेरी जिंदगी में हमेशा तीन ऐसी महिलाएं रही हैं, जिन्होंने मुझे प्रेरित किया है। ये तीन महिलाएं हेलेन जी, रेखा जी और माधुरी दीक्षित जी हैं। हेलेन जी की खासियत यह थी कि वो चाहे कुछ भी पहनें या कोई भी डांस करें, वो कभी भी बुरा नहीं लगता था। रेखा जी की आंखों में इतना असर था कि वो सिर्फ अपनी नजरों से बहुत



कुछ कह देती थीं। उनका लिप-सिंक और एक्सप्रेशन कमाल के थे। उन्होंने आगे कहा, माधुरी दीक्षित जी के हर परफॉर्मेंस में एक अलग ही अंदाज होता है। मैंने डांस करना माधुरी दीक्षित के वीडियो को देखकर ही सीखा है। ये तीनों कलाकार हमेशा से मेरी एक बड़ी प्रेरणा रही हैं। अपनी मां के बारे में बात करते हुए शिल्पा भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि आज वो जिस मुकाम पर हैं, उसका सबसे बड़ा श्रेय उनकी मां को जाता है, क्योंकि उनकी मां ने हमेशा उनका बिना शर्त साथ दिया और हर मोड़ पर उनका हौसला बढ़ाया। शिल्पा ने कहा, मेरी मां ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, जितना कोई सोच भी नहीं सकता। जब मैं 17 साल की थी, तब बहुत मासूम थी और ज्यादा कुछ नहीं जानती थी।

उस वक्त मेरी मां मेरे साथ घूमती थीं, और करीब 10 साल तक उन्होंने इस तरह से मेरा पूरा साथ दिया। उन्होंने मुझे सबसे पहले रखा। वह मेरी मां ही नहीं, बल्कि मेरी मैनेजर, सलाहकार और सबसे बड़ी आलोचक भी थीं। मैं जो कुछ भी आज हूं, वो सब अपनी मां की वजह से हूं।

# दिव्या एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची



**जॉर्जिया (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में चल रहे एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। दिव्या इस टूर्नामेंट के इतिहास में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। यह जीत उनकी लगातार तीसरी ऐसी जीत है, जिसमें उन्होंने एक ग्रैंडमास्टर को मात दी। इस जीत के साथ ही दिव्या ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और 2026 एफआईडीई महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। वहीं, कोनेरू हम्पी का फैसला आज टाई-ब्रेकर मैच (रैपिड/ब्लिट्ज) से होगा। चीनी खिलाड़ी टिंगजी लेई के खिलाफ दोनों गेम ड्रॉ रहा।

**दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को हराया**

दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंग्यी को सेमीफाइनल मुकाबले में 1.5-0.5 के अंतर से हराया। 19 साल की दिव्या ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 101 चाल में मात दी। दूसरे गेम में उन्हें सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिला। उन्होंने बीच के खेल में लगातार दबाव बनाया और तान झोंग्यी को गलतियां करने पर मजबूर कर दिया।

व्हाइट (दिव्या) क्वीन की अदला-बदली के साथ जीत की स्थिति में थी, लेकिन क्वीन को बोर्ड पर रखने से भी उनकी स्थिति बहुत मजबूत थी।इसके बाद झोंग्यी ने वापसी की और बढ़त ले ली। समय की कमी में झोंग्यी ने गलत चाल चली, जिसके बाद दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ आगे हो गईं। आखिरी गेम में झोंग्यी के पास ड्रॉ के कई मौके थे, लेकिन वह इन्हें भुना नहीं सकीं।

**पहला गेम रहा था ड्रॉ**

पहले गेम में दिव्या ने काले मोहरों से खेला था। यह गेम ड्रॉ रहा था। दिव्या ने पहले गेम के शुरुआत में ही खेल को संतुलित करने की रणनीति अपनाई। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से खेल की शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने लगातार मोहरे बदलते हुए संतुलन बनाए रखा। झोंगयी भी इस स्थिति से संतुष्ट दिखीं, जहां ब्लैक को थोड़ी सक्रियता मिली थी।

**मैनचेस्टर टेस्ट-**

## भारत 5 विकेट पर 300 पार



मैनचेस्टर (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले का दूसरा दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है।

भारतीय टीम ने पहली पारी में 5 विकेट पर 302 रन बना लिए हैं। शार्दूल ठाकुर (35 रन) और वॉशिंगटन सुंदर (4 रन) क्रीज पर मौजूद हैं। रवींद्र जडेजा 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया।

भारतीय टीम ने 264/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। बुधवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत की ओर से साई सुदर्शन (61 रन) और ओपनर यशस्वी जायसवाल (58 रन) ने अर्धशतक बनाए। केएल राहुल ने 46 और ऋषभ पंत ने 37 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल 12 रन ही बना सके।

बीसीसीआई ने गुरुवार को ऋषभ पंत की चोट पर अपडेट दिया है। बोर्ड ने एक्स पोस्ट पर लिखा- मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन दाहिने पैर में चोट लगने के बाद ऋषभ पंत बचे मैच में विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगे। ध्रुव जुरेल विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे। चोट के बावजूद ऋषभ पंत दूसरे दिन टीम में शामिल हो गए हैं। वे टीम की जरूरत के अनुसार बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

95वें ओवर में भारतीय टीम ने 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। वॉशिंगटन सुंदर ने जोफ्रा आर्चर की पहली बॉल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया।

दोनों टीमें

भारत- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज।

**China Open Badminton:**

## चाइना ओपन में सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय को मिली हार



**चांग्झू, एजेंसी।** विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

**डीसी ओपन टेनिसः**

## फ्रिट्ज ने डीसी ओपन के तीसरे दौर में बनाई जगह

**वीनस विलियम्स युगल में बाहर**



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज़ अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ ने सीधे सेट में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी करने वाली वीनस विलियम्स को महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर वुकिक पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज़ अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हरा दिया। इस बीच वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार हैली बैप्टिस्ट का युगल में अभियान दूसरे दौर में चैंपियन टाईब्रेकर में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और झांग शुआई की जोड़ी से 6-4, 3-6, 10-6 से हार के साथ समाप्त हो गया।

**एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप**

## वेन्नाला कलागोटला और तन्वी शर्मा ने भारत को दिलाई शानदार शुरुआत

**सोलो (इंडोनेशिया), एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। महिला एकल वर्ग में वेन्नला कालागोटला और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारतीय अभियान को मजबूत बढ़त दिलाई। वेन्नला कालागोटला ने अलिसा कूलेशोवा को सिर्फ 15 मिनट में 21-6, 21-10 से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की औबर्टा जर्लिना को 21-18, 21-16 से हराकर गुरुवार को होने वाले राउंड ऑफ-32 में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने यूएई की वैदेही कालिदासन को आसानी से 21-6, 21-6 से हराया, जबकि तन्वी रेड्डी ने चिओक इयान उंग को 21-9, 21-10 से पराजित किया। पुरुष एकल में, प्रणव राम नागलिंगम ने म्यांमार के लाल जुइदिका को 21-15, 21-7 से हराया। अंश नेगी ने डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से शिकस्त दी। वहीं, हमर लालथाजुआला और रौनक चौहान ने सीधे गेमों में जीत हासिल की। युगल में, कलागोटला-रेशिका उथयासूरियन ने वियतनाम की गुयेन वु न्गोक ट्रान-फाम थी ट्रुक एन को 21-16, 21-14 से हराया, जबकि गायत्री-मनसा रावत ने एंड्रिया हर्नांडेज-मैरी उनताल को 21-17, 21-18 से शिकस्त दी। विष्णु कोडे-कीर्ति मंचला ने मिश्रित युगल में 22-20, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। इस बीच, रुजुला रामू और सी लालरामसांगा-तारिणी



सूरी जूनियर शटलरों के शीर्ष टूर्नामेंट से जल्दी ही बाहर हो गए। इससे पहले, भारत की जूनियर बैडमिंटन टीम ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। रिले स्कोरिंग सिस्टम के तहत एक करीबी मुकाबले में, भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई।

**सितंबर में खेला जाएगा 2025 एशिया कप**

## वेन्यू का हो गया खुलासा ! भारत-पाक मैच पर भी आया अपडेट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 को लेकर आखिरकार अच्छी खबर सामने आई है. अब तक संशय की स्थिति बनी हुई थी कि इस साल एशिया कप का आयोजन होगा भी या नहीं. अब मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार एशिया कप 2025 की मेजबानी दुबई, अबू धाबी करने वाला है. यह टूर्नामेंट 5 सितंबर-21 सितंबर तक खेला जाएगा. एशिया कप में भारतीय टीम के खेलने पर भी कुछ स्पष्ट नहीं था, लेकिन ताजा अपडेट अनुसार इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान समेत कुल 8 टीम भाग लेने वाली हैं.

अभी तक बीसीसीबाई, एसीसी और आईसीसी ने इस संबंध में कोई आधिकारिक स्टेटमेंट जारी नहीं किया है, लेकिन टाइम्स ऑफ इंडिया अनुसार भारतीय टीम भी इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली है. टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देशों के नाम भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, ओमान, यूएई और हॉन्ग कॉन्ग होंगे. एशिया कप का आयोजन आखिरी बार 2023 में ओडीआई फॉर्मेट में खेला गया था, जिसके फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदा था. अभी तक यह साफ नहीं है कि एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान मैच होगा या नहीं, क्योंकि अभी तक पूरा शेड्यूल जारी नहीं किया गया है. बता दें कि फिलहाल इंग्लैंड में खेली जा रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में भी भारत बनाम पाकिस्तान मैच होने वाला था, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस मुकाबले में खेलने से इनकार कर दिया था. ऐसे में आयोजकों को इंडिया चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस मैच को रद्द करना पड़ा था. पिछले संस्करण से उलट एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. यह पहली बार होगा जब किसी एशिया कप टूर्नामेंट में कुल 8 टीम भाग ले रही होंगी. इस बार एशिया कप में विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं खेलेंगे, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी टी20 फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं.

## वैभव को पछाड़ आयुष म्हात्रे ने रचा इतिहास, इंग्लैंड के खिलाफ 206 रन ठोक कर बनाए कई रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने इंग्लैंड के खिलाफ यूथ टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 206 रन जड़ डाले और एक नहीं बल्कि कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए हैं. उन्होंने न केवल छक्कों के मामले में वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ा, बल्कि भारतीय अंडर-19 टेस्ट इतिहास में बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं.

**वैभव से 2 छक्के ज्यादा लगाकर बनाया नया रिकॉर्ड** - जहां वैभव सूर्यवंशी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और छक्कों के लिए पहचाने जाते हैं, वहीं उनके ओपनिंग पार्टनर और कप्तान



आयुष म्हात्रे अब उनसे 2 छक्के ज्यादा लगाकर आगे निकल चुके हैं. इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दो यूथ टेस्ट मैचों की सीरीज में आयुष ने कुल 9 गगनचुंबी छक्के लगाए, जबकि वैभव ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 छक्के लगाए थे.

**सौरभ तिवारी का रिकॉर्ड भी टूटा** - इससे पहले 2007-08 में सौरभ तिवारी ने यूथ टेस्ट सीरीज में 8 छक्के लगाए थे. इस बार आयुष ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया और एक सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीय अंडर-19 खिलाड़ी बन गए हैं. इनमें से 6 छक्के उन्होंने एक ही पारी में लगाए, जो अपने आप में एक दमदार प्रदर्शन रहा.

**कप्तान ने ठोके 206 रन** - दूसरे यूथ टेस्ट में आयुष ने पहली पारी में 80 रन, और दूसरी पारी में 126 रन की शानदार पारी खेली. कुल मिलाकर उन्होंने मैच में 206 रन बनाए और बतौर कप्तान अंडर-19 टेस्ट में 200+ रन बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड तन्मय श्रीवास्तव ने हासिल किया था, जिन्होंने 2006 में एक यूथ टेस्ट में 199 रनों की शानदार पारी खेली थी.

**रेड बॉल में वैभव से भी आगे निकले आयुष** - वैभव सूर्यवंशी की ताकत जहां व्हाइट बॉल क्रिकेट में मानी जाती है, वहीं आयुष म्हात्रे ने साबित कर दिया कि रेड बॉल क्रिकेट के राजा वो हैं. इंग्लैंड के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी न सिर्फ दमदार रही, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत संकेत भी दे गई ।

## भारतीय क्रिकेटर आवेश खान की हुई सफल सर्जरी, LSG फ्रेंचाइजी ने उठाया पूरा खर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर आवेश खान की सफल सर्जरी हुई, जिसकी जानकारी लखनऊ सुपर जायंट्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी. वह इंडियन प्रीमियर लीग में इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हैं, जिसके कप्तान ऋषभ पंत हैं. सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के अनुसार आवेश की सर्जरी और रिहैब का पूरा खर्चा लखनऊ फ्रेंचाइजी ही उठाएगी. तेज गेंदबाज आवेश खान को आईपीएल 2025 से पहले भी घुटने में चोट लगी थी, हालांकि वह इससे रिकवर हो गए थे और बीसीसीआई ने उन्हें टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी थी. ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के कई खिलाड़ी आईपीएल 2025 में चोट से जूझ रहे थे.



- **आवेश खान की घुटने की सर्जरी हुई** - रिपोर्ट के अनुसार आवेश खान और मोहसिन खान की घुटने की सर्जरी मुंबई के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला द्वारा की गई. आवेश के दाएं पैर के घुटने की सर्जरी 17 जून को हुई. इसी रिपोर्ट में बताया गया कि आवेश खान, मोहसिन खान और मयंक यादव रणजी ट्रॉफी के पहले हाफ से बाहर हो सकते हैं, इन तीनों के टूर्नामेंट के सेकंड हाफ में खेलने की उम्मीद है. सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के अनुसार आवेश खान की सर्जरी का पूरा खर्चा लखनऊ सुपर जायंट्स ने उठाया. रिहैब का खर्चा भी टीम ही कर रही है. उम्मीद है कि वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं.

## इंग्लैंड और स्पेन में महिला यूरो कप 2025 की फाइनल जंग

**सिर्फ एक गोल से इतिहास रच गई ये खिलाड़ी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला यूरो कप 2025 के ब्लॉकबस्टर मैच का इंतजार अब खत्म हो गया है। खिताबी भिड़ंत के लिए दो टीमें तय हो चुकी है। यूरो कप फाइनल मुकाबला रविवार, 27 जुलाई को स्विट्जरलैंड के बासेल में होगा। स्पेन और इंग्लैंड दोनों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। ऐसे में अब इन दोनों की टक्कर खिताबी भिड़ंत के लिए होगी। सेमीफाइनल में स्पेन की टीम ने रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की। जर्मनी के खिलाफ टीम ने एक मात्र गोल अतिरिक्त समय में किया। स्पेन के लिए यह गोल ऐताना बोनमाटी ने किया जो टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में भर्ती थी। वहीं इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में इटली को 2-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। बता दें कि लायनेसेस के नाम से मशहूर इंग्लैंड की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी शानदार डिफेंस और खतरनाक आक्रमण से विरोधियों की हालत खराब करके रखी है। कप्तान लिया विलियमसन के नेतृत्व में अब टीम की कोशिश होगी कि वह लगातार दूसरे खिताब को अपने नाम करें। इंग्लैंड के लिए पूरे टूर्नामेंट में फॉरवर्ड बेथ मीड और एला टूने ने जीत के लिए अपना दम लगाया है। इसके अलावा गोलकीपर मैरी अर्प्स की चपलता से इंग्लैंड ने महत्वपूर्ण बचाव किए।



**पहली बार यूरो कप के फाइनल में पहुंची है स्पेन** - दूसरी ओर स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह बनाई है। स्पेन को ये जीत अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मिली है। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डीओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का अक्टूबर, 2025 तक पूरा होगा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि अक्टूबर, 2025 में इस एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो जाएगा। पूरे तरह बन जाने के बाद इसका उद्घानट होगा, फिर इसे लोगों के आने-जाने के लिए खोल दिया जाएगा। इस एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली से देहरादून जाने में लगने वाला समय 3-4 घंटे कम हो जाएगा।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेवे बन जाने के बाद दिल्ली से देहरादून जाने में लगने वाले समय में काफी कमी आएगी। फिलहाल दिल्ली से देहरादून जाने में 5-6 घंटे लगते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद इस यात्रा का समय 2-2.5 घंटे का हो जाएगा। इससे लोगों के समय की बचत होगी और आसानी से एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचा जा सकेगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसेवे की शुरुआत दिल्ली के अक्षरधाम से होगी। यहां से निकलने के बाद यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के बागपत, शामली, मुजफ्फरपुर और सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के इन शहरों तक दिल्ली से जाना भी आसान हो जाएगा। देहरादून पहुंचने के लिए लगने वाला समय भी कम हो जाएगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को लेकर उत्तराखंड से सांसद नरेश बंसल ने मंत्रालय से इसकी जानकारी मांगी थी। बंसल के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे का काम अक्टूबर, 2025 तक पूरा हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि इस एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान 17,913 पेड़ों को काटा गया है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग को



22 करोड़ रुपए की लागत से 157 हेक्टेयर खाली जमीन पर पेड़ों को लगाने का काम किया जा रहा है। गडकरी ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान एनएचएआई द्वारा 50,600 पेड़ों को लगाया भी गया है।

इस एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली से देहरादून जाने में ना सिर्फ समय कम लगेगा बल्कि दूसरे रास्तों पर लगने वाली भीड़ भी कम हो जाएगी। इससे पूर्वी दिल्ली की भीड़भाड़ को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी। नितिन गडकरी ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे को कम से कम 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए बनाया गया है।

बता दें कि इस एक्सप्रेसवे का काम मार्च, 2024 में ही पूरा हो जाना था, लेकिन इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में देरी हो गई है। इससे पहले जनवरी, 2025 में इस एक्सप्रेसवे को आंशिक रूप से चालू करने की योजना थी, लेकिन इसे स्थगित किया गया और तय किया गया कि इसे अब पूरा बन जाने के बाद ही खोला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बैठकर आतंकी तैयार कर रहा था फईक, पाक के इंस्टा हैंडल्स भी चलाता था



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत देश के बाहर ही नहीं देश के अंदर छिपकर बैठे दुश्मनों से भी जूझ रहा है। ये लोग और भी खतरनाक हैं, देश का मुखौटा लगाकर दुश्मन देश से मिल देश के खिलाफ ही काम करते हैं। गुजरात एटीएस ने कल ऐसे ही 4 दुश्मनों का पर्दाफाश किया है जिसमें एक तो भारत की राजधानी दिल्ली में ही छिपा बैठा था। वह पाकिस्तान के इंस्टा अकाउंट्स संभालता था। उसमें अपना सहयोग देता था। गुजरात एटीएस ने चौंकाने वाली बात बताते हुए कहा कि अलकायदा का यह आतंकी भारत को निशाना बनाने के लिए यह सब कर रहा था। गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़ा दिल्ली का मो. फईक भारत को निशाना बनाने के लिए गुज्जर साब डाट 111 और एम सलाउद्दीन सिद्दीकी 1360 जैसे पाकिस्तानी इंस्टाग्राम अकाउंट्स के साथ सहयोग करते पाया गया है। फईक दिल्ली के चांदनी चौक का रहने वाला है। एटीएस को उसके पास से काफी संदिग्ध जानकारी मिली है। मामले की जांच से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि आगे की जांच में 25 अतिरिक्त संवेदनशील इंस्टाग्राम अकाउंट्स और मामले से संबंधित 62 अकाउंट्स के डाटा की जानकारी मांगी गई है। इससे यह पता लगाया जाएगा कि इनका संचालन कहां से हो रहा था। एटीएस को आरोपियों के फोन और सोशल मीडिया से ऐसे कई वीडियो और संदेश मिले, जिनमें भारत में गजवा-ए-हिंद के नाम पर जिहाद छेड़ने की बात कही गई थी। मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों की मानें तो फईक के फोन से पता चला है कि वह सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल देश के खिलाफ झूठे और भड़काऊ बयान फैलाने, स्थानीय युवाओं को आतंकवादी संगठनों और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा था।

### ऊंची इमारतों के इस शहर में झील भी दिखेगी; नोएडा में कहां बन रहा है लेक पार्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऊंची इमारतों के इस शहर में अब झील भी नजर आएगी। इसकी शुरुआत सेक्टर-167 से होने जा रही है। यहां पर करीब 29 एकड़ में लेक पार्क बनाया जाएगा, जिसमें से 10 एकड़ में झील होगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि झील के किनारे हरियाली, लोगों के टहलने के लिए ट्रैक, खुली जिम, फूड स्ट्रीट समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस लेक पार्क में दो एलिवेटेड ट्रैक भी बनाए जाएंगे। इन ट्रैक से झील के बीच में पहुंचकर भी लोग सैर का लुफ्त उठा सकेंगे। यह सबसे बड़ा जलाशय वाला शहर का पहला पार्क होगा। परियोजना में निर्माण को 12 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत अनुमानित है। परियोजना का प्रारूप जो सलाहकार से प्राधिकरण ने तैयार करवाया है। उसका प्रस्तुतिकरण हो चुका है। एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि झील के आसपास पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि लेक पार्क में आने वाले पर्यटकों की सहूलियत के लिए पार्किंग भी बनाई जाएगी। यह पार्किंग पार्क परिसर के मुख्य प्रवेश स्थल के पास खुली हुई होगी।

### दिल्ली हाई कोर्ट को मिले 3 और जज, शपथ के साथ ही 43 पहुंच गई संख्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट में तीन नए जजों ने शपथ ली। इस तरह अब दिल्ली हाई कोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 43 पहुंच गई है। इससे पहेल 21 जुलाई को 6 जजों ने हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली थी। तब इन जजों की संख्या दिल्ली हाई कोर्ट में 34 से बढ़कर 40 हुई थी, अब तीन जजों के शपथ ग्रहण के साथ ही यह संख्या बढ़कर 43 पहुंच गई है। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ लेने वालों में शैल जैन, मधु जैन और विनोद कुमार शामिल हैं। इन सभी के शपथ लेने के बाद अब दिल्ली हाई कोर्ट में न्यायधीशों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है। सदस्यों के साथ दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य और कई अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# अपने बच्चे के साथ ससुराल में रह सकेगी... सात साल की कानूनी लड़ाई के बाद महिला को मिला इंसाफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सात वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद कड़कड़डूमा की महिला अदालत ने एक पीड़ित महिला को इंसाफ दिया है। अदालत ने घरेलू हिंसा से जुड़े मामले में पति की मौत के बाद बेघर कर दी गई महिला को ससुराल वाले वैवाहिक घर में नाबालिग बच्चे के साथ रहने का अधिकार दिया है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनिका की अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि महिला को उसके वैवाहिक घर से बिना कानूनी प्रक्रिया के निकाला नहीं जा सकता। यह आदेश याचिकाकर्ता महिला की ओर से दायर एक आवेदन पर सुनवाई के बाद पारित किया गया। महिला ने अपने ससुराल पक्ष द्वारा की गई क्रूरता और बेदखली की शिकायत की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनीष भदौरिया ने अदालत को बताया कि महिला की शादी 30 नवंबर 2011 को विनय कुमार (अब मृत) से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालवाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। 21 नवंबर 2015 को पति की मृत्यु के बाद ससुरालवालों की प्रताड़ना बढ़ गई और अगस्त 2018 में महिला को उसके नाबालिग बच्चे सहित घर से निकाल दिया गया। महिला ने अदालत से भरण-पोषण और साझा घर में रहने की राहत मांगी थी। हालांकि, महिला के ससुराल वालों ने सभी आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताया। उन्होंने यह भी कहा कि महिला स्वयं ही पति के जीवनकाल में कई बार घर छोड़ चुकी थी। अदालत ने कहा कि महिला ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत जो मूल याचिका दायर की है, उसमें भरण-पोषण की कोई मांग नहीं की गई थी। ऐसे में अदालत ने भरण-पोषण की मांग खारिज कर दी। हालांकि, अदालत ने माना कि शास्त्री पार्क एक्सटेंशन स्थित मकान महिला का वैवाहिक और साझा घर है। इसलिए अदालत ने आदेश दिया कि महिला और उसका नाबालिग बच्चा इस घर में रह सकते हैं।

## छांगुर बाबा केस में योगी सरकार का वर्दीवालों पर भी ऐक्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग का नेटवर्क चलाने वाले छांगुर बाबा के गुर्गे बदर अख्तर सिद्दीकी को बचाने के आरोप में गाजियाबाद स्वाट टीम प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी पर गाज गिरी है। इस मामले में योगी सरकार ने संज्ञान लेकर ऐक्शन का आदेश दिया था। इसके बाद मेरठ पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर बुधवार रात इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को सस्पेंड कर दिया गया। इस मामले में फिलहाल जांच शुरू की गई है। माना जा रहा है कि कार्रवाई का दायरा बढ़ सकता है और आंच नोएडा पुलिस तक भी पहुंच सकती है।अख्तर सिद्दीकी पर पांडवनगर निवासी आशा नेगी के अपहरण और धर्मांतरण का आरोप लगा था। आशा नेगी वर्ष 2018 में लापता हो गई थी और इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की थी। आशा नेगी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए बड़े भाई अनिल नेगी और आशा की मां कई महीने तक सिविल लाइन थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। अब छांगुर बाबा के खिलाफ एटीएस के एक्शन और दनादन गिरफ्तारी के बाद बदर अख्तर सिद्दीकी का नाम भी सामने आया। आशा नेगी के परिजन भी सामने आए और अभी तक इंसाफ नहीं मिलने की बात कही। आरोप लगाया कि तत्कालीन इंस्पेक्टर सिविल लाइन मेरठ अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने उस समय मुकदमा दर्ज नहीं किया और नोएडा का घटनास्थल बताकर टरका दिया था। इसके बाद नोएडा में भी सुनवाई नहीं हुई। चूंकि पूरे मामले में एटीएस और ईडी कार्रवाई में लगी है, इसलिए शासन सीधे मामले में नजर रखे है। इंस्पेक्टर की भूमिका सामने आने के बाद कार्रवाई के लिए आदेश दिया गया था। इसके बाद मेरठ पुलिस की ओर से एक रिपोर्ट बनाकर गाजियाबाद पुलिस को भेजी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर गाजियाबाद स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को बुधवार सस्पेंड कर दिया गया।

# दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज! दूसरे राज्यों तक चलेंगी डीटीसी बसें, 100 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद जल्द



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डीटीसी ने अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके लिए जल्द ही बस खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दिल्ली के पड़ोसी राज्यों के प्रमुख शहरों तक चलाने के लिए डीटीसी की ओर से 200 बसें खरीदी जाएंगी, लेकिन पहले चरण में डीटीसी की ओर से 100 बसों की खरीद की जाएगी।

डीटीसी बोर्ड से सैद्धांतिक रूप से बसों की खरीद को मंजूरी मिलने के बाद अब जल्द ही बोर्ड बैठक में बसों के मॉडल पर चर्चा कर उसे स्वीकृति दी जाएगी। डीटीसी की बोर्ड बैठक में बीते दिनों इस प्रस्ताव को लाया गया था। डीटीसी अंतरराज्यीय बस सेवा के बेड़े में दो श्रेणी की बसों को शामिल करेगा। इनमें 100 बसें सीएनजी संचालित और 100 अन्य इलेक्ट्रिक बसें होंगी। डीटीसी के मुताबिक लंबी दूरी के रूटों पर सीएनजी बसों को और कम दूरी वाले रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों को संचालित करने की योजना है।

डीटीसी बोर्ड बैठक में बसों की खरीद प्रक्रिया को शुरू करने और पहले चरण में 100 इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने के प्रस्ताव पर सहमति की मुहर लग चुकी है। बीती बोर्ड बैठक में स्टैंडर्ड फ्लोर वाली एसी ई-बसों (टाइप-3) की खरीद का प्रस्ताव लाया गया था। बैठक में चर्चा हुई कि बाजार में इलेक्ट्रिक बसों के आधुनिक मॉडल भी आ चुके हैं, ऐसे में अब बसों के मॉडल को लेकर आगामी बोर्ड बैठक में चर्चा होगी। आधुनिक मॉडल की बसों की खरीद को बोर्ड से सहमति मिलने के बाद प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। डीटीसी के अधिकारी ने बताया कि अंतरराज्यीय बस सेवा के लिए रूटों का सर्वेक्षण भी अंतिम चरण में हैं। रूटों की सूची जल्द ही तैयार हो जाएगी। यह लिस्ट भी आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। इस पर बोर्ड की स्वीकृति मिलने के बाद ही रूटों की सूची जारी की जाएगी। उनका कहना है कि पड़ोसी राज्यों के शहरों तक डीटीसी बसों को चलाने के लिए काम किया जा रहा है। बसों की खरीद के लिए डीटीसी को फंड की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। डीटीसी के पास इस काम के लिए करीब 320 करोड़ रुपये उपलब्ध है। दिल्ली सरकार के वित्त विभाग से परिवहन विभाग के माध्यम से वर्ष 199.5 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी निधि के उपयोग के लिए पूर्व सहमति प्राप्त की गई थी। यह रकम अब ब्याज समेत बढ़कर 320.3 करोड़ रुपये हो चुकी है।

# भुखमरी की चपेट में गाजा, 24 घंटे में 15 मरे; इजरायल बोला- इसके लिए हम नहीं हमास जिम्मेदार

**यरुशलम , एजेंसी।** गाजा सिटी के अस्पताल में बुधवार को छह सप्ताह के यूसेफ की जान चली गई। डॉक्टर तमाम प्रयास कर उसे थोड़ा सा लिक्विड दे पाए लेकिन उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। डॉक्टरों ने उसकी मौत का कारण भूख को बताया है। यूसेफ गाजा में 24 घंटों में भूख से मरने वाले 15 अभागे लोगों में शामिल था।

बीते दो महीनों में फलस्तीनी क्षेत्र में तमाम बच्चे और बुजुर्ग भूख और कुपोषण से दम तोड़ चुके हैं। दवाओं के अभाव में मरे लोगों की संख्या जोड़ दी जाए तो मौत का आंकड़ा और बड़ा हो जाता है।

विडंबना की स्थिति यह है कि भूखे लोग जब खाना-पानी लेने के लिए स्वयंसेवी संगठनों के वितरण केंद्रों पर जाते हैं तो इजरायली सैनिक उन पर गोलियां बरसा देते हैं। ऐसी घटनाओं में बीते सात सप्ताह में एक हजार से ज्यादा



लोग मारे जा चुके हैं। यूसेफ के चाचा ने बताया कि गाजा में दूध दुर्लभ है, अगर कहीं मिल भी जाए तो कुछ लिटर की कीमत 100 डॉलर तक हो सकती है। गाजा, पश्चिम एशिया और विश्व के विभिन्न हिस्सों में कार्य करने वाले 111 राहत और मानवाधिकार संगठनों ने गाजा में निकट भविष्य में दसियों हजार लोगों की भुखमरी का अंदेशा जताया है।

आगे कहा कि गाजा के हालात नारकीय हैं, वहां पर खाद्य सामग्री, पेयजल और अन्य सामग्री की आपूर्ति पर लगी रोक न हटाई गई तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी। इन संगठनों ने विश्व समुदाय से इजरायल पर दबाव डालकर मानवीय सहायता की अविलंब आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। संयुक्त राष्ट्र पहले ही गाजा की स्थितियों पर चिंता जता चुका है और इजरायली सेना की भूमिका की निंदा कर चुका है। कहा है कि जिस प्रकार से संयुक्त राष्ट्र के राहत सामग्री केंद्रों पर हमले हो रहे हैं उससे गाजा में लोगों की जीने की आखिरी उम्मीद भी टूट रही है।

जबकि संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने गाजा की स्थिति के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। कहा है कि इस मामले में इजरायल को बेवजह बदनाम किया जा रहा है। गाजा में इजरायली सेना के ताजा हमलों में 21 लोग मारे गए हैं। मारे गए लोगों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। इन्हें मिलाकर गाजा में अक्टूबर 2023 से अभी तक इजरायली हमलों में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 59 हजार को पार कर गई है। जबकि पिछले सप्ताह गाजा में पांचवीं सदी में बने कैथोलिक चर्च पर हमले के लिए इजरायली सेना ने गलती मानी है।

# कोलंबिया विश्वविद्यालय की ट्रंप प्रशासन से डील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कोलंबिया विश्वविद्यालय ने बुधवार को बताया कि उनकी ट्रंप प्रशासन के साथ एक समझौते पर सहमति बन गई है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय प्रशासन संघीय सरकार को 22 करोड़ डॉलर से ज्यादा का भुगतान करेगा और इसके बदले में संघीय सरकार, विश्वविद्यालय की संघीय रिसर्च फंडिंग को बहाल करेगी। ट्रंप सरकार ने बीते साल विश्वविद्यालय परिसर में बड़े पैमाने पर हुए यहूदी विरोधी विरोध प्रदर्शनों से नाराज होकर संघीय फंडिंग रोकने का एलान किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि समझौते के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी प्रशासन तीन साल में सरकार को 20 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगी। व्हाइट हाउस ने बताया कि साथ ही दो करोड़ डॉलर से ज्यादा की राशि विश्वविद्यालय परिसर के भीतर यहूदी कर्मचारियों के नागरिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए दिए जाएंगे। इस्राइल पर 7 अक्तूबर 2023 को हुए हमले के बाद इस्राइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ गया, जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इस्राइल के गाजा पर हमलों के खिलाफ अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में इस्राइल और यहूदी विरोधी प्रदर्शन हुए। ट्रंप प्रशासन द्वारा फंडिंग रोकने के बाद विश्वविद्यालय को सरकार से मिलने वाले अरबों डॉलर पर अनिश्चितता के बादल मंडरा गए थे। इस साल की शुरुआत में विश्वविद्यालय को मिलने वाले 40 करोड़ डॉलर पहले ही रोके जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय परिसर में यहूदी विरोध को रोकने में असफल रहा। ट्रंप सरकार ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साथ हुए समझौते पर खुशी जताई।

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को दी राहत, उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग से तीन सदस्यों को हटाने की दी मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत देते हुए उनके एक फैसले को मंजूरी दे दी है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ने उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग के तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों को आयोग से हटा दिया था। हालांकि एक संघीय जज ने ट्रंप के फैसले को गलत बताते हुए उनके आदेश पर रोक लगा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के पक्ष में फैसला दिया है और तीन सदस्यों को हटाने की मंजूरी दे दी।

न्याय विभाग ने दायर की थी अपील

न्याय विभाग ने संघीय जज के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। न्याय विभाग ने दावा किया कि आयोग, राष्ट्रपति ट्रंप के नियंत्रण में है और राष्ट्रपति बिना किसी कारण के आयोग के सदस्यों को हटा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार के तर्क को माना और ट्रंप प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया। उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग, उपभोक्ताओं को खतरनाक उत्पादों से बचाने और गलत उत्पादों को बाजार से वापस मंगाने, गलत प्रैक्टिस करने वाली कंपनियों के खिलाफ मुकदमा दायर करने जैसे कई काम करता है। इस आयोग में पांच सदस्य होते हैं। इनमें से तीन को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने नामित किया था। आयोग के सदस्यों का कार्यकाल सात साल का होता है। ट्रंप ने जब आयोग से तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों को हटाया तो बाल्टीमोर के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज मैथ्यू मैडॉक्स ने जून में ट्रंप के फैसले पर रोक लगा दी और फैसले को गैरकानूनी करार दिया।

# समंदर में किनारे नहीं लगने दिया इजरायली जहाज, 1600 यात्री थे सवार

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल के खिलाफ दुनिया भर में फिलिस्तीन समर्थक ऐक्टिव हैं। पिछले दिनों अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों से लेकर सड़कों तक पर इजरायल के लोगों का विरोध हुआ था। यही नहीं इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की वॉशिंगटन में गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब ग्रीस में इजरायल के एक जहाज को समंदर के किनारे पर रुकने नहीं दिया गया। इसके चलते जहाज को मजबूरन वापस लौटना पड़ा। जहाज में 1600 यात्री सवार थे। ये प्रदर्शनकारी नारेबाजी कर रहे थे और नो-एंट्री टू इजरायल चिल्ला रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन के चलते जहाज को वापस लौटना पड़ा और फिर साइप्रस के रास्ते



आया।

क्राउन इरिस नाम का क्रूज शिप 6 घंटे की यात्रा करके पहुंचा था, लेकिन उसे रुकने ही नहीं दिया गया। जहाज को ग्रीस के सायरोस में रुकना था और कुछ यात्रियों को उतरना था। फिर विरोध ऐसा हुआ कि जहाज को वापस ले जाया गया और वह साइप्रस के रास्ते अपनी मंजिल पर पहुंचा। इस जहाज को लिमासोल जाना था, जो साइप्रस का ही दूसरा सबसे बड़ा शहर है। चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक जिस जहाज को रुकने ही नहीं दिया गया, उसमें करीब 400 बच्चे भी सवार थे। जहाज में सवार लोगों और क्रू मेंबर का कहना था कि बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी बैठे थे।

ऐसे में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने से उनकी जान को खतरा हो सकता था। उन्हें बचाने के लिए ही जहाज को वहां से आगे बढ़ा लिया गया। जहाज में सवार लोगों को सुरक्षा के नजरिए से अंदर ही बने रहने को कहा गया। उनसे खिड़कियां और दरवाजे बंद करने को कहा गया। इजरायली यात्री ने बताया कि हमने विरोध प्रदर्शन को देखते हुए इजरायल के झंडे लहराए और गाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हम लोग तो जहाज के अंदर सुरक्षित महसूस कर रहे थे, लेकिन उसमें सवार बच्चे थोड़ा डरे हुए थे। यह प्रदर्शन ग्रीस में मौजूद फिलिस्तीन समर्थकों की ओर से आयोजित किया गया था।

यही नहीं ऐसे ही एक विरोध का सामना इजरायल की साइकिलिंग टीम को फ्रांस में करना पड़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और टीम को घेर लिया। इन लोगों का कहना था कि फ्रांस की सरकार को इजरायल के लोगों को अपने देश में एंट्री नहीं देनी चाहिए।

# योजनाओं का भौतिक रूप से क्रियान्वयन कर खर्च करें निर्धारित राशि: डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई 2.0) एवं झारखंड जल छाजन योजना (जेजेवाई) अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यरत एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीडीसी ने योजनाओं के भौतिक क्रियान्वयन के माध्यम से राशि व्यय को प्राथमिकता देने को कहा।

**15 दिनों में निर्धारित राशि खर्च करने का दिया लक्ष्य**

बैठक में डीडीसी ने पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत नावाडीह प्रखंड में संचालित योजनाओं में राशि निर्धारित की गई है, जिसे अगले 15 दिनों के भीतर योजनओं के भौतिक क्रियान्वयन कर खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं की समयबद्ध जियो टैगिंग (63 योजनाएं) कराने और भू-स्तरीय प्रगति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कार्यरत एजेंसी जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती पी. भार्गवी को कहा। उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर किसानों के बीच बीज वितरण का कार्य लक्ष्यानुरूप पूर्ण करें। बीज वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, इसकी मॉनिटरिंग करने को कहा।

**जल जीवन मिशन में वीडियो संवाद एवं निरीक्षण होंगे**

बैठक क्रम में जेजेवाई (झारखंड जल छाजन योजना) के तहत संचालित योजनाओं में संबंधित कार्यरत एजेंसी समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट को एक सप्ताह में 03 करोड़ की योजना से संबंधित कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने बैठक में स्पष्ट किया कि हर 15 दिनों में वीडियो संवाद के माध्यम से पीएमकेएसवाई 2.0 एवं जेजेवाई योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और माह में एक बार स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक प्रगति का जायजा लिया जाएगा। बैठक में दोनों योजनाओं की कार्यरत एजेंसी के समन्वय जिला मत्स्य पदाधिकारी, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि, नोडल पदाधिकारी श्री पंकज दूबे समेत अन्य उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने की जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक श्री अनिल डुंगडुंग, सभी जिला प्रबंधक एवं सभी प्रखंडों से ब्लॉक परियोजना प्रबंधक आदि उपस्थित रहे। बैठक में जेएसएलपीएस से जुड़े विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिन पर विस्तार से चर्चा एवं मूल्यांकन किया गया। डीडीसी ने प्रत्येक बिंदु पर परिणाम आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं समुदाय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

**समूह गठन और मुद्रा लोन में तेजी लाने पर जोर**

बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन की प्रगति की समीक्षा की गई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि समूह गठन की प्रक्रिया में गति लाई जाए ताकि अधिकाधिक महिलाएं आजीविका से जुड़ सकें। साथ ही मुद्रा लोन के स्वीकृति एवं वितरण में पारदर्शिता और लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया।

**बीसी सखी, आर एफ - सीआइएफ और बीमा क्लेम की हुई समीक्षा**

बीसी सखी योजना, रिवॉल्विंग फंड (आरएफ) और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (सीआइएफ) से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। साथ ही व्यक्तिगत बीमा एवं क्लेम सेटलमेंट, डेथ सर्वे आदि मामलों में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

**फूलो झानो आशीर्वाद योजना और लखपति दीदी मॉडल को सशक्त बनाएं**

डीडीसी ने फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत चयनित महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने को कहा। लखपति दीदी मॉडल की सफलता के लिए संगठित प्रयास एवं सघन मॉनिटरिंग की बात कहीं। डीडीयूजीकेवाई, आरएसईटीआइ और कृषि आधारित योजनाओं पर की चर्चा

बैठक में डीडीयूजीकेवाई (दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना) और आरएसईटीआइ (रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता और रोजगार से जुड़ाव की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त फॉर्मर रजिस्ट्रेशन एवं दीदी बाड़ी योजना को भी ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीडीसी ने कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं और परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। अतः इन योजनाओं का सतत मूल्यांकन एवं क्रियान्वयन की नियमित निगरानी जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नो एंट्री के बावजूद भारी वाहनों का आना जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम क्षेत्र में सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की एंट्री बंद है। बावजूद इसके ट्रैफिक विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को घंटों सड़क पर खड़ा रहना पड़ रहा है। ट्रैफिक विभाग के कारण स्कूली बसें भी जाम में खड़ी रहती हैं। ऐसा ही नजारा आज चास के धर्मशाला मोड में देखने को मिला।जहां नो एंट्री रहने के बाद भी आईटीआई मोड़ से एक कंटेनर धर्मशाला मोड पहुंच गया। वाहन चालक ने उसे वापस मोड़ कर आईटीआई मोड की तरफ ले जाना चाहा। जिस कारण गाड़ी फस गई और फोरलेन सड़क घंटों जाम रही। जिस कारण गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। स्कूल से घर आ रहे बच्चे भी घंटे खड़े रहे। लेकिन ट्रैफिक विभाग का कोई सिपाही कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने इस ट्रैफिक विभाग की लापरवाही बताया है और इस तरह के बड़े बहनों को नो एंट्री में शहर में प्रवेश से पूरी तरह से रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बड़े गाड़ियों के सड़क में प्रवेश करने से बिजली टेलीफोन सहित अन्य सुविधाएं भी बाधित हो जा रही हैं और लोग परेशान हो रहे हैं वह अलग है।



### रोटरी ने दो कक्षाओं में लगवाएं व्हाइट बोर्ड

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सर्वांगीण विकास हेतु गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन चास-2 की दो कक्षाओं में व्हाइट बोर्ड लगाए गए। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि अब शिक्षक व्हाइट बोर्ड की सहायता से अपने विचारों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से एवं साफ सुथरे तरीके से बच्चों को समझ सकेंगे। डिंपल ने यह भी कहा की व्हाइट बोर्ड के उपयोग से समय की बचत होगी। पूर्व सचिव डॉ परिंदा सिंह ने कहा कि वास्तव में व्हाइट बोर्ड शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली, साफ सुथरा और स्वास्थ्य के अनुकूल बनाता है। डॉ परिंदा ने कहा कि अब स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं कम होगी। डॉ परिंदा ने कहा कि आज के स्कूलों में यह एक आवश्यक शिक्षण उपकरण बन गया है। इस अवसर पर संजय बैद,संजय रस्तोगी, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा,विजय अग्रवाल, कुमार अमरदीप, विनोद चोपड़ा, हरबंस सिंह, आनंद अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, मंजीत सिंह, ज्योति अग्रवाल, मनप्रीत कौर, कविता मल्लिक, शैल रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

### ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच 200 रेनकोट का वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल व धनबाद राउंड टेबल 342 के सौजन्य से पुलिस केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल व धनबाद राउंड टेबल 342 के सौजन्य से ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच 200 रेनकोट का वितरण भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि विषम परिस्थितियों के बीच भी ट्रैफिक के जवान अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं ऐसे में उनकी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निरंतर प्रयास जारी है।उन्होंने धनबाद में हो रहे सडक हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस हादसों को रोकने के लिए निरंतर हर संभव प्रयास कर रही है। जरूरी है कि इस अभियान में धनबाद की जनता भी अपना योगदान देते हुए अपनी जिम्मेवारी को समझे व ट्रैफिक नियमों का पालन करे ताकि किसी भी हादसे की आशंका को टाला जा सके। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार के साथ ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह, परिचारी प्रवर अवधेश कुमार, रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के अध्यक्ष विनीत तुलसियान, धनबाद राउंड टेबल 342 के चेयरमैन सूरज सरिया समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।




# डीएवी सेक्टर-4 में डीएवी स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर-6 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर 4 में चल रहे दो दिवसीय एथलेटिक्स ट्रैक और फील्ड इवेंट्स का आज समापन हो गया। समापन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि एसपी हरविंदर सिंह उपस्थित रहे। उस अवसर पर एसपी ने कहा कि खेलकूद आपके ऊर्जा,जोश, क्षमता और कौशल को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। खेल हरेक के लिए जरूरी है, क्योंकि जो जीवन मूल्य किताबें द्वारा आत्मसात करना संभव नहीं वह खेलकूद के माध्यम से हम में समाहित होता है। टीम स्पिरिट,अपने लक्ष्य के लिए एकाग्रता, समन्वयता, आपसी तारतम्यता, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना आदी। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक होना चाहिए साथ ही ट्रैफिक के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। साइबर क्राइम पर प्रकाश डालते उन्होंने कहा कि बच्चे ही अपने पेरेंट्स को इसका शिकार होने से बचा सकते हैं। उन्होंने वादा किया कि वो पुनः इन विषयों पर विद्यालय के बच्चों से विस्तार से चर्चा- परिचर्चा करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा द्वारा उपस्थित अतिथि वृंद को पुष्पगुच्छ प्रदान कर-के हुई। खेलों के इस महा आयोजन में डीएवी विद्यालयों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सभी विद्यालय सतत प्रयत्नशील है कि अनेकानेक खेलों में अत्याधिक बच्चे हिस्सा ले सकें। प्रत्येक साल की भाँति इस बार भी बच्चे नेशनल में अपनी जगह बना सके। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, गणमान्यजनों एवं विभिन्न डीएवी स्कूल के प्राचार्यो, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, थानाध्यक्ष सेक्टर-4 संजय कुमार, बीएस जायसवाल वाइस प्रेसिडेंट एलएमसी एवं ब्रह्मदेव एलएमसी मेंबर का धन्यवाद किया। इस खास मौके पर विशिष्ट अतिथि ए के सिंह जीएम ,एल एंड आर ,टाउन एंड एडमिनिस्ट्रेशन अपने उद्बोधन में कहा कि स्पोर्ट्स हमें फिट और फाइन ही नहीं रखता बल्कि जीवन में आए चुनौतियों से लड़ने की क्षमता देता है। सफलता के लिए शारीरिक सौष्ठता का होना भी परम आवश्यक है ।

# आरटीई के तहत नामांकन के लिए चयनित छात्रों की सूची जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जिले के कुल 47 निजी विद्यालयों के आरक्षित सीटों पर बीपीएल परिवारों के छात्र झ्र छात्राओं का नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा प्रथम चरण में कुल 588 चयनित छात्रों की सूची (प्रिफरेंस प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय विद्यालयों के लिए) जारी कर दी गई है। आगामी 31 जुलाई तक चयनित छात्र अपने संबंधित विद्यालयों में नामांकन करवा सकते हैं। चयनित छात्रों से संबंधित जानकारी संबंधित विद्यालयों को वेब पोर्टल पर उन्हें दिए यूजर आइडी पर उपलब्ध है। जिन छात्रों ने आरटीई के तहत नामांकन के लिए आवेदन किया था वह आरटीई बोकारो एवं एनआइसी बोकारो पर प्रकाशित सूची को देख सकते हैं। चयनित छात्रों के अभिभावकों के मोबाइल पर भी इस बाबत संदेश (एसएमएस) जाएगा। जानकारी हो कि, जिला प्रशासन ने आरटीई के तहत छात्रों के नामांकन में पारदर्शिता बरतने के लिए इस बार भी आरटीई बोकारो वेब पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन प्राप्त से लेकर चयन की प्रक्रिया को किया गया है। प्रशासन ने कुछ वर्गों के छात्र झ्र छात्राओं (दिव्यांग,अनाथ बच्चों आदि) के लिए प्राथमिकता तय की थी। ऑनलाइन माध्यम होने के कारण इस बार कुल 1506 आवेदन प्राप्त हुए थे। स्क्रुटनी के समय अपूर्ण दस्तावेज व अन्य कारणों से कुल 631 आवेदन रद किए गए। शेष 875 आवेदनों में से प्रथम चरण में 588 छात्र झ्र छात्राओं के नामंकन के लिए विभिन्न विद्यालयों को आवंटित किया गया है। जबकि, 287 छात्रों की प्रतिक्षा सूची तैयार की गई है। इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) अतुल कुमार चौबे ने दी।

# डॉ. एस. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन एवं गुरू गोविन्द सिंह सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस के बीच एमओयू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. एस. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन, चिकसिया, चास, महाविद्यालय के प्रांगण में ह्न मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग ह्न हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम पक्ष डा. एस. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन तथा द्वितीय पक्ष गुरू गोविन्द सिंह सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस के साथ ( मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग ) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। डॉ. एस. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन के प्राचार्य डॉ. शक्ति प्रकाश सिंह ने कहा कि मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के कार्यक्रम से छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी। इससे बहू- विषयक ज्ञान की प्राप्ति होगी। गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस के निर्देशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने कहा, आज दोनों ही महाविद्यालय एक नए रिश्ते में जुडने जा रहे हैं इस रिश्ते की शुरूआत आज से ही हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस एम. ओ. यू के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षण, तकनीकी शिक्षण, मौलिक शिक्षण से संबंधित विषयों का दोनों ही महाविद्यालयों के छात्रों में आदान-प्रदान हो सकेगा। इससे दोनों ही महाविद्यालय के छात्र लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव राजकुमार तथा प्रबंधन समिति के सदस्य प्रकाश कोठारी भी उपस्थित थे।




# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वर्गीय डॉक्टर पदमा की प्रथम पुण्य स्मृति में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन चास स्थिति आकाश अस्पताल में किया गया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार एवं सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद तथा राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ एस पी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उक्त शिविर में लगभग 400 मरीजों का ईलाज किया गया एवं 15 लोगों ने रक्त दान भी किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में कहा कि दवा लेकर डॉक्टर के बताए अनुसार ही समय से लेना चाहिए तभी स्वास्थ्य शिविर का उचित लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के जय प्रकाश सिंह अपना चालीसवां रक्त दान किया, जिसके लिए उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने इन्हें मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस शिविर में डॉ पूजा, डॉ दिनेश, डॉ निशांत कुमार, डॉ आकाश कांत, डॉ करण कुमार, डॉ इमरान, डॉ एस पी वर्मा इत्यादि ने स्वास्थ्य जांच कर मुफ़्त में दवा वितरण किया। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक मोहल्ले में होना चाहिए, इसके लिए इन्होंने आकाश अस्पताल के निदेशक डॉ निशांत को बधाई देते हुए कहा कि आप इसे ग्रामीण स्तर तक करें मैं पूरी तरह से मदद करूंगा। वहीं, राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ एस पी वर्मा ने बताया कि कुछ लोग बिमारी को छोटा समझ कर समय पर ईलाज नहीं कराते यही बाद में खतरनाक होता है।

# मोहल्ला बैठक में परिवार परामर्श केंद्र के क्रियाकलापों पर हुई चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला शिशु जन विकास समिति इस्पात नगर बोकारो के परिवार परामर्श केंद्र द्वारा वार्ड 17, चास में मोहल्ला बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संस्था की सचिव आरती जायसवाल ने की। बैठक में परिवार परामर्श केंद्र की कामकाज और कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि केंद्र में दर्ज मामलों, जैसे पति-पत्नी विवाद, शराब से संबंधित पारिवारिक कलह, दूसरी शादी, बेटा-बहू विवाद,दहेज, सास-ससुर विवाद और पड़ोसी विवाद, पर चर्चा हुई।

# पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलीपुत्र हॉस्पिटल जोड़ा फाटक रोड में वरिष्ठ हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल ड्रोलिया एवं उनकी टीम द्वारा 61 वर्षीय ज्योति सिन्हा जो धनबाद विधायक राज सिन्हा की भाभी हैं के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। मरीज पिछले 3 वर्षों से घुटनों के असहनीय दर्द से पीड़ित थीं और अब ऑपरेशन के बाद आराम से चल रही है। इसी संदर्भ में गुरुवार को अस्पताल में प्रेस वार्ता आयोजित कर डॉ. निखिल ड्रोलिया ने बताया यह केस चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा। हमें गर्व है कि हमने अब तक 100 से अधिक सफल घुटना प्रत्यारोपण धनबाद में किए हैं। यह दिखाता है कि छोटे शहरों में भी अब विश्वस्तरीय ऑर्थोपेडिक सेवाएं उपलब्ध हैं।पाटलीपुत्र हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. निर्मल



ड्रोलिया ने कहा यह हमारे हॉस्पिटल और धनबाद जैसे शहर के लिए गर्व की बात है कि घुटना प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी अब यहीं संभव है। अब मरीजों को इलाज के लिए रांची, कोलकाता, दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारे पास अनुभवी विशेषज्ञ, आधुनिक टेक्नोलॉजी और समर्पित मेडिकल टीम है।इस दौरान अस्पताल के सेवा भावना से प्रेरित हो कर रोटरी क्लब ऑफ धनबाद साउथ की ओर से दो व्हील चेयर दान किया गया। इस अवसर पर डॉ. निर्मल ड्रोलिया, डॉ सतीश चंद्र, डॉ. मुक्ति किशोर, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. विनोद प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार झा, जय प्रकाश अग्रवाल, भूपेंद्र शाह, संजय सरावगी आदि उपस्थित थे।

# सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्थापना दिवस पर आशालता स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रमुख तकनीकी सलाहकार संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बोकारो यूनिट के द्वारा अपने स्थापना दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के रांची स्थित मुख्यालय के अधिशासी निदेशक श्री एस के वर्मा के दिशानिर्देश तथा बोकारो कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में बच्चों के बीच उपहार वितरण किया गया. कार्यक्रम में आशालता स्कूल के बच्चों के द्वारा .मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी. मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहाकि हमें यह अवसर प्रदान करने के लिए हम आशालता के पूरी टीम के साथ निदेशक श्री भवानी शंकर जायसवाल का आभार प्रकट करते हैं.






**रिफ्रैक्टरी विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन**

भारी बारिश के मौसम में होने वाले सड़क दुर्घटनाओ के संभावना के मद्धेनजर रिफ्रैक्टरी विभाग के तत्वावधान में एक संगठित एवं सुव्यवस्थित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस अभियान का नेतृत्व श्री नागराजन श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देशों जैसे कि सुरक्षित वाहन चालन, नियंत्रित गति बनाए रखना, दो पहिया वाहनों पर क्रैश हेलमेट का अनिवार्य उपयोग तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट धारण करना जैसे निर्देश को प्लेकार्ड्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. इसके अतिरिक्त, साइकिल चालकों को अपने साइकिल पर लगाने के लिए परावर्तक टेप वितरित किए गए तथा उन्हें यह निर्देश भी प्रदान किए गए कि साइकिल चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा दोनों हाथों से हैंडल को पकड़ना आवश्यक है, जिससे साइकिल नियंत्रण में रहे और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो. इस अवसर पर मुकेश मिश्रा, महाप्रबंधक (आरईडी), संदीप लाल, महाप्रबंधक (आरईडी), राहुल गुप्ता, महाप्रबंधक (आरईडी), श्री सुशील कोहडे, महाप्रबंधक (आरपीसी), आनंद, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), इंद्रनील, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), फजल, सहायक महाप्रबंधक (आरपीसी) एवं सुरक्षा विभाग से अमित बडोले उपस्थित थे. इस प्रकार के प्रयास न केवल कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता उत्पन्न करते हैं, अपितु संयंत्र के बाहर भी एक उत्तरदायी नागरिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं. रिफ्रैक्टरी विभाग का यह प्रशंसनीय प्रयास निःसंदेह अनुकरणीय है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com